सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 268, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 224 अंकों की उछाल

धातु शेयरों में खरीदारी और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच सेंसेक्स 224 अंक चढ़कर 81,207.17 अंक पर बंद हुआ।

} 14

## आजादी के बाद खादी को भूली कांग्रेस : शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने खादी कारीगर महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस आजादी के बाद खादी को भूल गयी है।

} 16



# नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि : राजनाथ

## केन्द्र सरकार का सैन्य और आर्थिक शक्ति बढ़ाने पर जोर

एजेंसी



हैदराबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट हवाई हमले और हाल में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के जरिए यह दिखा दिया है कि देश अपने नागरिकों की रक्षा और भारत की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर किसी भी सीमा को पार कर सकता है।

सिंह ने जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (जीतो) द्वारा यहां आयोजित जीतो कनेक्ट में कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों को उनके धर्म के आधार पर मार दिया गया लेकिन भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ हमले करते समय किसी को धर्म के आधार पर निशाना नहीं बनाया।

उन्होंने कहा, सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा देने के मकसद से आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। हमने वहां किसी भी सैन्य या असैन्य प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया। अगर हम चाहते तो हम ऐसा पहले भी कर सकते थे लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार सैन्य और आर्थिक शक्ति बढ़ाने पर जोर प्रभुत्व हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि धर्म, आस्था एवं मानवीय मूल्यों में निहित उन आदर्शों की रक्षा के लिए दे रही है जो भगवान महावीर की शिक्षाओं में प्रतिबिम्बित होते हैं। उन्होंने कहा जब भारत के गौरव और सम्मान की बात आती है तो हमने कभी समझौता नहीं किया। चाहे वह 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक हो, 2019 के हवाई हमले हों या 2025 का ऑपरेशन सिंदूर, हमने साबित कर दिया है कि भारत की ...शेष पृष्ठ 15 पर

# पुतिन ने पीएम मोदी को बताया बुद्धिमान व संतुलित नेता

## रूसी राष्ट्रपति ने भारत के साथ व्यापार असंतुलन कम करने का दिया आदेश

एजेंसी

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत द्वारा भारी मात्रा में रूसी कच्चे तेल का आयात किए जाने के कारण पैदा हुए व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए नयी दिल्ली से अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीदने सहित विभिन्न उपाय करने के आदेश दिए हैं। पुतिन ने बृहस्पतिवार को वल्दाई पूर्ण सत्र में यह भी कहा कि वह दिसंबर की शुरुआत में होने वाली भारत की अपनी यात्रा और मेरे मित्र एवं हमारे विश्वसनीय साथी प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी से मुलाकात को लेकर उत्साहित हैं। पुतिन दिसंबर की शुरुआत में एक वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा करेंगे।

उन्होंने भारत की राष्ट्रवादी सरकार की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को एक संतुलित, बुद्धिमान और राष्ट्र हितैषी नेता बताया। पुतिन ने कहा कि वह उनके साथ भरोसेमंद बातचीत में सहज महसूस करते हैं। आरटी न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, रूस के प्रमुख साझेदारों पर उच्च शुल्क और प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी धमकी के बारे में सवाल किए जाने पर पुतिन ने कहा कि भारतीय लोग यह बर्दाश्त नहीं करेंगे कि उनके देश को उनके राष्ट्रीय हितों एवं प्राथमिकताओं के विपरीत कोई निर्णय लेने के लिए मजबूर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति ब्लामिदिन पुतिन (फाइल फोटो)

किया जाए। उन्होंने कहा (भारत) कभी किसी को स्वयं को अपमानित नहीं करने देगा। मैं प्रधानमंत्री मोदी को जानता हूं, वह भी ऐसा कोई निर्णय नहीं लेंगे। पुतिन ने दक्षिण रूस के सोची स्थित काला सागर रिसॉर्ट में भारत सहित 140 देशों के सुरक्षा एवं भू-राजनीतिक विशेषज्ञों के अंतरराष्ट्रीय वल्दाई चर्चा मंच को बृहस्पतिवार शाम संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका के दंडात्मक शुल्कों के कारण भारत को होने वाले नुकसान की भरपाई रूस से कच्चे तेल के आयात से हो जाएगी, साथ ही उसे एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठा भी मिलेगी। उन्होंने रूसी तेल खरीदने के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क का उल्लेख करते हुए यह बात की। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए रूस भारत से अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। पुतिन ने कहा, भारत से अधिक कृषि उत्पाद खरीदे जा सकते हैं। औषधीय उत्पादों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए हमारी ओर से कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने रूस सरकार को निर्देश दिया है कि वह भारतीय मित्रों और समकक्षों को इस संबंध में प्रस्ताव देने पर विचार करे कि सहयोग के लिए सबसे आशाजनक क्षेत्र कौन से हैं तथा रूस किस प्रकार व्यापार और अन्य क्षेत्रों में असंतुलन को ...शेष पृष्ठ 15 पर

## संक्षेप

### पंडित छन्नूलाल मिश्रा का निधन



लखनऊ। पद्मविभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र का 90 वर्ष की अवस्था में गुरुवार की 4:30 बजे भोर में गंगा दर्शन कॉलोनी में निधन हो गया। पद्मविभूषण से अलंकृत विख्यात उपशास्त्रीय गायक पं. छन्नूलाल मिश्र वर्ष 2020 से अपने बेटी के साथ केबीपीजी कॉलेज के संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नम्रता मिश्रा के साथ रहते थे। इधर एक वर्ष से उनकी तबीयत कुछ अधिक खराब हो गई थी। उनका इलाज मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की टीम कर रही थी। प्रारंभिक जीवन और शिक्षा पंडित छन्नूलाल मिश्रा का जन्म 15 अगस्त 1936 को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में हुआ था।

### अयोध्या राजमार्ग पर बस पलटी, 18 घायल

सुल्तानपुर। जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की देर रात तीर्थयात्रियों की एक बस गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो कर पलट गई, जिससे 18 तीर्थयात्री घायल हो गए। बस में 52 यात्री सवार थे। घटना कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भुलकी-सौरमऊ बाईपास ओवरब्रिज के पास रात करीब दो बजे की है। बस बहराइच से प्रयागराज जा रही थी। अचानक एक गाय के सामने आ जाने से बस अनियंत्रित हो गई और पलट गई। थाना प्रभारी अखण्ड देव मिश्र ने बताया कि स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया और उपचार के बाद उन्हें गंतव्य स्थान के लिए रवाना कर दिया गया है।

# बापू और शास्त्री के सपनों को साकार कर रही सरकार

## दोनों विभूतियों के चित्रों पर सीएम योगी ने किया पुष्पार्चन, जयंती पर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

विशेष संवाददाता



लखनऊ/ गोरखपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर के आवासीय भवन के प्रथम तल पर देश के दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पार्चन करने के बाद मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार बापू और शास्त्री के सपनों को साकार कर रही है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृतियों को नमन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सत्य और अहिंसा की ताकत क्या होती है, इसका एहसास भारत के स्वाधीनता आंदोलन में महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया को कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के मूल्यों और आदर्शों में स्वदेशी का महत्वपूर्ण स्थान रहा। विदेशी हुकूमत की जड़ों को उखाड़ फेंकने के लिए सत्य व अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करने के साथ स्वदेशी देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने का आलंबन बनी। बापू के सपनों को साकार करने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी देश और दुनिया के लिए मॉडल बन रही है। स्वदेशी से ही जुड़ी उत्तर प्रदेश सरकार की ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) योजना सफलता की नई ऊंचाई को छू रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी केवल खादी तक सीमित नहीं है बल्कि वर्तमान समय में भारत की दिनचर्या का हिस्सा बन रही है। चिप से लेकर शिप तक आत्मनिर्भरता की गारंटी बन रही है। आज यूपी के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। स्वदेशी के मामले में उत्तर प्रदेश ने ऊंची छलांग लगाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वदेशी को और बढ़ावा देने के लिए उन्होंने दीपावली के पूर्व प्रदेश के प्रत्येक जनपद में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर स्वदेशी मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आज से प्रदेश में खादी वस्तुओं के क्रय पर 25 प्रतिशत छूट का भी शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए खादी व अन्य स्वदेशी वस्तुओं का उपहार दीपावली में दें। इससे ...शेष पृष्ठ 15 पर

### बदले नामों से मौजूद हैं रामायण और महाभारत के खल पात्र : सीएम योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को बांटने वाली, सुरक्षा पर खतरा पैदा करने वाली ताकतें हर कालखंड और परिस्थिति में विद्यमान रही हैं। पर, सनातन की एकता के बल पर उनका संहार किया जाता रहा है। रामायण और महाभारत के खल पात्र आज भी बदले नामों और रूप में मौजूद होकर समाज को बांटने में लगे हैं। ऐसे लोगों से हर सनातन धर्मावलंबी को सतर्क रहना होगा। सीएम योगी विजयदशमी पर्व पर गुरुवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भले ही नाम बदल गया होगा लेकिन रामायण और महाभारत काल के दुष्ट पात्र दूसरे रूप में आज भी मौजूद हैं। आज भी समाज शूर्पणखा, ताड़का, खर दूषण, मारीच और सुबाहु जैसे लोगों से त्रस्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जातीयता, छुआछूत और अस्पृश्यता के नाम पर समाज को बांटने वाले लोग पूर्व जन्म में ...शेष पृष्ठ 15 पर

### अगली बार संयम नहीं दिखायेगा भारत



अनूपगढ़/जयपुर। थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश विश्व के मानचित्र पर अपना स्थान बनाए रखना चाहता है तो उसे अपनी धरती से आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद कर देना चाहिए। जनरल द्विवेदी ने साथ ही कहा कि नयी दिल्ली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो संयम दिखाया था, वह भविष्य में कोई सैन्य संघर्ष होने की स्थिति में दोहराया नहीं जाएगा और उन्होंने भारतीय सैनिकों से कार्वाई के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में सैनिकों को संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में कहा, भारत एक देश के ...शेष पृष्ठ 15 पर

# विसर्जन के दौरान हादसा, 11 की मौत

## तालाब में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से सात लड़कियों समेत कई लोग डूबे

एजेंसी

इंदौर/खंडवा। मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के एक तालाब में दुर्गा देवी की मूर्ति के विसर्जन के दौरान भीषण हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत के बाद आदिवासी बहुल पाडलफाटा गांव में शुक्रवार को विलाप के स्वर गूंजते सुनाई दिए जहां एक दिन पहले लोग त्योहारी उल्लास में डूबकर नाचते दिखाई दे रहे थे।

विजयादशमी के त्योहार की खुशियां चंद घंटों के भीतर मातम में किस तरह बदल गईं, इसका अंदाजा सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो से लगाया जा सकता है। इस वीडियो में गांव के लोग मूर्ति विसर्जन से पहले गरबा नृत्य स्थल पर उसी टैक्टर ट्रॉली के सामने रंग-गुलाल उड़ाते हुए



नाचते नजर आ रहे हैं जिसके तालाब में समा जाने से भीषण हादसा हुआ। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से पाडलफाटा गांव की सात लड़कियों समेत 11 श्रद्धालुओं की डूबकर मौत हो गई थी। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की उम्र आठ से 25 साल के बीच थी। महज 350 लोगों की आबादी ...शेष पृष्ठ 15 पर

### मूर्ति विसर्जन के दौरान 6 लोग की डूबकर मौत

लखनऊ। आगरा और अयोध्या जिले में मूर्ति विसर्जन के दौरान 6 लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य लापता है। एनडीआरएफ की टीम तलाशी अभियान में जुटी है।

आगरा के खेरागढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार को उटंगन नदी में मूर्ति विसर्जन करने गए 13 लोग डूब गए जिनमें जिनमें से अब तक पांच के शव मिल चुके हैं। एक का उपचार एसएन मेडिकल कॉलेज में चल रहा है जबकि सात लोग अब तक लापता हैं। एनडीआरएफ की टीम तलाशी अभियान चला रही है। लापता लोगों का सुराग न मिलने पर शुक्रवार सुबह लोगों को धैर्य जमाव दे गया। गुस्साए ग्रामीणों ने ऊंटगिरि व कागारौल चौराहे पर जाम लगा दिया और मौके पर पहुंचे एसडीएम की गाड़ी पर पथराव कर दिया। हादसे से ...शेष पृष्ठ 15 पर

# भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं वन्य जीव

## वन्य जीव हमले से जनहानि होने पर दी जायेगी 10 लाख की सहायता : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून जू में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह का शुभारंभ करते हुए कहा कि वन्य जीव केवल जैव विविधता का हिस्सा ही नहीं, बल्कि भारतीय आस्था, संस्कृति और परंपरा के प्रतीक भी हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मां दुर्गा का वाहन शेर, भगवान गणेश का मूषक, मां सरस्वती का हंस, भगवान कार्तिकेय का मोर, लक्ष्मी जी का उल्लू और भगवान शंकर के साथ नाग और नंदी यह सब हमारे सनातन जीवन दर्शन में मानव और जीव-जगत के बीच अटूट संबंध को दर्शाते हैं।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य में वन्यजीव हमलों से होने वाली जनहानि



पर पीड़ित परिवारों को अब 10 लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड की लगभग 14.77 प्रतिशत भूमि वन्यजीव संरक्षण क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के रूप में सुरक्षित है, जबकि पूरे देश में यह औसत मात्र 5.27 प्रतिशत है। यह अंतर प्रदेश की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 15 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- मोदी सरकार में घटे हिंसक अपराध (पृष्ठ-02)
- नाइलिट डिजिटल यूनिवर्सिटी का शुभारंभ (पृष्ठ-02)
- अनिल अंबानी की याचिका हुई खारिज (पृष्ठ-14)
- भारत को सामाजिक सुरक्षा संघ पुरस्कार (पृष्ठ-14)
- डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 88.78 पर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — युद्ध व रणनीतिक प्रतिद्वंद्विताएं सहयोग व संघर्ष की सीमाओं को नए सिरे से कर रही हैं परिभाषित

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने वाली शक्ति है भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि विश्व, व्यापार एवं ऊर्जा सुरक्षा में गंभीर असंतुलन का सामना करने के साथ ही संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में भारत स्थिरता कायम करने वाली शक्ति के रूप में सामने आया है जो बाहरी झटकों को झेलने में सक्षम है।

सीतारमण ने यहां कौटिल्य आर्थिक शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि भू-राजनीतिक संघर्ष बढ़ रहे हैं और प्रतिबंध व शुल्क वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को नया रूप दे रहे हैं। ऐसे में भारत को सतर्क रहना होगा और परितोष की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा युद्ध एवं रणनीतिक प्रतिद्वंद्विताएं सहयोग व संघर्ष की सीमाओं को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं। जो गठबंधन कभी मजबूत दिखते थे, उनकी परीक्षा हो रही है और नए गठबंधन सामने आ रहे हैं। भारत के लिए ये गतिशीलताएं, संवेदनशीलता एवं लचीलेपन दोनों को उजागर करती हैं। झटकों को सहने की हमारी क्षमता मजबूत है। साथ ही हमारी आर्थिक क्षमता भी बढ़ रही है। सीतारमण ने कहा कि विश्व अभूतपूर्व वैश्विक अनिश्चितता एवं अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है और देशों





के समक्ष चुनौती केवल अनिश्चितता से निपटने की नहीं बल्कि व्यापार, वित्तीय एवं ऊर्जा असंतुलन से निटपने की भी है। मंत्री ने अशांत समय में समृद्धि की तलाश विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कहा इसलिए, हमारे सामने चुनौती केवल अनिश्चितता से नहीं बल्कि असंतुलन से निपटने की भी है। हमें खुद से सवाल करना होगा कि हम एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं जहां व्यापार निष्पक्ष हो, ऊर्जा सस्ती एवं टिकाऊ हो और जलवायु परिवर्तन से निपटने की कार्वाई विकास की अनिवार्यताओं के अनुरूप हो? उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को ऐसे विचारों पर काम करने की जरूरत है, जो कल के पदानुक्रमों के बजाय आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि विकासशील देशों की आवाज नियम-निर्माण में हाशिए पर न रहे, बल्कि भविष्य को आकार देने में उनकी आवाज को बल मिले। सीतारमण ने इसके अलावा कहा कि अव्यवस्थाएं इस नए वैश्विक युग को परिभाषित करती हैं, जिसमें व्यापार प्रवाह को नया रूप दिया जा रहा है। गठबंधनों का की परीक्षा ली जा रही है, भू-राजनीतिक सीमाओं के साथ निवेश को फिर से शुरू किया जा रहा है और साझा प्रतिबद्धताओं पर फिर से गौर किया जा रहा है। सीतारमण ने कहा हम जिस परिस्थिति का सामना कर रहे हैं वह कोई अस्थायी व्यवधान नहीं बल्कि एक संरचनात्मक बदलाव है।

# दो साल से छोटे बच्चों को कफ सिरप नहीं देने की सलाह

एजेंसी

**मध्य प्रदेश व राजस्थान में 11 बच्चों की मौत से हड़कंप**

नई दिल्ली। राजस्थान और मध्य प्रदेश में बच्चों की मौत से जुड़े कफ सिरप के सैंपल में किडनी को नुकसान पहुंचाने वाले कोई टॉक्सिन नहीं मिला है। यह जानकारी शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से दी गई। नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, द सेंट्रल ड्रग्स स्टेंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन सहित अन्य एजेंसियों ने बच्चों की मौत की खबर के बाद मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से कफ सिरप के सैंपल कलेक्ट किए। हालांकि जांच में पता चला कि किसी भी सेंपल में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल नहीं था। राज्य के अधिकारियों ने भी इन तीनों दूषित पदार्थों की अनुपस्थिति की पुष्टि के लिए नमूनों का परीक्षण किया। हालांकि, केंद्र ने बच्चों के लिए कफ सिरप के उपयोग को सीमित करने के लिए एक सलाह दी है। विशेष रूप से, डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विस ने कहा है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए और आमतौर पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भी ये दवाएं सही नहीं हैं। सलाह दी गई है कि बच्चों में खांसी के ज्यादातर मामले अपने आप ही ठीक होने वाली बीमारियां हैं जो बिना दवा के ठीक हो जाती हैं।

# मोदी सरकार में हिंसक अपराधों में आई गिरावट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक बदलाव दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच हत्या, दुष्कर्म, दहेज हत्या और दंगे जैसे हिंसक अपराधों में

> ● देश में कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आया बदलाव

तेजी आई थी, लेकिन 2014 के बाद से इन अपराधों में गिरावट देखी गई है। मोदी सरकार के कार्यकाल में उठाए गए कड़े कदमों और आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था ने भारत को पहले की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित बनाने में योगदान दिया है।

दुष्कर्म के मामलों की बात करें तो 2004 में 18,233 मामले दर्ज हुए थे, जो 2014 तक बढ़कर 36,735 तक पहुंच गए। यानी इस दशक में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई। यह दौर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिहाज से सबसे चिंताजनक रहा। लेकिन 2014 के बाद स्थिति में सुधार आया। वर्ष 2023 तक दुष्कर्म के मामलों की संख्या घटकर 29,670 रह गई, जो 2014 की तुलना में 19 प्रतिशत की कमी को दर्शाती है। यह गिरावट बताती है कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा किए गए प्रयास असरदार



साबित हो रहे हैं। दहेज हत्या के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई है। जहां 2004 में ऐसे 7,026 मामले दर्ज किए गए थे और 2014 तक बढ़कर 8,455 हो गए थे, वहीं 2023 में इनकी संख्या घटकर 6,156 रह गई। यानी 2014 के बाद से इसमें लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। यह बीते दो दशकों में सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है और इसे समाज सुधार की दिशा में एक अहम उपलब्धि माना जा रहा है। दंगों के मामलों पर नजर डालें तो 2004 में इनकी संख्या 59,971 थी जो 2014 में 66,042 तक पहुंच गई। इस दौरान करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। लेकिन 2014 के बाद 2023 में दंगे के मामलों की संख्या घटकर 39,260 रह गई। यह 40 प्रतिशत की कमी दर्शाती है और हिंसक अपराधों में दर्ज की गई सबसे बड़ी गिरावट है। इसे मोदी सरकार की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास नीति का प्रत्यक्ष परिणाम माना जा रहा है। हत्या के मामलों में भी कमी देखी गई है। 2004 से 2014 के बीच औसतन हर साल लगभग 33,200 हत्याएं दर्ज हुईं। 2014 में यह संख्या 33,981 थी। लेकिन 2023 तक यह घटकर 27,721 रह गई, यानी लगभग 18 प्रतिशत की गिरावट। सभी प्रमुख चार श्रेणियों हत्या, दुष्कर्म, दहेज हत्या और दंगों के मामलों में 2004 से 2014 के बीच इन अपराधों में 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी और 2014 में कुल संख्या 1.45 लाख तक पहुंच गई थी। जबकि 2023 में यह घटकर 1.02 लाख पर आ गई, जो 2004 में दर्ज 1.18 लाख से भी कम है।

# केन्द्रीय मंत्री ने नाइलिट डिजिटल यूनिवर्सिटी का शुभारंभ किया




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केन्द्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में नाइलिट डिजिटल यूनिवर्सिटी (एनडीयू) प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। इस प्लेटफॉर्म को उच्च-गुणवत्ता वाली डिजिटल शिक्षा तक उच्च-गुणवत्ता वाली डिजिटल शिक्षा तक अधिक से अधिक लोगों की पहुंच बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करने के लिए लचीले डिजिटल शिक्षण मोड और वर्चुअल लैब प्रदान करेगा।

केन्द्रीय मंत्री ने मुजफ्फरपुर (बिहार), बालासोर (ओडिशा), तिरुपति (आंध्र प्रदेश), दमन (दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव), और लुंगलेई (मिजोरम) में पांच नए नाइलिट केन्द्रों का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। इन नए केन्द्रों के जुड़ने से, नाइलिट भारत के तकनीकी भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस शुभारंभ समारोह के दौरान, नाइलिट और माइक्रोसॉफ्ट, जस्केलर, सीसीआरवाईएन, डिक्सन टेक और फ्यूचर क्राइम के बीच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का भी आदान-प्रदान किया गया।

इस दौरान अश्विनी वैष्णव ने कहा ये समझौता ज्ञापन उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कहा कि नाइलिट को शीर्ष 500 कंपनियों के साथ बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ऐसा डिजिटल विश्वविद्यालय बनाना है जो उद्योग जगत के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हो। इस कार्यक्रम में 1,500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## सपा का प्रतिनिधि मंडल आज जायेगा बरेली

**लखनऊ।** सपा का 14 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल 4 अक्टूबर को बरेली जायेगा। बरेली में हुए बवाल के बाद पहली बार सपा का प्रतिनिधि मंडल विधानसभा नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के अगुवाई में जायेगा। उनके साथ सांसद हरेंद्र मलिक, सांसद इकरा हसन, सांसद जियाउर्रहमान बर्क, सांसद मोहिबुल्लाह, सांसद नीरज मौर्य, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, विधायक अताउर्रहमान, विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार और पार्टी प्रदेश सचिव शुभलेश यादव शामिल होंगे।

## प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत 20 अक्टूबर तक शुरू होगा कौशल प्रशिक्षण

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत पूरे प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कौशल प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने इसके लिए प्रशिक्षण प्रदाताओं को लक्ष्य आवंटित किए हैं। कौशल विकास मिशन की ओर से निर्देश दिया गया है कि प्रशिक्षण प्रदाता नियमानुसार प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करें और जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की अनुमोदन प्रक्रिया के बाद 20 अक्टूबर 2025 तक अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण बैच प्रारम्भ करें।

# राजधानी में 72 स्थानों पर स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शताब्दी वर्ष के प्रथम कार्यक्रम विजयादशमी के दिन लखनऊ विभाग में 72 स्थानों पर संघ के गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। पथ संचलन में शामिल बाल, वृद्ध, तरुण स्वयंसेवकों में काफी उत्साह देखने को मिला। संचलन गीत 'संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का, वह काम सब किये चलो' की पंक्तियां दोहराते हुए स्वयंसेवकों ने संचलन पूर्ण किया। स्थानीय नागरिकों ने संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य प्रेम कुमार और कुण्डरी बस्ती में इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष और विवेकानन्द नगर में विद्या भारती के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र, विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री हेमचन्द्र और सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत पथ संचलन में शामिल हुए। क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज केशव नगर, क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष हनुमान नगर, क्षेत्र धर्म जागरण प्रमुख अभय जी लक्ष्मण नगर, विभाग प्रचारक अनिल वीर हकीकत नगर के विजयादशमी कार्यक्रम में वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। दीनदयाल नगर की दयानन्द बस्ती में पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि महाराज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रांत के विशेष सम्पर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया आनंद नगर की पटेल बस्ती के पथ संचलन में शामिल हुए। लक्ष्मण नगर में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और एबीवीपी के क्षेत्र संगठन मंत्री घनश्याम शाही और विश्वेश्वर बस्ती में पूर्व मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों के साथ पथ संचलन किया। इन कार्यक्रमों में संघ के पदाधिकारियों ने स्वयंसेवकों से वर्ष भर पंच परिवर्तन पर काम करने और समाज और सज्जन शक्तियों को जोड़ने का आह्वान किया। वक्ताओं ने शाखा को समाज निर्माण का केंद्र बनाने, बस्तियों, परिवारों और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर समरसता का संदेश फैलाने का आह्वान किया।

# डा.जीके गोस्वामी सहित कई पुलिस अधिकारी हुए सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशक उप्र ने गत मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित विदाई समारोह के दौरान मंगलवार को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी डॉ. जीके गोस्वामी अपर पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ, कमला प्रसाद यादव पुलिस उपमहानिरीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन उप्र लखनऊ एवं पंकज कुमार पाण्डेय पुलिस अधीक्षक पीएसी मुख्यालय उप्र लखनऊ को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान राजीव मल्होत्रा, पुलिस उपमहानिरीक्षक/अतिरिक्त निदेशक, उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ द्वारा अपने संबोधन में डॉ. जीके गोस्वामी जी के साथ UPSIFS में बिताये गये अपने सेवाकाल से सम्बन्धित संस्मरणो को साझा किया गया तथा सेवाकाल के दौरान किये गये कार्यों की सराहना करते हुये कहा गया कि गोस्वामी सर द्वारा अपनी दूरदर्शिता एवं विजन के साथ UPSIFS को आज विश्व स्तरीय संस्थान बनाने में अथक मेहनत, पूर्ण मनोयोग व ईमानदारी के साथ कार्य किया गया, जिसका परिणाम है कि आज इस संस्थान में लगभग 450 छात्र-छात्रायें अध्ययनरत हैं तथा संस्थान द्वारा निरंतर पुलिस कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही राजीव कृष्ण द्वारा कमला प्रसाद यादव एवं पंकज कुमार पाण्डेय के साथ बिताये गये अपने सेवाकाल से सम्बंधित संस्मरणों को साझा करते हुये सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। डॉ. जीके गोस्वामी द्वारा अपने सम्बोधन में पुलिस विभाग में अपनी नियुक्तियों के दौरान के महत्वपूर्ण संस्मरणों को साझा करते हुये पुलिस विभाग व सम्पूर्ण कार्यकाल को ऐतिहासिक धरोहर बताया तथा कहा कि पुलिस विभाग की सफलता पूर्वक सेवा में माता-पिता, वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहयोगियों का योगदान रहा। अन्त में अपने संबोधन में पुलिस महानिदेशक उप्र सहित कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# बीबीडीयू में 'स्वच्छता पखवाड़ा' का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन विकसित भारत @2047 के अंतर्गत 'स्वच्छता पखवाड़ा' का आयोजन किया गया। यह आयोजन बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास

> ● युवाओं की भूमिका को बताया अहम, विकसित भारत @2047: युवाओं के संकल्प से स्वच्छता जनांदोलन की नींव

गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ, जिसका उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, नागरिक कर्तव्यों की समझ, और समाज सेवा की भावना का विकास करना था। कुलपति डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी है। यह 'स्वच्छता पखवाड़ा' हमारे छात्रों को नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक सेवा के मूल्यों से जोड़ता है। मैं सभी से अपील करता हूँ कि वे अपने आस-पास को साफ रखने का दायित्व लें और एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एस. सी. शर्मा ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता आत्म-अनुशासन और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। यह सिर्फ एक दिन का काम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है जिसे छात्र अपनाएं। जब हम अपने परिसर और पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं, तो यह सीधे हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ.) प्रशांत चंद्र पाठक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की याद दिलाता है। एक स्वच्छ परिसर और शहर ही स्वस्थ दिमाग और उज्जवल भविष्य की नींव रखता है। आप सभी छात्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ समाज में भी बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों के बीच निबंध लेखन और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, स्वच्छता ही सेवा है, और जहां स्वच्छता, वहां स्वास्थ्य जैसे विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दी गई। इस पूरे आयोजन में कार्यक्रम अधिकारियों में डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. पी. के. सिंह, कौशलेंद्र सिंह, चंचल निगम उपस्थित रहे। उनकी अगुवाई में सभी स्वयंसेवकों ने उत्साह और समर्पण के साथ सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पी. के. सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अतिरिक्त सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता की शपथ ली और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## महिलाओं और बेटियों के सपनों को लगेंगे पंख

**लखनऊ।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत सीएम योगी के मार्गदर्शन में देवीपाटन मंडल में महिलाओं और बेटियों के सर्वांगीण उत्थान एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अनूठी पहल मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद संवाद से सशक्तिकरण की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत राम नवमी के अवसर पर बेटियों के साथ संवाद से हुई। वहीं, हर सोमवार को देवीपाटन मंडल कार्यालय में विशेष रूप से महिलाओं और बेटियों की सुनवाई की जाएगी। इतना ही नहीं उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए एक विशेष टीम बनायी गयी है, जिसमें महिला अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं को निस्तारण करेंगी। इस पहल की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सराहना की। बता दें कि पूरे प्रदेश में देवीपाटन मंडल पहला मंडल है, जहां पर महिलाओं के लिए विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



## एकेटीयू में मनायी गयी गांधी जयंती

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर कुलपति प्रो. जेपी पांडेय, प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, वित्त अधिकारी केशव सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी ने अपने जीवन से समाज को संदेश दिया। इन महान विभूतियों के विचारों पर चलकर हम देश को आगे ले जाने में योगदान दे सकते हैं। प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि दोनों महापुरूषों ने समाज में फैली तमाम विषमताओं को दूर करने का कार्य किया। वित्त अधिकारी केशव सिंह ने कहा कि गांधी जी के विचार आज पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह के जरिये उन्होंने नामुमकिन को भी मुमकिन कर दिया। इस मौके पर टेलिमेडिसिन पर वार्ता भी की गयी। टेलिमेडिसिन के फायदे बताये गये। जिसमें विशेषज्ञ के तौर पर डॉ. नीरज सिंह शामिल हुए। इस दौरान गांधी जी की जीवनी पर चलचित्र चलाया गया। साथ ही दृष्टि अनाथालय में जाकर बच्चों में कॉपी पेंसिल का वितरण किया गया। इसके अलावा साइकिल यात्रा में शामिल छात्रों को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया।

# बृजेश पाठक ने गांधी और शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की अर्पित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और लखनऊ के जनप्रतिनिधियों के साथ हजरत जीपीओ पार्क में स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। इसके बाद बैठकर गांधी जी के प्रिय भजनों को सुना।

इस दौरान राज्यसभा सांसद बृजलाल, पूर्व मंत्री एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, एमएलसी अवनीश सिंह, लालजी निर्मल, अमरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और सभी ने गांधी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद उपमुख्यमंत्री हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम पहुंचे और वहां बापू की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और चरखा चला कर सूट काता। खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए गांधी आश्रम से खादी वस्त्र भी खरीदे। इसके बाद बृजेश पाठक जनप्रतिनिधियों के साथ शास्त्री भवन, एनेक्सी पहुंचे जहां लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके स्मरण किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि आनंद द्विवेदी ने कैसरबाग स्थित महानगर पार्टी कार्यालय पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण करके पुष्पांजलि अर्पित की। आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर के विभिन्न वार्डों में गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।



## श्रीराम क्षत्रिय सेना ने किया शस्त्र पूजन

**लखनऊ।** विजय दशमी के महापर्व पर श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला इकाई के तत्वावधान में शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन राजाजीपुरम स्थित जय अम्बे विद्यालय में किया गया। समारोह की अध्यक्षता अरविन्द सिंह ने की। श्रीराम क्षत्रिय सेना के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने संजीव सिंह चौहान को जिला महामंत्री व सर्वोत्तम सिंह चौहान एडवोकेट को जिला प्रवक्ता लखनऊ नियुक्त किया। समारोह में श्रीराम क्षत्रिय सेना के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने कहा कि वनवास के समय में प्रभु श्रीराम ने धनुष-बाण से राक्षसों व रावण का वध किया था। समारोह में प्रदेश मंत्री विनय सिंह चौहान, जिला संरक्षक अनिल सिंह गहरवार, जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जिला उपाध्यक्ष योगेश सिंह सिसोदिया, जिला संगठन मंत्री संजय सिंह व सम्राट सिंह राजावत, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह चौहान, जिला मंत्री जितेंद्र सिंह, मान सिंह तोमर, जिला महामंत्री सीतापुर बलराम सिंह, तहसील अध्यक्ष सदर राघवेंद्र सिंह चौहान, शिव राज सिंह बघेल और मुस्कान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## युवाओं की पहली पसंद बना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है। इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के 6 माह में अब तक प्रदेश भर में ढाई लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लोन वितरित का लक्ष्य रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं योजना का लाभ देने में पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ और तीसरे स्थान पर कौशांबी है।

## विकसित उ.प्र. अभियान के लिए मिले 21.5 लाख सुझाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। अभियान के तहत अब तक लगभग 21.5 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। इनमें से करीब 16.5 लाख सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से और लगभग 5 लाख सुझाव शहरी क्षेत्रों से आए हैं। आयु वर्ग के आधार पर देखें तो करीब 10 लाख सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग से, 10 लाख से अधिक 31 से 60 वर्ष आयु वर्ग से और एक लाख से अधिक 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से प्राप्त हुए हैं। क्षेत्रवार सुझावों में शिक्षा क्षेत्र से करीब 6.7 लाख, कृषि क्षेत्र से 5 लाख, नगरीय एवं ग्रामीण विकास से 3.5 लाख, स्वास्थ्य से 1.6 लाख और समाज कल्याण से 1.6 लाख सुझाव सामने आए हैं। इसके अलावा आईटी एवं टेक, उद्योग, संतुलित विकास और सुरक्षा से संबंधित हजारों सुझाव प्राप्त हुए हैं।

# मां और मातृभूमि स्वर्ग से बढ़कर : राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने विजयदशमी के अवसर पर स्थानीय व्यापारियों के बीच पहुँचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए जीएसटी सुधारों के सम्बन्ध में चर्चा की और कहा कि इन सुधारों ने व्यापार को नई गति दी है तथा

> ● रामलीला मंच से लेकर वर्षा जल संचयन तक विजयदशमी पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने दी 40 लाख से अधिक की सौगात

आमजन के लिए बचत और उत्साह का माहौल बनाया है।



गुरुवार को डॉ. सिंह अर्जुनगंज के व्यापारियों के बीच पहुँचे और इस अवसर पर अर्जुनगंज युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा के प्रतिष्ठान विनायक मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स का उद्घाटन कर शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इसी क्रम में शुक्रवार को भी आशियाना के व्यापारियों संग संवाद किया और उन्हें सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने मंशा टी स्टॉल पर चाय की चुस्कियों का आनंद लिया और आकाश कचौड़ी भंडार पर दही बड़ों की लजीज मिठास के साथ स्थानीय लोगों से बातचीत की। विजयादशमी और रावण दहन के पावन पर्व पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने लखनऊ के विभिन्न स्थलों पर आयोजित सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों का स्मरण कर जनता का आह्वान किया कि वे अधर्म, अत्याचार और विघटनकारी प्रवृत्तियों के विरुद्ध संगठित हों तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प में सहभागी बनें।

# पुलिस रेडियो में धूमधाम से मना स्थापना दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष शक्रवार को उप्र पुलिस रेडियो का 84वांस्थावपना दिवस परम्पंरागत सादगी एवं उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर महानिरीक्षक, उपमहानिरीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दिये गये प्रस्तुतीकरणों में पुलिस संचार के क्षेत्र में नयी तकनीकी, विभाग की वर्तमान एवं भविष्यन की योजनाओं, प्रशिक्षण में गुणवत्ताण, एवं समृद्ध ऐतिहासिक पृष्ठिभूमि से प्रेरणा लेकर विभाग की बौद्धिक सम्पधदा को विकसित करने पर बल दिया गया।



उच्चाणधिकारियों की अपेक्षाओं के अनुरूप पुलिस प्रणाली में दक्षता, आत्मिनिर्भरता एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने पर बल दिया गया। विभाग में ई-ऑफिस,मानव सम्पेदा पोर्टल के संचालन GOTपोर्टल आदि के अत्यगल्पन अवधि में शत-प्रतिशत कार्य कर लिये जाने को उल्लोखनीय उपलब्धि बताया गया। इस अवसर पर प्रधान मंत्री के पंच-प्रणको देश हित में बताते हुए इनके अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। इससे पूर्व रेडियो मुख्यापलय के सभागार में आयोजित एक दिवसीयकार्यशाला का शुभारम्भन दीप प्रज्व्लन के साथ आशुतोष पाण्डे्य, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार उप्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्याोलय में नियुक्त निदेशक, दूरसंचार, उपमहानिरीक्षकगण एवं बड़ी संख्यो में अधिकारी तथा कर्मचारी सम्मिलित हुए। प्रदेश के सभी 75 कमिश्नरेट,जनपदों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कार्यशाला में ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया।

## बुराई पर हमेशा सत्य की जीत होती है : प्रदीप कुमार



**लखनऊ।** क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी प्रदीप कुमार सिंह उर्फ पी के सिंह ने देशवासियों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार बुराइयों से अच्छाई की जीत की ओर इंगित करता है। भगवान श्री राम ने 9 दिन देवियों की उपासना कर विजयदशमी के अवसर पर रावण का वध किया था। यह त्यौहार हमें धर्म न्याय और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमारे इष्ट देवता के हाथों में शास्त्र के साथ-साथ हथियार भी दिखाया गया है। शास्त्र जहां हमें बहुत सत्य मार्ग पर चलने की सीख देता है वही हथियार का प्रयोग कर दुष्ट आत्माओं का नरसंहार करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज में कई तरीकों की बुराइयां विद्यमान है इन बुराइयों को शास्त्र का प्रयोग कर ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देशवासी विजयदशमी का त्यौहार बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं। इस दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध कर यह संदेश दिया था की बुराई पर हमेशा सत्य की जीत होती है। श्री सिंह ने कहा हमें अपने बच्चों को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। झूठ के दिन ज्यादा नहीं होते हैं झूठा व्यक्ति हमेशा डर डर कर अपनी जिंदगी जीता है। उन्होंने कहा की जो व्यक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है वह हमेशा आगे बढ़ता है समाज में सर उठाकर जीता है। उइस अवसर पर युवा नेता विजय प्रताप सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भगवान श्री राम जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए हुए मार्गों का अनुसरण करना चाहिए।

# मुख्तार से खाली करायी जमीन पर बने 75 फ्लैटों के पंजीकरण शुरू

## एलडीए ने लांच की अटल नगर व सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना

विशेष संवाददाता (vol)



राजधानी में अल्प आय एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अटल नगर एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना लांच की गयी है। इन योजनाओं की लोकेशन काफी अच्छी है और निर्माण की गुणवत्ता व सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। भवनों के लिए पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा और आवंटन लॉटरी ड्रा से होगा।
**प्रथमेश कुमार**, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अपनी बहुप्रतिक्षित अटल नगर एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना लांच कर दी है। दोनों योजनाओं में 01 बीएचके व 02 बीएचके के कुल 2,568 फ्लैट्स होंगे। जिनकी कीमत कम आय वाले लोगों के भी बजट में होगी। इनमें सबसे प्राइम लोकेशन पर डालीबाग में माफिया के अवैध कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने 72 फ्लैटों के पंजीकरण भी खोल दिए गए हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर इन योजनाओं के भवनों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 4 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 के मध्य खोला जा रहा है।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पंजीकरण सिर्फ एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से ही कराया जा सकेगा। इसके लिए भवन के अनुमानित मूल्य की 05 प्रतिशत धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करनी होगी, जोकि आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 प्रतिशत होगी। भवनों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। डालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी के अवैध कब्जे से खाली करायी गयी लगभग 2,314 वर्गमीटर भूमि पर एलडीए ने सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना लांच की है। यहां ग्राउंड प्लस थ्री स्ट्रक्चर के 03 ब्लॉक में 36.65 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 72 फ्लैट बनाये गये हैं। 20 मीटर चौड़ी बंधा रोड पर स्थित इस योजना से बालू अड्डा, 1090 चौराहा, नरही, सिकन्दरबाग एवं हजरतगंज चौराहा महज पांच से 10 मिनट की दूरी पर है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के इन भवनों की कीमत 10.70 लाख रुपये निर्धारित की गयी है। योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था व दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा मिलेगी। देवपुर पारा में लांच की गयी अटल नगर आवासीय योजना अल्प आय एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों के आशियाने का सपना साकार करेगी। योजना में 12 से लेकर 19 मंजिल के 15 टावरों में कुल 2,496 फ्लैट्स होंगे। इसमें से 1,832 भवन 01 बीएचके और 664 भवन 02 बीएचके के होंगे। ये भवन 30 वर्गमीटर से लेकर 54.95 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे, जिनकी कीमत 9.82 लाख रुपये से शुरू होगी। एलडीए ने इस अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम में लिफ्ट का भी प्रावधान किया है। इससे आवंटियों व उनके परिवार में शामिल बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को आवागमन में किसी भी तरह की असुविधा नहीं होगी।

# सफाई में लापरवाही, एलएसए और लॉयन पर 60 हजार का जुर्माना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार को गोमती नगर स्थित विपुल खंड में सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क सफाई और रोड स्वीपिंग कार्यों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की है। निरीक्षण में कई स्थानों पर सड़कों पर गंदगी और धूल पाई गई। इस पर नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संस्थाओं पर तत्काल जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। लखनऊ स्वच्छता अभियान पर 50,000 का जुर्माना लगाया गया है, जबकि लॉयन एनवायरो पर 10,000 का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में ऐसी शिकायतें न आएं और सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

नगर आयुक्त ने इस दौरान डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था की भी समीक्षा की है। इस दौरान क्षेत्र में हॉर्टिकल्चर वेस्ट (पेड़-पौधों से निकला कचरा) और सीएंडडी वेस्ट (निर्माण एवं ध्वस्तीकरण का मलबा) फैला हुआ मिला। इस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया और संबंधित विभागों को कड़ी चेतावनी दी है।

सीएंडडी वेस्ट पाए जाने पर अभियंत्रण विभाग को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। हॉर्टिकल्चर वेस्ट हटाने की जिम्मेदारी हॉर्टिकल्चर विभाग को सौंपी गई। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा जमा रहना न केवल शहर की छवि को खराब करता है, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन की भावना के भी विपरीत है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहरवासियों को साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम लखनऊ की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएंगी। उन्होंने अंत में, आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि वे कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और लखनऊ के स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग करें।

# हमें अपने जीवन और कार्यशैली में भी स्वच्छता अपनानी होगी : डीआरएम



**लखनऊ।** स्वच्छ उत्सव थीम के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 17 सितम्बर, से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम, फ्रैट एवं डीएम महेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन में लखनऊ मंडल में कार्यालयों, संस्थागत भवनों, रेलवे स्कूलों, रेलवे ट्रैकों व स्टेशनों और ट्रेनों, रेलवे परिसरों में जल निकायों की सफाई के लिए वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 35 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** अपनी रेल सेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए गत मंगलवार को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 35 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुक्रवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे आरटीजीएस के माध्यम से भेजा जायेगा एवं कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा।

# रालोद प्रोफेशनल मंच पार्टी की रीढ़ : त्रिलोक त्यागी



**लखनऊ।** रालोद के प्रोफेशनल मंच का प्रथम प्रदेश स्तरीय सम्मेलन शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने दीप प्रज्वलन एवं रालोद के संस्थापक स्व. चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अजीत सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने त्रिलोक त्यागी व राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर त्रिलोक त्यागी ने कहा कि प्रोफेशनल मंच रालोद की विचारधारा और नीतियों को समाज के उस वर्ग तक ले जाने का सशक्त माध्यम बनेगा, जो शिक्षा, तकनीक और पेशेवर क्षमता से समाज का मार्गदर्शन करता है।

# श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामोत्सव का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- माता सीता की अग्निपरीक्षा के रहस्य से हटा पर्दा
- श्रीराम पहुंचे अयोध्या मंच पर मची आगमन की धूम

**लखनऊ।** ऐशबाग के ऐतिहासिक रामलीला मैदान के तुलसी रंगमंच पर चल रही भव्य रामलीला में रावण वध के उपरांत भगवान श्रीराम लंका के सिंहासन पर विभीषण को आसीन कर उनका राज्याभिषेक करते हैं। इसके उपरांत अशोक वाटिका मे बंदी बनाकर रखी गई माता सीता को श्रीराम के समक्ष लाया जाता है जहाँ श्रीराम द्वारा माता सीता की अग्नि परीक्षा ली जाती है यह देख लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं और श्रीराम से माता सीता के पतित्व और सतित्व पर संशय करने जैसे प्रश्न करते हैं। तब श्रीराम भाई लक्ष्मण के क्रोध और जिज्ञासा को शांत करने के लिए सीता जी की इस अग्नि परीक्षा का रहस्य बताते हैं। वे बहाते यह परीक्षा उन्होंने सीता की पवित्रता सिद्ध करने के लिए नहीं ली, बल्कि प्रजा के संदेह को दूर करने और रावण के छल से बचने के लिए की है।

रावण द्वारा सीता के हरण से पूर्व ही श्रीराम ने अग्निदेव से असली सीता को अग्नि में छिपाने और उनकी छवि बनाने को कहा था। वे बताते हैं असली सीता अग्नि देव के पास सुरक्षित थीं जबकि रावण मात्र उनकी छवि का हरण कर ले गया था। आज जब रावण का अंत हो गया है तो अग्नि देव ने असली सीता को प्रकट करते हुए उनकी मायावी छवि को भस्म कर दिया है यह सुनते ही लक्ष्मण जी के साथ ही वहाँ उपस्थित समस्त नर और वानर प्रसन्न हो गए। इसके बाद सभी श्रीराम के साथ अयोध्या के लिए प्रस्थान करते हैं। रास्ते मे श्रीराम भारद्वाज मुनि और निषादराज से भेंट करते हैं माता सीता गंगाजी के तट पर उनकी आरती करती हैं और सभी अवधपुरी की ओर बढ चलते हैं। जब अयोध्या पहुंच कर हनुमान जी भरत को श्रीराम के अयोध्या आगमन की सूचना देते हैं तो पूरी अयोध्या हर्षित हो उठती है।

भरत शत्रुघ्न तीनो माताएं गुरु वशिष्ठ समेत सभी श्रीराम, सीता और लक्ष्मण से भेंट कर उनका स्वागत करते हैं अयोध्या वासी श्रीराम के वनवास से लौटने पर घर घर दीप जलाते हैं नाचते गाते हैं खुशी मनाते हैं। इसके उपरांत श्रीराम वनवासी का वेष त्याग कर राजसी परिधान धारण कर राजदरबार में पहुंचते हैं जहाँ विधिविधान से उनका राज्याभिषेक किया जाता है। राजतिलक के साथ ही मंच पर कोलकाता के कलाकारों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। इसके उपरांत समिति द्वारा रामलीला के सभी कालाकारों को सम्मानित करते हुए रामोत्सव 2025 के भव्य समारोह का समापन किया गया। ऐशबाग श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष हरिशचन्द्र अग्रवाल ने बताया की शनिवार को राजा रामचंद्र जी की नगर दर्शन शोभायात्रा संपूर्ण राजसी वैभव के साथ निकाली जाएगी।

यह यात्रा ऐशबाग रामलीला मैदान से पीली कालोनी होते हुए वाटर वर्क्स रोड, कोयला मंडी, यहियागंज, राजा बाजार, सुभाष मार्ग, रकाबगंज, नादान मदल मार्ग से होते हुए वर्मा स्टॉप स्थित माता धर्मध्वजी देवी मंदिर तक जाएगी।

# समाधान दिवस में कम हुआ बढ़ा हाउस टैक्स

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने फरियादियों की शिकायत सुनीं और निस्तारण का आश्वासन दिया। ऐशबाग के रहने वाले अजय चंद्र अग्रवाल ने कहा कि हाउस टैक्स का रिवीजन 2022 से होना चाहिए। कई बार शिकायत के बाद भी जोनल अधिकारी मानने को तैयार नहीं हैं। निशातगंज के मनोज गुप्ता ने कहा कि उनका 1200 वर्ग फीट का मकान है। पिछले साल तक 25 हजार रुपये हाउस टैक्स आता था। लेकिन अब रिवाइज कर के 1 लाख रुपये कर दिया गया है। मामले में नगर आयुक्त ने प्रकरण का जांच करने का आश्वासन दिया है।

समाधान दिवस में मुख्य रूप से गृहकर और जलकर संबंधी विसंगतियों, सफाई व्यवस्था की खामियों, सड़क मरम्मत न होने, सीवर लाइन अवरोध, स्ट्रीट लाइट की खराबी और कूड़ा उठान में अनियमितताओं जैसी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज की गईं। महापौर ने कहा कि जोनल अधिकारी को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में सभी शिकायतों का निस्तारण हो जाना चाहिए। फरियादियों से भी कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर समाधान न हो तो आप मुझसे फिर शिकायत कर सकते हैं। समाधान दिवस में पहुंचे यासीनगंज निवासी सलीम अहमद के पास 1200 वर्ग फीट का प्लाट है। खाली प्लाट का कामर्शियल टैक्स लगाकर नगर निगम ने 96,558 का गृहकर भेज दिया। उनका कहना है कि 2024 से वह दौड़ रहे हैं। पार्षद की ओर से भी खाली प्लाट होने प्रमाण दिया है। कोई सुन नहीं रहा है। चौक के बरौरा हुसैनबाड़ी निवासी रूप नारायण तिवारी की पत्नी बिटोल तिवारी के नाम से मकान है। उनका कहना है कि 2024 में 2,203 रुपये गृहकर आया था।

नगर निगम जोन-दो के अधिकारियों ने बढ़े टैक्स की बात कहकर 10 हजार रुपये जमा करवा लिए। कहा कि न तो उसका समायोजन किया गया और न ही ब्याज की माफ किया जा रहा है। संपूर्ण समाधान दिवस में उन्हें एक बार फिर आश्वासन मिला है।

# भाषा विवि के छात्रों ने लहराया परचम

**लखनऊ।** राजभवन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कक्षा 1 से लेकर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें वाद विवाद, मेहंदी, पेंटिंग इत्यादि सम्मिलित था। जिसमे भाषा विवि के अमन कुमार त्रिपाठी ने वाद विवाद में नौ विश्वविद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये विधि परास्नातक के छात्र है। इसी कड़ी में मेहंदी प्रतियोगिता में परास्नातक उर्दू की छात्रा मेहविश ने प्रथम स्थान तथा विधि स्नातक की छात्रा प्रतिभा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का मान ऊंचा कर दिया। राज्यपाल ने इन विद्यार्थियों को 2 अक्टूबर को राजभवन बुलाकर सराहना की और आगे जीवन मे और अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ सुधीर महादेव बोबड़े तथा मुख्य सचिव शिक्षा डॉ जे एल जानी ने प्रदान किया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विकसित भारत पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया था।

# आवास विकास को ई नीलामी से मिले 1168 करोड़

**लखनऊ।** त्यौहार पर आवास विकास की ओर से प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित 391 आवासीय एवं 601 अनावासीय संपतियों की ई-नीलामी 30 सितंबर को सम्पन्न करायी गई। इस ई नीलामी में आगरा की 127, लखनऊ की 334, कानपुर की 213, एवं मेरठ की 134 संपत्तियां सम्मिलित की गई। साथ ही गोरखपुर एवं वाराणसी जोन की आवासीय एवं अनावासीय संपत्तियां भी उपलब्ध कराई गई थी। इस ई नीलामी में लोगों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया, जिसके चलते परिषद को लगभग 1168 करोड़ रुपये की आय प्राप्त होना सम्भावित है।

# जोनल अधिशासी अभियंताओं के जोन में बदलाव

**लखनऊ।** नगर निगम में अधिशासी अभियंताओं के जोनों में बदलाव किया गया है। नगर आयुक्त के आदेश पर संजीव प्रधान पर्यावरण अभियंता को पर्यावरण अनुभाग एवं विद्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं जोन 5 के अधिशासी अभियंता नजमी मुजफ्फर को जोन 3 का नया नगर अभियंता के साथ-साथ ट्रैफिक अनुभाग की जिम्मेदारी दी गई है। अशोक कुमार यादव प्रभारी अधिशासी अभियंता जोन 7 को प्रभारी अधिशासी अभियंता जोन 6 बनाया गया है। संजय कुमार पांडे अधिशासी अभियंता जोन 3 को प्रभारी अधिशासी अभियंता जोन 7 की जिम्मेदारी मिली है। वहीं झिल्लू राम प्रभारी अधिशासी अभियंता जोन 5 को प्रभारी अधिशासी अभियंता जोन 2 बनाया गया है। इसके साथ ही संजीव कुमार शर्मा को प्रभारी अधिशासी अभियंता जोन 5 के साथ-साथ प्रभारी अधिशासी अभियंता वेंडिंग जोन का चार्ज दिया गया है।

# सुदामा नाटक ने दिया भक्ति, और कर्मयोग का संदेश



**लखनऊ।** थर्ड विंग की नवीनतम प्रस्तुति भक्ति, ज्ञान और कर्म योग पर आधारित नाटक सुदामा का मंचन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज ऑडिटोरियम में पुनीत अस्थाना और केशव पंडित के कुशल निर्देशन में शुक्रवार 3 अक्टूबर को किया गया। इसका मनभावन नृत्य निर्देशन आकांक्षा श्रीवास्तव ने किया जबकि इसकी प्रस्तुतकर्ता सरोज अग्रवाल ने ही इसका प्रभावी लेखन और संगीत परिकल्पना भी की।

यह नाट्य मंचन श्री राम कथा के प्रथम सोपान के रूप में आयोजित किया गया। द्वितीय और मुख्य सोपान के रूप में वृंदावन धाम के परम पूज्य श्री विजय कौशल जी महाराज द्वारा श्री राम कथा का अमृतपान आगंतुकों को करवाया जाएगा। यह अनुष्ठान 4 से 9 अक्टूबर तक शाम चार से सात बजे तक गोमती नगर स्थित संत गाडगे जी महाराज ऑडिटोरियम में होगा।

सुदामा नाट्य प्रस्तुति के अनुसार सुदामा की कथा, केवल सुदामा की ही नहीं, कृष्ण और सुदामा दो ऐसे मित्रों की कथा है जिनके व्यक्तित्व में पूर्ण विरोधाभास है। श्रीकृष्ण महानायक महान राजनीतिज्ञ और अतुलित वैभवशाली थे। इसके बिलकुल विपरीत, सुदामा भौतिक और आर्थिक संकटों से घिरे एक असाधारण पुरुष थे। एक और नीलमणि की कान्ति वाले पीताम्बरधारी, सम्पूर्ण आर्यावर्त में वन्दित और पूजित, द्वारिकापति कृष्ण और दूसरी ओर महल के महा द्वार पर, जीर्ण-शीर्ण काया वाले, धूल-धूसरित वस्त्रों में खाली पैर, सुदामा नाम का एक भिक्षुक। अद्भुत प्रसंग के तहत द्वारिकाधीश अपने परम मित्र सुदामा का नाम सुनते ही, उनका सत्कार करने नंगे पांव ही दौड़ पड़े थे। नाटक ने यह संदेश भी दिया कि कामना के साथ यदि कर्म नहीं होगा तो केवल भक्ति उस कामना को पूर्ण नहीं कर सकती है।

# टेट अनिवार्यता खत्म के लिए सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा उत्तर प्रदेश में जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता के संबंध में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह एवं महामंत्री आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में प्रथम चरण में 10 सितंबर से 21 सितंबर तक परिषदीय शिक्षकों के परिवारजन द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए पत्र प्रेषित करने का कार्यक्रम चलाया गया। 22 सितंबर से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रदेश के समस्त विधान परिषद सदस्य, विधानसभा सदस्य, सांसद, कैबिनेट मंत्री के द्वारा प्रेषित करने का कार्यक्रम पीएसपीएसए की लखनऊ इकाई के द्वारा सरोजिनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह एवं मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार को ज्ञापन प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय सिंह एवं प्रांतीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष लल्ली सिंह के नेतृत्व में जनपद के पदाधिकारी की उपस्थित में प्रेषित किया गया।

# प्रदेश की शिल्प विरासत को संजोए फिक्की फ्लो का दो दिवसीय कारीगर मेला शुरू



**लखनऊ।** फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर ने आज गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर खादी ग्राम उद्योग भवन, डाली बाग में कारीगर मेला 2025 का आयोजन किया। इस मेले में देश एवं प्रदेश की विविध शिल्प परंपराओं का प्रदर्शन किया गया। और यहाँ देश भर के कारीगर अपनी कृतियों को प्रदर्शित और विक्रय करने के लिए एक साथ आए। आगंतुकों ने अमेठी के मूंज उत्पाद, कन्नौज की सुगंध, अवधी चांदी के जूते, मधुबनी कला, उत्सव के उपहार, आभूषण, क्रोशिया, हड्डी की नक्काशी, कांच के बने पदार्थ और जीवनशैली उत्पादों को खूब सराहा प्रत्येक वस्तु कालातीत कलात्मकता और स्थायी जीवन शैली को दशार्ती है। इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिससे यह पुष्टि हुई कि हस्तनिर्मित, टिकाऊ और प्रामाणिक उत्पाद आधुनिक जीवनशैली को प्रेरित करते रहेंगे।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन खादी एवं ग्रामोद्योग व एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फिक्की फ्लो इस मेले के आयोजन के माध्यम से प्रदेश के कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके , के लिए प्रयास करता है। हमारे प्रदेश में हस्त निर्मित स्वदेशी उत्पाद विशेष कर बुनकर अपनी कलाओं का इस तरह के आयोजन में प्रदर्शन करते हैं जहां उन्हें प्रोत्साहन मिलता है।

कारीगर मेले के बारे में बताते हुए फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल कहा कि इस मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को बाजार से कहीं बढ़कर पहचान मिले और उन्हें आजीविका के बेहतर अवसर प्रदान किया जाए और भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोया जाए। अदिति जग्गी और रिया पंजाबी इवेंट चेयर थीं।

# एलपीएस के विद्यार्थियों ने मारी बाजी





**लखनऊ।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में वन्यजीव सप्ताह-2025 के तहत अंतर-विद्यालयी क्विज एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। शहर के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। एलपीएस साउथ सिटी से कक्षा 9-10 श्रेणी की क्विज प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम स्थान और श्रेयश एन. गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और ज्ञान का परिचय दिया। कला प्रतियोगिता में भी विद्यालय ने उपलब्धियां हासिल कीं। प्रशष्टी प्रकाश ने प्राइमरी स्तर पर द्वितीय पुरस्कार और समृद्धि पाल ने सीनियर स्तर पर सांत्वना पुरस्कार अर्जित किया। वहीं, एलपीएस जानकीपुरम के विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। मानस शाह के मार्गदर्शन में क्विज प्रतियोगिता (कक्षा 11-12) में हर्ष सिंह ने प्रथम पुरस्कार और मानस पांडेय ने तृतीय पुरस्कार जीता। मिडिल स्कूल श्रेणी (कक्षा 6-8) में देव तिवारी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# लविवि के छात्रों ने जीते पुरस्कार

**लखनऊ।** राजभवन में सेवा पखवाड़े के दौरान आयोजित क्विज, मेंहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लविवि के वासुदेवांश श्रीवास्तव एवं वंशादित्य प्रताप सिंह की टीम को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह दोनों ही बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र हैं। वहीं, विवि की सुमन कुमारी ने पेंटिंग प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पेंटिंग में खुशी रावत की तृतीय पुरस्कार मिला।

# रंगों में जीवित विचार : गांधी-शास्त्री को कलात्मक नमन

## लखनऊ मेट्रो के हजरतगंज स्टेशन परिसर में चित्रकारों ने उकेरे चित्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कला जब स्मृति को स्पर्श करती है, तब वह केवल रूप और रंग का खेल नहीं रह जाती, बल्कि एक जीवित संवाद बन जाती है। लखनऊ मेट्रो के सहयोग से हजरतगंज मेट्रो परिसर में गांधी और शास्त्री की जयंती के अवसर पर हुआ यह सामूहिक चित्रण कार्यशाला उसी जीवित संवाद की अनुगूँज था। यहाँ चित्रकारों के ब्रश ने इतिहास को नहीं, बल्कि विचारों को आकार दिया। रेखाओं ने समय को पार कर उन महापुरुषों की आत्मा को रंगों में जीवंत किया।

गांधी की आकृति वहाँ किसी महापुरुष की ठोस प्रतिमा की तरह नहीं उभरी, बल्कि अहिंसा की नर्म रोशनी की तरह फैली, जो हिंसा के अंधकार को स्वाभाविक रूप से मिटाती चली जाती है। वहीं शास्त्री के विचार ₹जय जवान, जय किसान₹ कैनवास पर एक बीज की तरह उकेरे गए, जिसमें भविष्य की हरियाली और आशा का विस्तार छिपा है। इन प्रतीकों ने दर्शकों को यह अनुभव कराया कि विचार कभी मरते नहीं, वे समय-समय पर नए रूपों में प्रकट होते रहते हैं।

युवा चित्रकारों में अश्वनी कुमार प्रजापति, मोहन मावा, नीरज बिंद, युवराज, आशीष कश्यप, सुमित, सौरभ मौर्या, कुलदीप, अभिनय सिंह, रितेश कपूर, कुंवर जी वर्मा, शेफाली सोनी, ज्ञानेंद्र कुमार, अमित कुमार, राजीव कुमार रावत, अंकित निषाद और चित्रकार, क्यूरेटर एवं कला समीक्षक भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने मिलकर कैनवस और श्वेत कागज को रंगों से सजाया, यह वस्तुतः सामूहिक चेतना का प्रतीक बन गया। उसमें हर ब्रश स्ट्रोक, हर आकृति और हर रंग, सामूहिक आत्मा की गवाही देता था।

दार्शनिक दृष्टि से यह आयोजन हमें यह भी याद दिलाता है कि कला केवल देखने का विषय नहीं, बल्कि जीने का अनुभव है। गांधी और शास्त्री की जयंती पर रचे गए ये चित्र हमें यह संदेश देते हैं कि जब हम किसी विचार को कला में रूपांतरित करते हैं, तो वह विचार और भी स्थायी हो जाता है, क्योंकि वह अब केवल शब्दों में नहीं, बल्कि दृश्य अनुभव में बदल चुका होता है।

यह आयोजन इस गहरी अनुभूति का साक्ष्य है कि कला समय का आईना है, और जब उसमें आदर्शों की छवि उभरती है तो वह समाज के लिए साधना, प्रेरणा और आत्मचिंतन का माध्यम बन जाती है।

कार्यक्रम के संयोजक चित्रकार अश्वनी कुमार प्रजापति अपने कलाकार साथियों के साथ कला के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के बीच में इस प्रकार के अनेक कार्यक्रम जैसे गांधी जयंती, लता मंगेशकर और अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में कला के कई आयोजन करते रहे हैं।

# यूपी रेरा ने एएसजीआई बिल्डर पर धोखाधड़ी का मुकदमा कराया

**लखनऊ।** यूपी रेरा ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने गंभीर धोखाधड़ी और फजीवाड़े के मामले में प्रमोटर एएसजीआई प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ ग्रेटर नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में एफआईआर दर्ज कराई है। यह कार्रवाई रेरा मुख्यालय लखनऊ से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद की गई है। यूपी रेरा को शिकायत मिली थी कि प्रमोटर ने अपनी परियोजना एप्पल टावर एस-2ए और एस-2बी से जुड़े आवंटियों और वित्तीय बैंकिंग संस्थानों को गुमराह करने का प्रयास किया था। प्रमोटर ने कथित तौर पर एक फर्जी आदेश प्रस्तुत किया। यह कूटरचित आदेश बैंकों को अवैध रूप से ऋण प्राप्त करने के लिए दिया गया था। प्राधिकरण की जांच में तथ्य सामने आया कि प्रमोटर द्वारा प्रस्तुत आदेश कभी भी रेरा द्वारा जारी नहीं किया गया था।

हालांकि परियोजना के समय विस्तार संबंधी विषय पर 24 फरवरी 2025 को प्रोजेक्ट की परामर्श एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई थी, किंतु उसमें कोई आदेश निर्गत नहीं किया गया था। इस प्रकार, प्रमोटर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज पूरी तरह कूटरचित और अवैध पाया गया है। इस मामले में एएसजी एप्पल बायर्स एसोसिएशन ने 4 अगस्त 2025 को प्राधिकरण में शिकायत दर्ज कराई थी। एसोसिएशन ने प्रमोटर पर धोखाधड़ी करने और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंकों से ऋण लेने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। इस संबंध में एसोसिएशन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था।

# दशहरे पर भी नहीं रुकी सीवर सफाई की मुहिम

**लखनऊ।** दशहरे में भी सुएज की टीम लखनऊ में सीवर समस्याओं के समाधान के लिए डटी रही। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सुएज के कर्मचारी अपनी सेवाएं देते रहे। सेवा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत, सुएज टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में सीवर सफाई का कार्य किया और सुनिश्चित किया कि त्योहार के समय नागरिकों को स्वच्छता और सुविधा उपलब्ध हो। सुएज के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने कहा, स्वच्छता और सेवा हमारे कार्य की प्राथमिकता है। त्योहार के दिन भी हमारी टीम ने बिना रुके कार्य किया ताकि लखनऊ के नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यही सच्चे अर्थो में सेवा और समर्पण है।


# लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldaonline.co.in

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | स्व. छोटे सिंह यादव (सहक्रेता) | भूखण्ड सं.- बी-2/44 | विपुल खण्ड गोमती नगर | 13.06.2025 | श्रीमती ममता यादव (सहक्रेता) | रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर | पुत्री |
| 2 | स्व. जितेन्द्र बहादुर सिंह | भूखण्ड सं.- बी-3/240 | विकास खण्ड गोमती नगर | 03.08.2024 | 1. श्रीमती मधु सिंह<br>2. श्रीमती वान्या मारकण्डा<br>3. कु. तन्वी सिंह | - | पत्नी<br>पुत्री<br>पुत्री |
| 3 | स्व. आशा रानी तिवारी | भवन सं.- 6/257-ए | विपुल खण्ड गोमती नगर | 20.12.2024 | श्री नीरज तिवारी (पुत्र) | 1. श्रीमती अलका शुक्ला<br>2. श्री अनुज तिवारी<br>3. श्रीमती अर्चना शुक्ला | पुत्री<br>पुत्र<br>पुत्री |
| 4 | श्री नन्द लाल अग्रवाल | व्यवसायिक भूखण्ड सं. 25 | सुभाष मार्ग, सिटी स्टेशन माल गोदाम योजना, लखनऊ | 11.03.2018 | श्री नवीन कुमार अग्रवाल | 1. श्री वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल<br>2. श्रीमती अनीता अग्रवाल<br>3. श्री नीरज कुमार अग्रवाल | पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्र |
| 5 | स्व. अचला मिश्रा (मृतक) | भूखण्ड सं. 440/5, 440/6 एवं 440/7 | टी.जी. न्यू सिविल लाईन्स | 20.04.2021 | श्री पराग मिश्रा पुत्र स्व. अचला मिश्रा | - | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# दुर्गा पूजा : सिंदूर खेला के साथ की गयी मां भवानी की विदाई





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुर्गा पूजा पंडालों में एक दूसरे को सिंदूर लगाती और ढाक की धुन पर थिरकती महिलाएं, जय मां दुर्गा के जयकारे से गुंजायमान वातावरण, मां के कान में अपनी मनोकामना पूर्ण करने का संदेश देते श्रद्धालु। कुछ ऐसा ही माहौल गुरुवार को दुर्गा पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन से पहले नजर आया। मां के माइके आने और सिंदूर खेला के साथ सुहागन होने की कामना के साथ विदाई का मनोरम दृश्य बंगाली समाज की संस्कृति के बारे में बता रहा था। देर शाम बारिश बंद हुई तो विसर्जन में तेजी आई।

बादशाहनगर में दुर्गा पूजा समिति की ओर से प्रतिमा विसर्जन से पहले प्रिया सिन्हा के संयोजन में सिंदूर खेला हुआ। एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सुहाग की कामना करती महिलाओं की टोलियां देखते ही बन रही थी। बंगाली क्लब में परिसर में ही भूमि विसर्जन किया गया। क्लब के अध्यक्ष अरुण बनर्जी ने बताया कि सिंदूर खेला के साथ मां की विदाई की गई। परिसर में ही भूमि विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले ढाक की धुन पर धुनुचि आरती हुई और भोग लगाया गया।

आलमबाग के सिंधी स्कूल में सुबह विशेष पाठ किया गया तो कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी के कमेटी हाल में पूजन के लिए दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों की कतार लगी रही। सेक्टर.जी के आलोक मित्रा ने बताया कि बारिश की वजह से सीमित संख्या में सिंदूर खेला के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया। विद्यांत कालेज में धुनुचि आरती के बाद विदाई हुई। ट्रांसगोमती नगर दुर्गा पूजा एवं दशहरा कमेटी के संयोजक तुहिन बनर्जी ने बताया कि अलीगंज के चंद्रशेखर पार्क के सामने पूजन हुआ और सिंदूर खेला के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। छावनी दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से पंडाल में मां का आह्वान किया गया। प्रवक्ता निहार डे ने बताया कि पूजन के साथ ही सिंदूर खेल हुआ। आशियाना दुर्गा पूजा कमेटी के संयोजक सदस्य बी घोष ने बताया कि खजाना में आयोजित पूजन का सिंदूर खेला के साथ समापन हुआ। शंखनाद के साथ निरालानगर के श्रीराम कृष्ण मठ के स्वामी मुक्तिनाथानंद ने मां का विसर्जन कराया।

श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से विकल्पखंड.दो स्थित भोलेनाथ मंदिर में नीरा सिन्हा वर्षा, लीपिका उकील मधु सिंह, मुन्नी राय, शिवानी सिहं, शचि राय व श्रावनी सहित कई महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां की विदाई की। दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन कमेटी के अध्यक्ष रूपेश मंडल ने बताया कि विसर्जन को लेकर गाइडलाइन निदेर्शों के अनुसार विसर्जन किया गया। बारिश की वजह से दोपहर एक बज तक केवल कालीबाड़ी मंदिर का कलश आया था। शाम पांच बजे तक झूलेलाल घाट के कुंडों में 60 बड़ी प्रतिमाओं और 50 छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं कैसरबाग के घसियारी मंडी स्थित मां काली बाड़ी मंदिर के परिसर में हर वर्ष आयोजित होने वाली ढाक वादन प्रतियोगिता नहीं हुई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गौतम भट्टाचार्य ने बताया कि अगले साल प्रतियोगिता होगी। इस बार ढाकियों की संख्या कम है।

**सिंदूर से भरी मां की मांग:** सिंदूर खेल रही महिलाओं ने कहा- समाज की मान्यता है कि जब मां दुर्गा मायके से विदा होती हैं, तो सिंदूर से उनकी मांग भरी जाती है। उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। यह उत्सव होली के पर्व जैसा लगता है। इसके जरिए महिलाएं कामना करती हैं कि एक-दूसरे की शादीशुदा जिंदगी सुखद और सौभाग्यशाली रहे। मां को विदाई देकर अगले वर्ष फिर से आने की कामना करती हैं।

**विशेष प्रसाद का हुआ वितरण:** देवांशु चौधरी ने बताया- सिंदूर खेला के बाद विशेष प्रसाद रविंद्र पल्ली पंडाल में बंटता है। मां की विदाई से पहले सभी लोगों का मुंह मीठा कराते हैं। दूध, दही, केला, चुरा और बताशे मिलाकर विशेष प्रसाद तैयार किया जाता है। मान्यता है कि इस प्रसाद को ग्रहण करके जो भी कामना की जाए पूरी होती है। यह प्रसाद पूरे साल में सिर्फ एक बार बनता है। सिंदूर खेला के अलावा और किसी भी दिन न तो इस प्रसाद का वितरण हो सकता है और न ही इसे ग्रहण किया जा सकता है।





## टूटा रावण का दंभ, शहर में जगह-जगह जलाये गये पुतले





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आखिरकार रावण का दंभ टूट गया। राम का बाण लगते ही रावण धराशाई हो गया। उसके जमीन पर गिरते ही जय श्री राम के नारे लगने लगे। दशहरे के दिन शनिवार को शहर में हो रही रामलीलाओं में दिन में ऐसा ही दृश्य दिखाई दिया। शाम से देर रात तक शहर के विभिन्न इलाकों में रावण के पुतलों का दहन हुआ। राजधानी लखनऊ के विभिन्न इलाकों में गुरुवार को रावण दहन हुआ। मेला लगा। शोभायात्राएं भी निकाल गई। 60 से ज्यादा प्रमुख स्थानों पर रावण के पुतले का दहन हुआ। मेला लगा। कहीं 65 फुट के रावण का पुतला जलाया गया तो कहीं 35 फुट के। साथ ही भव्य आतिशबाजी भी हुई। शहर से लेकर गांव तक मंचित रामलीलाओं में रावण के पुतलों का दहन किया गया। कॉलोनियों, पार्कों, मोहल्लों में बुराई के प्रतीक रावण के पांच से 10 फुट के पुतले भी जलाए गए। कई स्थानों पर दशहरा मेला भी लगा। गली मोहल्ले में बच्चों ने छोटे-छोटे रावण के पुतले बना कर जलाए। ऐशबाग रामलीला में इस वर्ष केवल रावण का दहन हुआ। यहां पर 60 फुट का पुतला जलाया गया। इसके साथ ही जवाबी आतिशबाजी भी हुई। एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड पर भी रावण की पुतले का दहन हुआ। भव्य आतिशबाजी हुई। मेला लगा। शोभा यात्रा भी निकाली गई। विकास नगर, अलीगंज, गोमती नगर, महानगर, चौक, ठाकुरगंज, आशियाना, वृंदावन, राजाजीपुरम तथा आलमबाग में भी जगह जगह रावण के पुतले का दहन किया गया।

**महानगर में जले रावण व मेघनाद:** महानगर की रामलीला में रावण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। रावण के 35 फुट और मेघनाद के 30 फुट के पुतले का दहन हुआ। पुतला दहन से पहले रामलीला मैदान पर कुंभकरण व मेघनाद वध और उसके बाद राम-रावण युद्ध की लीला का मंचन हुआ।

**चिनहट और खदरा में जला 35 फुट का रावण:** चिनहट की रामलीला में 35 फुट के रावण का दहन किया गया। यहां भी पहले रामलीला मैदान पर राम और रावण युद्ध की लीला का मंचन हुआ। खदरा रामलीला का रावण दहन पक्का पुल छठ पूजा घाट, गोमती तट पर हुआ। लीला स्थल से भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली गई।

**मौसमगंज में निकाली शोभायात्रा, फिर जला रावण:** मौसमगंज रामलीला का मंचन दशहरा मेला मौसमगंज रामलीला मैदान पर हुआ। यहां भी 30 फुट रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। मोहनलालगंज के मऊ, पुरसेनी व गौरा में भी रावण के पुतले का दहन हुआ।

**एकता नगर में जला भ्रष्टाचार का रावण:** मधु विजय जन कल्याण समिति द्वारा एकता नगर, संगम विहार में भ्रष्टाचार के रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए। लोग नन्हे मुन्ने राम और सीता दर्शन कर भाव विभोर हुए। खुशप्रीत कौर, अन्नू यादव, सिद्धि नारायण, आराध्या यादव, दीप्ति, उन्नति, श्रेया, शुभम विश्वकर्मा, समृद्धि नारायण, संस्कार सिंह, विष्णुराज, मान्या गौतम, संध्या, आदित्य सिंह, प्रदात्य मिश्रा, निहारिका ने देश भक्ति और भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए।

## गोमती किनारे भक्तों ने किया माता की प्रतिमा का विसर्जन





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवरात्र में जगह-जगह पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का गुरुवार को विसर्जन हुआ। हवन पूजन कर पूजा समितियों के लोगों गाड़ियों पर रखकर माता की प्रतिमाओं को प्रशासन की ओर से झूलेलाल घाट पर बनाए गए कुंड में विसर्जन किया। प्रशासन की ओर से प्रतिमा विसर्जन के लिए घाट के पास छोटे बड़े चार गड्ढे बनाए बनाए गए। श्रद्धालुओं ने मां की प्रतिमा का विसर्जन किया। दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि विसर्जन को लेकर प्रशासन निदेर्शों के अनुसार विसर्जन किया गया। ट्रांसगोमती दशहरा एवं दुर्गा पूजा समिति की ओर से झूमते गाते मां की प्रतिमा विसर्जन के लिए सदस्य रवाना हुए। इससे पहले महिलाओं ने सिंदूर खेला कर मां की विदाई की। वहीं बंगाली क्लब की ओर से में परिसर में ही भूमि विसर्जन किया गया। क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि परिसर में ही भूमि विसर्जन किया गया। मां की प्रतिमा विसर्जन से पहले ढाक की थाप पर धुनुचि आरती हुई और मां को भोग लगाया गया। कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी के कमेटी हाल में पूजन के लिए दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों की कतार लगी रही। विद्यांत कालेज में धुनुचि आरती के बाद विदाई हुई।

# लूटपाट के बाद महिला की हत्या, बेटा लापता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के बाबू खेड़ा यादव गाँव में लूटपाट के इरादे से घर में घुसे बदमाशों ने एक महिला की हत्या कर दी। वारदात के बाद से महिला का मझला बेटा निखिल(20) भी लापता है, जिससे उसके अपहरण की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही गाँव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जा रहा है कि खून से लथपथ मिली थी महिला और बबेटे का पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने कहा है कि जांच-पड़ताल की जा रही है। मृतक महिला की पहचान रेनू यादव (37) के रूप में हुई है। उनके पति रमेश यादव (40) आस-पास के गाँवों में दूध बेचते हैं। परिवार में तीन बेटे हैं—प्रीत (22), निखिल (20) और नितिन (16)। बताया गया है कि रेनू यादव दो दिन पहले ही मायके से लौटी थीं। पुलिस ने बताया है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि महिला की हत्या किसी भारी चीज से वार करके की गई है। घर में कई सामानों, दीवारों और गैस सिलेंडर पर खून के निशान मिले हैं, और जमीन पर भी ढेर सारा खून बिखरा हुआ है, जो वारदात की भयावहता को दर्शा रहा है।

**लापता बेटे को लेकर बढ़ी चिंता:** हत्या के बाद से ही रेनू यादव का मझला बेटा निखिल गाँव में किसी को नजर नहीं आया है। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा है कि हो सकता है बदमाश लूटपाट के बाद उसे अपने साथ अगवा कर ले गए हों। पुलिस निखिल की जानकारी जुटाने के लिए परिजनों और स्थानीय निवासियों से पूछताछ कर रही है। वारदात की सूचना पर डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे हैं और घटना स्थल की गहनता से जांच-पड़ताल कर रहे हैं। पुलिस ने हत्या और अपहरण दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**दिनदहाड़े हुई घटना से इलाके में फैली सनसनी:** मुख्यमंत्री से लेकर डीजीपी के तमाम दावों के बावजूद बेखौफ बदमाशों का आतंक थम नहीं रहा है। बीते दिनों कई थाना क्षेत्रों में हुई घटना करने का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि शुक्रवार दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे बेखौफ बदमाशों ने पीजीआई क्षेत्र स्थित बाबू खेड़ा एक घर में धावा बोलकर रेनू यादव को निशाना बनाया है। लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने बेरहमी से रेनू के सिर पर किसी भारी वस्तु से वारकर मार डाला और फिर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नकदी लूट ले गए।

**आधा दर्जन बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम:** पीजीआई क्षेत्र स्थित बाबू खेड़ा गांव निवासी रमेश कुमार यादव अपनी 45 वर्षीय पत्नी रेनू यादव व बेटे नितिन यादव के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि रमेश यादव काम पर गए थे और घर में उनकी पत्नी रेनू बेटे नितिन के साथ थीं। बताया गया कि शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आधा दर्जन बदमाशों ने उनके घर में धावा बोल दिया। रेनू कुछ समझ पातीं कि इससे पहले बदमाशों ने मां-बेटे को गन प्वाइंट पर लेते हुए लॉकर की चाभी मांगने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने किसी भारी वस्तु से वार कर दिया। चोट लगते ही रेनू की मौत हो गई।

**लुटेरों के आतंक से दब गई चीख:** वारदात के लुटेरों ने रेनू के ऊपर इस कदर हावी हुए कि उसकी चीख-पुकार दब गई और घर में मौजूद बेटा नितिन सहम गया। बताया जा रहा है कि घर का सामान बिखरा हुआ था और खून से लथपथ लाश बेड पर पड़ी मिली। आंशका है कि बदमाशों से रेनू का संघर्ष भी हुआ था। क्योंकि घर में चारों ओर खून की छींटे पड़े मिले और घर में रखा सामान अस्त-व्यस्त था। इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश आराम से भाग निकले और आसपास के रहने वालों को भनक तक नहीं लगी।

**बेटा पीछा करते गया, लेकिन वापस नहीं लौटा:** बदमाशों ने रेनू यादव की बेरहमी से हत्या कर दी फिर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नकदी लूट ली। बताया जा रहा है कि घर में बदमाशों का आतंक देख नितिन सहमा रहा। बताया जा रहा है कि जैसे ही बदमाशों ने घर की दहलीज पार कर भागे कि नितिन बदमाशों का पीछा करते दूर तलक चला गया। जानकार बताते हैं कि नितिन बदमाशों का पीछा करते हुए कहां चला गया पता नहीं चल पाया। पुलिस इस मामले में कई बिंदुओं पर गहनता से जांच-पड़ताल कर रही।

# डिप्टी सीएम के स्टाफ पर जानलेवा हमला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के कार्यालय में तैनात कर्मचारी रवींद्र शुक्ला पर गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि एक नशे में धुत व्यक्ति ने उनकी कार को टक्कर मारी और जब रवींद्र शुक्ला उसका पीछा करते हुए उसके घर पहुँचे, तो उसने अपने दो बेटों के साथ मिलकर उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमलावर के लखनऊ पुलिस की क्राइम ब्रांच में इंस्पेक्टर होने की बात सामने आई है। यह घटना 2 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे की है। रवींद्र शुक्ला अपनी कार से परिवार के साथ घर लौट रहे थे। गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार (यूपी 53 बीसी 2298) ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जब रवींद्र शुक्ला ने कार रोककर विरोध किया, तो आरोपी चालक ने उन्हें धमकाते हुए कहा, ₹आगे चलकर हिसाब कर लेंगे₹ और अपनी कार लेकर चला गया। रवींद्र शुक्ला ने उसका पीछा किया और वह आरोपी के घर कौशलपुरी, खरगापुर पहुँच गए।

**लोहे की रॉड से सिर पर वार, बेटी से बदतमीजी:** रवींद्र शुक्ला का आरोप है कि घर पहुँचते ही कार चालक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान उसके दो बेटे भी बाहर आ गए और मारपीट करने लगे। आरोपी जल्द ही घर के अंदर से लोहे की रॉड लेकर आया और रवींद्र शुक्ला के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े और उनका सिर फट गया। रवींद्र शुक्ला ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी और उसके बेटों ने बीच-बचाव करने आई उनकी बेटी के साथ भी धक्का-मुक्की और अभद्रता की। स्थानीय लोगों की मदद से घायल रवींद्र शुक्ला को सिविल अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने गोमतीनगर विस्तार थाने में इस संबंध में लिखित तहरीर दी है। सूत्रों के मुताबिक, हमला करने वाला व्यक्ति लखनऊ पुलिस की क्राइम ब्रांच में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि मामले में जांच चल रही है और जल्द ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## फ्लैट में मिला युवक का शव

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित एक अपार्टमेंट में रहने व्यक्ति का शव उसी के फ्लैट में पड़ा मिला। नौकरानी के आने पर जब दरवाजा नही खुला तो पास के फ्लैट पर जाकर जानकारी ली। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मसक्कत के बाद दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकालने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के अनुसार शुक्रवार को स्वाती अपार्टमेंट के फ्लैट बी 2/001 में उसी में रहने वाले मोहित का शव पड़ा मिला। घटना की जानकारी तब हुई जब शुक्रवार की सुबह लगभग 9.00 बजे नौकरानी सुमन फ्लैट पर काम करने के लिए पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। फिर वह लगभग 10.00 बजे पहुंची तब भी दरवाजा अंदर से बंद था उसके बाद वह लगभग 1.00 पहुंची तब भी दरवाजा बंद था। तब उसने यब बात आसपास के लोगों को बताई जिसपर स्थानीय लोगों की मदद से पीछे के दरवाजे कांच तोड़ कर देखा गया तो मोहित फर्श पर पड़ा था।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर तैनात होमगार्ड ने किया सुसाइड

**लखनऊ।** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल सुरक्षा उपकरणों की सिक्योरिटी में लगे होमगार्ड विक्रम सिंह ने बुधवार देर रात आत्महत्या कर ली। सुबह जब उनको रिलीव करने उसके साथी धर्मपाल पहुंचे तो उसने आवाज लगाई। अंदर से गेट बंद होने के कारण कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। संदेह होने पर धर्मपाल ने पुलिस को सूचना दी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरिया कप्तान विकास खंड मोहम्मदी जनपद लखीमपुर (खीरी)**

पत्रांक मेमो/निविदा प्रकाशन — दिनांक 03.10.2025

**अल्पकालीन निविदा**

विकास कार्य/स्वीकृत कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वित्तिय वर्ष 2025-26 निम्न निर्माण कार्य हेतु पीडब्लूडी की दरों पर सामग्री आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर में पंजीकृत हैं, में मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा/ घनराशि लाख में |
|---|---|---|---|
| 1. | मस्जिद से ठेतराम की दुकान तक नाली निर्माण कार्य। | ईट, सीमेन्ट, रोडी, बजरी, रेता | 305500.00 |
| 2. | परमजीत सिंह के मोटर से सर्वजीत सिंह के मकान तक इण्टरलाक निर्माण कार्य। | ईट, सीमेन्ट, इण्टरलाक, बजरी, रेता, रोड़ी | 198500.00 |

निविद फार्म/क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बोधत दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत घर/ग्राम पंचायत पिपरिया कप्तान से दिनांक 04.10.2025 से 08.10.2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 08.10.2025 अपरान्ह 12.00 बजे तक जमा किये जा सकते है। तथा 03.00 बजे अपराहन गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत पिपरिया कप्तान**
**वि.ख.- मोहम्मदी (खीरी)**

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत पिपरिया कप्तान**
**वि.ख.- मोहम्मदी (खीरी)**


# 'कैकेयी' में दिखा त्याग और बलिदान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान द्वारा गांधी भवन, लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय गांधी जयंती नाट्य महोत्सव 2025 की दूसरी प्रस्तुति पौराणिक नाटक कैकेयी रही। इस नाटक का लेखन एवं निर्देशन प्रख्यात रंगकर्मी राजेन्द्र तिवारी ने किया। नाटक कैकेयी ने दिखाया कि माता कैकेयी का त्याग और बलिदान अद्वितीय था, ऐसा बलिदान कोई और नहीं दे सकता।

भारतभूमि की प्राचीन कथाओं में एक ऐसी रानी का उल्लेख मिलता है, जिसे आज भी लोग गलत समझते हैं...वह रानी है अयोध्या की महारानी कैकेयी! अक्सर जब हम रामायण की कथा सुनते हैं, तो कैकेयी का नाम आते ही मन में एक नकारात्मक छवि बन जाती है वह रानी जिसने श्रीराम को वनवास भेजा। परन्तु, क्या यह सम्पूर्ण सत्य है? क्या कैकेयी सचमुच कठोर हृदय वाली थीं? या फिर उन्होंने अपने पुत्र और पति के लिए, और धर्म की रक्षा के लिए, ऐसा बलिदान दिया जिसे संसार आज तक समझ नहीं पाया? कैकेयी झ वह रानी, जिसने युद्धभूमि पर अपने पति महाराज दशरथ का जीवन बचाया... वह रानी, जिसने राजपरंपरा और मयार्दा की रक्षा हेतु स्वयं को दोषी ठहराया... वह माँ, जिसने अपने पुत्र भरत को राज्य देकर भी अपने हृदय में राम के प्रति अगाध प्रेम छुपा कर रखा...आज का यह नाटक माता कैकेयी उसी अनसुनी गाथा को उजागर करने का प्रयास है। यह कथा है त्याग की... यह कथा है बलिदान की...यह कथा है उस माँ की, जिसे इतिहास ने दोषिनी कहा, पर सत्य ने महान सिद्ध किया। इस नाटक में कलाकारों के रूप में ध्रुव खानचन्दानी, कशिश रीना सिंह, शिवम देवकते देविका पटेल, प्रदीप श्रीवास्तव, साकेत राय, अक्षयरिका दास, मोनिका भारती, कुशाग्र सक्सेना, शिवदान नायक, प्रतीक्षा निर्मल, प्रतीक्षा गुप्ता, आदर्श पटेल, शाहीन, धैर्य खानचंदानी, त्रिलोक सिंह, दीपक यादव अनिकेत गव्हाणे, समीर गुप्ता, शैरन मथायस ने अपनी दमदार अभिनय कला से दर्शकों का दिल जीता। कार्यक्रम के प्रबंधन में राकेश वर्मा, अंजना तिवारी, अमित तिवारी, ललित पांडे, सचिन सिंह, राकेश तिवारी, सर्वेश कुमार एवं गणेश रावत ने अपना अमूल्य योगदान दिया।


**कार्यालय जिला पंचायत - बहराइच**

**पत्रांकः- 761/ई-नि.सू./नि.अनु./जि.पं.बह./2025-26** — **दिनांक 29 सितम्बर, 2025**

**-: ई-निविदा निरस्तीकरण सूचना :-**

जिला पंचायत, बहराइच द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग तथा केन्द्रीय/15वां वित्त आयोग (अनटाइड फण्ड) योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 की धनराशि से स्वीकृत कुल 27 परियोजनाओं पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा सूचना कार्यालय पत्रांक 509/ई-नि.सू./नि.अनु./जि.पं.बह./2025-26 दिनांक 15 सितम्बर, 2025 निर्गत है। जिसका संक्षिप्त विवरण कार्यालय पत्रांक 510 / ई-नि.सू./नि.अनु./ जि.पं.बह./2025-26 दिनांक 15 सितम्बर, 2025 का प्रकाशन दैनिक समचार पत्र वॉयस ऑफ लखनऊ, लखनऊ में कराते हुए जिला पंचायत, बहराइच तथा प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों तथा राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच में ई-निविदाएं https://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदाएं दिनांक 15.10.2025 से दिनांक 27.10.2025 तक आमन्त्रित की गयी थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**रवीन्द्र सिंह**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बहराइच।**

**डॉ. वीरेन्द्र बहादुर**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बहराइच।**

संक्षेप

## जुमे की नमाज सकुशल संपन्न

धौरहरा खीरी। प्रदेश के बरेली में मौलाना तौकीर रजा खान के बुलावे पर हुई हिसंक भीड ने प्रदर्शन करते हुए काफी बवाल काटा।जिसे देखते हुए घटना का शासन ने संज्ञान लिया और अब पुलिस प्रशासन आरोपियों पर कार्रवाई कर रहा है।इसी कडी में शासन के निर्देश पर जिले भर में शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज को देखते हुए जिले में नमाज को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश जिला प्रशासन ने जारी किए थे।इसी कडी में प्रशासनिक अफसरों में एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि तहसीलदार आदित्य विशाल व क्षेत्राधिकारी शमसेर बहादुर सिंह ने पूरे क्षेत्र में पर्यवेक्षण करते हुए जुमे की नमाज सकुशल संपन्न हुई।इस दौरान थाना प्रभारी ईसानगर निर्मल तिवारी,थाना प्रभारी निरीक्षक खमरिया ओ पी राय, थाना प्रभारी धौरहरा शिवाजी दुबे, थाना प्रभारी पढ़ुआ विवेक कुमार उपाध्याय व थाना प्रभारी शारदानगर मनोज कुमार सिंह ने अपने अपने अधीनस्थो के साथ लगातार भ्रमणशील रहकर नमाज सकुशल संपन्न कराईं।

## नकदी, जेवर सहित किशोरी प्रेमी के साथ फरार

गोला गोकर्णनाथ, खीरीं (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी अपने घर से कपड़े, जेवर व नकदी लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।किशोरी के पिता ने युवक बहला-फुसलाकर भगा ले जाने आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। किशोरी के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है हि नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम दानपुर निवासी छोटू पुत्र जयकरन बुधवार को उसके गांव में जागरण देखने आया था।इसी दौरान रात 9 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया।उसकी पुत्री अपने साथ में कपडे,जेबर व नकदी भी ले गई है।

## पुलिया पर फिर हुआ हादसा , तीन युवक घायल

पसगवां खीरी। लखीमपुर खीरी जनपद के पसगवां से जंगबहादुर गंज जाने वाले मार्ग पर स्थित माइनर बाली टूटी पुलिया एक बार फिर हादसे का सबब बन गई। शुक्रवार को लगभग 11 बजे पुलिया पर संतुलन बिगड़ने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों के अनुसार यह पहली बार नहीं है, इस पुलिया पर लगातार हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके, प्रशासन और विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते अभी तक पुलिया की मरम्मत या सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं कराया गया है।हादसे में घायल युवकों की पहचान साहिल भारती, पुत्र अनिल भारती, निवासी सिटी स्टेशन, सीतापुर शिवा श्रीवास्तव, पुत्र सुनील श्रीवास्तव, निवासी आर बर्मी थाना मिश्रिख, सीतापुर आदित्य, पुत्र राजू सरदार, निवासी आरो जूरा थाना आजाद नगर सीतापुर के रूप में हुई है इनमें से साहिल भारती और शिवा श्रीवास्तव की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को पसगवां सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया।ग्रामीणों ने बताया कि माइनर पुलिया पर सुरक्षा दीवार और मरम्मत की मांग कई बार की जा चुकी है। यहां तक कि मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रशासन से लेकर विभागीय अधिकारी मौके का निरीक्षण तो कर चुके हैं, परंतु कार्यवाही के नाम पर कुछ भी ठोस कदम नहीं उठाया गया।हादसों का सिलसिला जारी लोगों का कहना है कि टूटी पुलिया की वजह से आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं।

# स्वच्छता से ही सशक्त होगी नारी : डीएम

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। नारी सशक्तिकरण और स्वच्छता जागरूकता का संदेश लेकर मिशन शक्ति 5.0 अभियान अब बालिकाओं तक पहुँच रहा है।इसी क्रम में शुक्रवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, लखीमपुर में व्यक्तिगत स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. वाणी गुप्ता, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व एसडीएम अर्चना ओझा, प्रधानाचार्य डॉ शालिनी दुबे के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कॉलेज की करीब 200 छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता एक ऐसा विषय है, जिस पर खुलकर बातचीत की जानी चाहिए।उन्होंने स्वयं छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए और इसके उपयोग से मिलने वाले लाभ बताए। कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वच्छता पर टिकी होती है।बेटियाँ जब आत्मनिर्भर और जागरूक होंगी तभी परिवार और समाज सशक्त बनेगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि नारी स्वच्छता, स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस संवाद को अपनी सहेलियों और परिवार तक पहुँचाएँ, ताकि जागरूकता का दायरा और व्यापक हो सके।प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने कहा कि मासिक धर्म स्वाभाविक प्रक्रिया है, इसे किसी भी प्रकार की झिझक या संकोच से नहीं जोड़ना चाहिए। स्वच्छता अपनाकर ही छात्राएँ स्वस्थ रह सकती हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकती

### बालिकाओं ने पूछे सवाल, मिला समाधान

कार्यक्रम का सबसे प्रेरक पहलू यह रहा कि बालिकाओं ने बिना झिझक अपने सवाल रखे।किसी ने संक्रमण की समस्या पर सवाल किया, तो किसी ने खेलकूद व शारीरिक कमजोरी से जुड़े प्रश्न पूछे।विशेषज्ञों ने सभी सवालों का धैर्यपूर्वक समाधान दिया।

हैं। जागरूक बालिकाएँ ही कल की सशक्त नारी बनेंगी। एसडीएम अर्चना ओझा ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ आदत नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। छात्राएँ यदि आज से ही व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखेंगी तो आने वाले समय में वे स्वस्थ, आत्मविश्वासी और समाज की प्रेरणा बनेंगी। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 10 की रोशनी कश्यप ने पहला स्थान, इंटरमीडिएट की माही रस्तोगी ने दूसरा और नेहा कश्यप ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 10 की एंजेल प्रथम, इंटरमीडिएट की यासमीन द्वितीय और शमीम जहां तृतीय स्थान पर रहीं।प्रतिभागियों के उत्साह और हुनर ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत, एक अन्य घायल

शाहजहांपुर। जिले में एक व्यक्ति के साथ बाइक पर सवार होकर शुक्रवार दोपहर मंदिर में दर्शन के लिए निकलीं मां-बेटी की डंपर की टक्कर से मौत हो गई जबकि बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) पंकज पंत ने बताया कि आज दोपहर बाद थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला दलेलगंज की निवासी स्वाति गुप्ता (40) अपनी बेटी आर्या गुप्ता (8) के साथ प्रदीप की बाइक से बरेली मोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान मंदिर के सामने एक डंपर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में स्वाति गुप्ता और उनकी बेटी आर्या की डंपर के पहियों के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा प्रदीप घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने की बैठक



लखीमपुर खीरी।जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं व नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणों की मासिक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।उक्त बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि पंचायत चुनाव अति निकट है सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को अभी से जुट कर तैयारी शुरू कर दे पार्टी इस बार पूरी मजबूती के साथ पंचायत चुनाव में उतर कर परचम लहराएगी। साथ ही पटेल ने मंडल संरचना की भी समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक मंडल का गठन अति शीघ्र कर बूथ स्तर तक पहुंचाना है।किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में बतौर अतिथि पहुंचे स्नातक खंड लखनऊ एम एल सी प्रत्याशी डाक्टर देवमणि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्नातक एम एल सी का चुनाव अति निकट है आप सभी से सहयोग और समर्थन के लिए आज आए हैं कांग्रेस बैनर तले चुनाव लड़ा जाएगा आप सभी लोग जनपद में अधिक से अधिक स्नातक युवाओं को जोड़कर वोटर बना कर अधिक से अधिक वोटो से विजई बनाए।उक्त बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित मोहन चंद्र उप्रेती, मोनिस अली नकवी, रवि तिवारी दीपक बाजपेई, राहुल बाजपेई, नवाज खान, बलराम वरुण, वरुण चौधरी, प्रेम वर्मा, मंजू मिश्रा लतीफ आजम, नन्द किशोर पाल, डाक्टर रईस अहमद उस्मानी, अब्दुल रहीम रामपाल शाक्य जमाल अहमद सलीम खान आदि सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड के टॉपरों का सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरीं (वीओएल) विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के टापर रही छात्र अनमोल वर्मा, छात्रा आस्था भारद्वाज हाईस्कूल के पीयूष तिवारी, अर्पिता को शाहजहांपुर जिले के खुटार निवासी राजा विजय शाह ने श्रीमती रानी चंदेली स्मृति विद्यादान पुरस्कार से सम्मानित किया।उन्होंने बताया कि वह प्रतिवर्ष तहसील स्तर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के दो-दो मेधावियों को सम्मानित करते हैं। पुरस्कार में प्रमाण पत्र और 25 सौ रुपए चेक प्रदान किया। गौरतलब है कि इन सभी विद्यार्थियो ने वर्ष 2024-25 की परीक्षा में जिले की टापटेन में स्थान प्राप्त किया था।

## वन्य जीव संरक्षण के लिए निकली जनजागरुकता रैली

जिला संवाददाता(vol)



पलियाकलां खीरी। रैली के बाद मानव वन्य जीव सह अस्तित्व विषयक माडलों का भी प्रस्तुतीकरण किया गया।

दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया खीरी में वन्य प्राणी सप्ताह के द्वितीय दिवस के अवसर पर मुख्यालय दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी से वन एवं वन्य जीव संरक्षण संबंधी जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली पलिया मुख्यालय से बाइपास बस अडडे होते हुए कमल टाकिज, पलिया रेलवे स्टेशन तिराहा होकर मुख्य बाजार होते हुए वापस मुख्यालय आई। रैली के दौरान वन एवं वन्य जीव संरक्षण संबंधी स्लोगन / बैनर एवं नारों के साथ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा पूर्ण सक्रियता एवं उत्साह के साथ लोगों को जागरुक किया गया। इस रैली का शुभारंभ दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के उपनिदेशक, जगदीश आर, वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा महावीर सिंह, दीपक कुमार पाण्डेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां धर्मेन्द्र द्विवेदी, वन्य जीव प्रतिपालक किशनपुर वन्य जीव विहार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।रैली में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों हेतु भारत सटरिंग हाउस, नेचर गाइड, पर्यटन वाहन चालक, पर्यटन संबंधी वाहन स्वामी द्वारा संयुक्त रुप से एवं वृन्दावन ट्रेडर्स द्वारा अपना-अपना स्टाल लगाकर सूक्ष्मजलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पलिया की स्वास्थ्य टीम द्वारा रैली के साथ रहकर रैली में प्रतिभाग करने के साथ ही गोष्ठी के दौरान स्टाल लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। इस रैली में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, अध्यापक गण, नेचर गाइड, ड्राइवर, ईको विकास समितियों के सदस्यगण, विश्व प्रकृति निधि, दुधवा फाउण्डेशन टीम, पशुचिकित्सा टीम समस्त रेंजों के क्षेत्रीय वन अधिकारी, कर्मचारीगण एवं मुख्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## छात्रा बनी पुलिस चौकी की एक दिन की इंचार्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरीं (वीओएल) शुक्रवार को सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा राशी शुक्ला को मिशन शक्ति अभियान के तहत हैदराबाद थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी ढखबा का इंचार्ज बनाया गया। जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और सम्मान को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील मलिक, चौकी इंचार्ज ढखबा महादेवी सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान और तमाम नागरिक मौजूद थे।



## जंगल में दो शव मिले

कानपुर। कानपुर देहात के किशवा दरौली गांव के निकट जंगल में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति और एक किशोरी के शव क्षत-विक्षत स्थिति में मिले। क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि एक शव कंकाल में तब्दील हो चुका है। वहीं, दूसरा शव एक ठहरे हुए पानी में उतराता मिला, जो सड़ी-गली हालत में है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि पुरुष का शव राजपुरा गांव निवासी उमाकांत का है क्योंकि उसके कपड़े से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। वहीं, किशोरी का शव उसकी 16 वर्षीय साली का प्रतीत होता है। क्षेत्राधिकारी ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि मृतक का अपनी साली से प्रेम संबंध था जिसे लेकर इनके परिवारों में तनाव था।ये दोनों 25 सितंबर से लापता थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## मुन्नूगंज वार्ड में मातृशक्ति ने किया सीसी रोड का उद्घाटन



गोला गोकर्णनाथ, खीरीं (वीओएल) 15वें वित्त आयोग के तहत मुन्नूगंज चतुर्थ वार्ड नंबर 21 में नव निर्मित सीसी रोड का उद्घाटन वार्ड की मातृशक्ति शांति कनौजिया, सुधा गुप्ता और गीता जयराम ने किया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और सभासद शहनाज बानो के प्रतिनिधि दानिश राईन की मौजूदगी में आचार्य लवकुश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजन के बीच उद्घाटन सम्पन्न कराया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नगर का यह अंतिम छोर विकास से वंचित था, अब यहां सड़क सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्घाटन समारोह में राजेश्वर शुक्ला, हाजी रईसुद्दीन, डॉ. असलम, वसीम राईन, शानू राईन, गोलू इराकी, डॉ. कमलेश वर्मा, संजय शुक्ला, आशीष गुप्ता, अतुल अग्रवाल, नवीन कनौजिया, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी सहित शिप्रा गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, आशा अग्रवाल, आभा गुप्ता, ममता पांडेय, राखी गुप्ता, सत्यवती गुप्ता समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## पहले दिन सरकारी क्रय केंद्रो पर पसरा सन्नाटा, नहीं हुई खरीद

### आढ़ती के यहां आवक की लंबी लगी कतारें



मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में शासन ने किसानो के धान की फसल को सरकारी मूल्य पर खरीदने को लेकर एजेंसियों ने 17 क्रय केंद्र खोले गए हैं।जिसमें नवीन गल्ला मंडी में 14 केंद्र बनाए गए वहीं तीन केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में आवंटित किया गए हैं।पहले दिन एक दाना धान की खरीद नहीं हो सकी है।

मार्केटिंग ऑफिसर भूपेंद्र सिंह ने बताया छुट्टी के चलते 3 अक्टूबर से किसानों के धान की फसल को खरीदने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। 14 केंद्र मंडी परिसर मे बनाए गए ग्रामीण क्षेत्र हरिहरपुर, ममरी पंचायत भवन और पिपरिया कप्तान के पंचायत घर को केंद्र बनाया गया है।सरकारी मूल्य 2369 निर्धारित किया गया है। धान में नमी का मानक 17 प्रतिशत रखा गया है। किसान मानक और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन समेत तमाम दुश्वारियों के चलते औने पौने दाम में आढ़ती के यहां बेचने को मजबूर हो रहे हैं।

## भाजपा के पूर्व पार्षद को संपत्ति विवाद में गोली मारी, हालत गंभीर

अयोध्या। रामघाट चौराहे के करीब बाइक सवार बदमाशों ने भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व पार्षद को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार अयोध्या में बृहस्पतिवार की रात दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान रामघाट चौराहे के पास बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर नगर निगम के पूर्व पार्षद आलोक सिंह (30) को गोली मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अयोध्या के सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां से उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के पीछे संपत्ति से जुड़ा विवाद सामने आया है।नगर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा किघायल का अभी भी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है और पुलिस ने गोली चलाने वाले उनके साथी को हिरासत में ले लिया है। घटना के पीछे उनके ही साथियों से प्रॉपर्टी डीलिंग को लेकर विवाद सामने आया है। इसी बात को लेकर उनके बीच कई दिनों से तनाव चल रहा था।

## फौजी बेटे की मौत की सूचना पर मां ने की आत्महत्या

बलिया। फेफना थाना क्षेत्र के नसीराबाद गांव निवासी बसंती देवी (60) ने बृहस्पतिवार रात्रि अपने घर के कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। फेफना थाना के प्रभारी निरीक्षक विश्वदीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह एक वृद्ध महिला का शव कमरे में फंदे से लटका पाया गया। इसकी जानकारी मिलने पर फेफना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। उन्होंने बताया कि महिला का इकलौता बेटा मनोहर पांडेय सेना में तैनात था, जिसकी ब्रेन ट्यूमर से बृहस्पतिवार को मौत हो गई। उन्होंने परिजनों के हवाले से बताया कि बेटे की मौत की सूचना मिलने पर बसंती देवी को गहरा सदमा पहुंचा और उन्होंने आत्महत्या कर ली। बसंती देवी के पति शारदानंद पांडेय की पहले ही मौत हो चुकी है।

## अभिमान का राज्य स्तरीय सेपकटकरा चैंपियनशिप में हुआ चयन



गोला गोकर्णनाथ, खीरीं (वीओएल) छोटी काशी गोला स्पोर्ट्स सेपकटकरा एसोसिएशन लखीमपुर खीरी के जिला महासचिव एवं पूर्व आईटीबीपी जवान तान सिंह ने बताया कि चिल्ड्रन एकेडमी गोला गोकर्णनाथ में कक्षा सातवीं में अध्ययनरत अभिमान कश्यप पुत्र राजकुमार कश्यप का चयन 21वीं राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका सेपकटकरा चैंपियनशिप के लिए किया गया है। यह चैंपियनशिप 4 और 5 अक्टूबर को विद्या पब्लिक स्कूल, बड़ौत जिला बागपत में आयोजित होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के लगभग 20 से 25 जिले भाग लेंगे। प्रतियोगिता में दो इवेंट रेगू इवेंट और कोड इवेंट खेले जाएंगे। जिला महासचिव तान सिंह ने बताया कि इसी प्रतियोगिता के माध्यम से आगामी राष्ट्रीय चैंपयनशिप के लिए बालक एवं बालिकाओं का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे जिले के लिए यह गर्व की बात है कि अभिमान कश्यप का चयन हुआ है।

## डीएम ने दिखायी रेड क्रॉस राहत वाहन को हरी झंडी




लखीमपुर खीरी। मिशन शक्ति के तहत जिला प्रशासन ने रेड क्रॉस सोसाइटी लखीमपुर खीरी के माध्यम से बाढ़ पीड़ित महिलाओं तक राहत सामग्री भेजी। शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के राहत सामग्री वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के डॉ. रविंद्र शर्मा और डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आरती श्रीवास्तव मौजूद रहीं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन हर पीड़ित के साथ खड़ा है।जरूरतमंदों तक त्वरित और समुचित सहायता पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रतिबद्धता और सक्रिय योगदान सराहनीय है।

यह राहत वाहन सीधे प्राथमिक विद्यालय ग्रंट नंबर-12 पहुँचा, जहां रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियो ने करीब 150 बाढ़ प्रभावित महिलाओं को प्रशासन ने त्रिपाल, मच्छरदानी, भोजन पैकेट और फल बांटे।राहत सामग्री पाकर महिलाओं की आँखों में चमक और चेहरों पर मुस्कान आ गई। किसी ने कहा कि छत के लिए त्रिपाल मिल गया, अब बच्चे सुरक्षित रहेंगेह्व, तो किसी ने भोजन पैकेट हाथ में लेते हुए आभार जताया।इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी पदाधिकारियों मौजूद रहे।

## अभिभावकों की हुई परामर्श गोष्ठी



गोला गोकर्णनाथ, खीरीं (वीओएल) ब्लॉक संसाधन केंद्र कुंभी गोला में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की परामर्श गोष्ठी की गई।गोष्ठी में रिसोर्स पर्सन सर्वेश कुमार, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय नंगापुर एवं दूधनाथ सिंह, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय द्वारिकागंज ने अपने जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करते हुए सरकारी सेवा प्राप्त करने के अनुभव साझा किए। विशेष शिक्षक प्रेमपाल गंगवार, जगतपाल, ओमप्रकाश और सुमन लता ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, नियमित उपस्थिति, उपकरण मापन एवं वितरण कैंप, मेडिकल असेसमेंट कैंप, एस्कार्ट एलाउंस तथा स्टाइपेंड एलाउंस जैसी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में विमलेश कुमार, लेखराम, विजय कुमार, शहनाज बेगम, शबाना खातून, राजेश कुमार, राघवेंद्र सिंह, कृष्णा वर्मा, आरिफ, कमला देवी, गोलू, गंगा जली, नसरीन, फूलचंद, प्रेमचंद, अफसाना, दयनारायन, अंजू गुप्ता, अतुल शर्मा, सीमा देवी सहित लगभग 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप अनुसंधान एवं नियोजन यूनिट-3, लखनऊ**
**सिंचाई एवं जल-संसाधन विभाग उ.प्र.।**

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 02 /अधि.अभि./ 2025-26 दिनॉक 26.09.2025

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक-पृथक मुहर बन्द निविदायें सिंचाई विभाग में सिविल कार्यो हेतु वगीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनॉक 25.10.2025 की अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 25.10.2025 अपरान्ह 04.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप अनुसंधान एवं नियोजन यूनिट-3, लखनऊ में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र व अन्य विवरण दिनॉक 06.10.2025 से दिनांक 25.10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस मे पूर्वान्ह 10:00 बजे से 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर व पंजीकृत प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राप्त किये जा सकते है। उसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा निविदायें रजिस्टर्ड, पोस्टल डाक से प्राप्त व जमा की जा सकती है, परन्तु निर्धारित समय व तिथि के पश्चात प्राप्त रजिस्टर्ड पत्रों पर कोई कार्यवाही नही की जायेगी। धरोहर धनराषि केवल राष्ट्रीय बचत पत्र, एफ.डी.आर. जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/पोस्ट ऑफिस की होगी तथा अधिशासी अभियन्ता, नलकूप अनुसंधान एवं नियोजन यूनिट-3, लखनऊ के नाम बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

अधोहस्ताक्षरीकर्ता को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदायें निरस्त करने व कार्य मात्रा घटाने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

प्रत्येक निविदादाता को रू. 100/- नान-जुडीशियल स्टैम्प पेपर पर रू. 1/- का रसीदी टिकट लगाकर यह लिखना अनिवार्य होगा कि दरें 90 दिवस तक मान्य रहेगी। इसके पहले निविदा/आफर वापस लेने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि (लाख रु. में) | | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी का मूल्य+ जी.एस.टी. (रु. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | धनराशि लाख रु. में | बन्धक हेतु अधिशासी अभियन्ता | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, नलकूप अनुसंधान एवं नियोजन मण्डल, लखनऊ के पकरी का पुल स्थित कार्यालय के भू-तल पर बॉथरूम / टॉयलेट निर्माण का कार्य। | 6.56 | 0.65 | अधिशासी अभियन्ता नलकूप अनुसंधान एवं नियोजन यूनिट-3, लखनऊ | 60 दिवस | 770.00 | ''सी'' अथवा उच्चतर |

इस निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्ते तथा विवरण उत्तरप्रदेश की वेबसाइट http://upgov.nic.in, सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in, सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता,
नलकूप अनुसंधान एवं नियोजन यूनिट-3,
लखनऊ

UPID-238531 Date: 03.10.25
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक की मौत

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के जिवली बाजार में रात 11 बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार थाना क्षेत्र सरायमोहन गांव निवासी 22 वर्षीय विजय सरोज पुत्र लालचंद्र और 20 वर्षीय विशाल यादव पुत्र सदावृज गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों एक बाइक से जौनपुर से निमंत्रण से वापस घर आ रहे थे।इसी दौरान अज्ञात वाहन से टक्कर लगने से घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी बरदह ले जाया गया। जहां पर डाक्टर ने विजय को मृत घोषित कर दिया।विशाल यादव को सदर अस्पताल रेफर कर दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।घटना की जानकारी होने पर परिजनों का रो रो के बुरा हाल रहा। मृतक तीन भाइयों एक बहन में सबसे बड़ा था।सभी अविवाहित हैं।

## सड़क दुर्घटना ने ली शिक्षक की जान

आजमगढ़। जनपद के जहानागंज थाना क्षेत्र के करउत ग्राम सभा के चौबेपुर निवासी शिक्षक मनोज चौबे का गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। घटना सुबह लगभग 10:30 बजे की है। मनोज चैबे 42 पुत्र महेन्द्र नाथ चौबे घर से बाइक से बाजार की ओर जा रहे थे।जैसे ही वह जहानागंज स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोल्हूखोर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मनोज चौबे गांव के प्राथमिक विद्यालय चैबेपुर मटियवना में सहायक अध्यापक पद पर तैनात थे। वे अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे और अपने पीछे एकलौता बेटा छोड़ गए हैं। निधन की सूचना पाते ही जहानागंज के समस्त शिक्षक समाज बड़ी संख्या में उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। माता-पिता, पत्नी पूनम और पांच बहनों का करुण क्रंदन देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। गांव सहित पूरे इलाके में इस घटना से गहरा शोक व्याप्त है।

## विषधर के डंसने से महिला की मौत

जौनपुर। विषधर के डसने से महिला की मौत हो गई।पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के मछली पट्टी भजनपुर गांव निवासी 28 वर्षीया प्रीति यादव पत्नी रोहित यादव हैंड पाइप पर पानी भर रही थी।इसी दौरान हैंड पाइप के पास पानी भरे गड्ढे से अचानक निकले विषधर ने उसे डस लिया। जिसके चलते कुछ ही समय बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए यहां पर उसकी हालत नाजुक देखकर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जबकि उसकी जिला अस्पताल पहुंचने के पहले ही मौत हो गई। परिजन को जैसे ही यह खबर मिली परिजनों में कोहराम मच गया।

## चार तस्कर सवा किलो एमडीएमए के साथ गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के थाना बदलापुर पुलिस व ए.एन.टी.एफ बाराबंकी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए. तस्करी करने वाले चार अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किग्रा 30 ग्राम अवैध एम.डी.एम.ए. 05 एण्ड्रायड मोबाइल, दो मोटरसायकिल बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक बदलापुर शेष कुमार शुक्ला के संचालन मे अभियान चलाकर ए.एन.टी.एफ टीम बाराबंकी व थाना बदलापुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मिरशादपुर ओवरब्रिज सर्विसलेन के पास से दो मोटरसायकिल सवार चार अभियुक्तों अमन सिंह पुत्र सत्येन्द्र सिंह निवासी खिजिरपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर कौस्तुभ मणि दुबे पुत्र रामदरश दुबे निवासी ग्राम बसन्त पट्टी थाना करण्ड़ा जनपद गाजीपुर, रितेश यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी ग्राम चांदपुर थाना लाइनबाजार जनपद जौनपुर, तथा अभिषेक सिंह उर्फ प्रीतम सिंह पुत्र राजन सिंह निवासी ग्राम बसन्तपट्टी थाना करण्ड़ा जनपद गाजीपुर, को पकड़ा गया जिनके कब्जे से अवैध 01 किग्रा 30 ग्राम अवैध एम.डी.एम.ए., 05 एण्ड्रायड मोबाइल, दो मोटरसायकिल बरामद करते हुए माल को कब्जा पुलिस में लेकर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

# मेले में युद्ध के बाद जलाया गया दशानन



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिले भर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा गुरूवार को उल्लास से मनाया गया। मेला समितयों द्वारा रावण का पुतला दहन कर विजय दशमी मनाया गयो। इन स्थानों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थां।प्रशासन के पास उपलब्ध सूची में पंजीकृत लगभग पंजीकृत ऐसे स्थल हैं जहां रावण का पुतला जलाया जाता है।जिले में कुल110 जगहों पर रावण का पुतला दहन किया जाता है।

जौनपुर में राजा साहब के पोखरा पर ऐतिहासिक रावण के पुतले का दहन भारी भीड के बीच किया गया । यहां एक साथ तीन रावण के पुतले जलाए हैं। एक पुतला राजा जौनपुर, दूसरा पंडित जी रामलीला समिति, तीसरा गोसाईं जी रामलीला उर्दू बाजार की तरफ से जलाया जाता है। तीनों पुतले एक साथ जलाए गये। यहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ होती है। इसी वाजिदपुर तिराहे , जेसीज चैराहे पर रावण जलाया गया और लोगों ने राम रावण के युद्ध को देखा।

ग्रामीण क्षेत्रों में इसी प्रकार मेला लगाया गया था। सिकरारा खानापट्टी का रावण दहन मेला भी चर्चित है। इसके अलावा , बदलापुर, नौपेड़वा का रावण दहन भी किया गया है।रावण दहन सूरज ढलते पर ही किया गया। रावण दहन, भरत-मिलाप आदि कार्यक्रम के लिए प्रभावी पुलिस प्रबंध कर यातायात, शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित की गयी थी।पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।मछलीशहर के सराययुसुफ के मैदान में हर साल की तरह विशाल मेले का आयोजन किया गया जहां दर्जनों आस पास के गांवों के लोग मेला देखने आये और अन्त में राम रावण युद्ध के बाद रावण का पुतला दहन किया गया। मेले में बच्चो ने खिलौने मिठाई लाई चूना, आदि की खरीददारी किया।

## रावण का सिर कलम होते ही जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा दशहरा मैदान



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार के दशहरा मैदान में विजय दशमी पर्व पर प्रभु श्रीराम के हाथों देर शाम रावण का सिर कलम होते ही दशहरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। परंपरा के अनुसार ड्रमंडगंज बाजार में रावण के पुतले का सिर कलम किया जाता है। लोहे के बने रावण के दस सिर वाले पुतले को ड्रमंडगंज बाजार का भ्रमण कराया गया।

दशहरा मैदान पर रावण का पुतला पहुंचते ही रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंजनी सोनी, संरक्षक लवकुश केशरी ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, सुरेश केशरी, अरूण मिश्र धीरज केशरी, अनिल केशरी ने राम दल की आरती उतारी। इसके बाद श्रीराम और रावण बीच हुए युद्ध के संवाद का मंचन किया गया प्रभु श्रीराम द्वारा रावण का वध करते ही जय श्रीराम के जयकारे लगने लगे।दशहरा मेला देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ जुटी हुई थी। सुरक्षा व्यवस्था में थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय व पुलिस पीएसी के जवान तैनात रहे। कार्यक्रम का संचालन तारकेश्वर केशरी ने किया। इस दौरान चंद्रमौलि केशरी, विहिप नेता पिंटू केशरी, सोनू सिंह, पंकज सोनी, इंदू पटेल, आशीष गुप्ता गुड्डू, हरिओम केशरी, विजयपाल, शशांक केशरी, संजय सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बीएसएनएल की विश्वसनीयता का प्रमाण रजत जयंती



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। भारत संचार निगम लिमिटेड की 25वीं रजत जयंती विविध कार्यक्रमों के साथ सी-डाट कार्यालय के सभागार में आजमगढ़ के उपमहाप्रबंधक प्रचालन अनिल कुमार मीणा के नेतृत्व में केक काटकर मनाया गया। रजत जयंती कार्यक्रम का आगाज सर्वप्रथम बीएसएनएल आजमगढ़ टीम द्वारा प्रातः काल एक विशाल रैली निकालकर की गई। जो कलेक्ट्रेट चौक से निकलकर नगर पालिका चौक, दीनदयाल उपाध्याय चैक होते हुए सी डाट कार्यालय पर पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हुई।

इस दौरान वृक्षारोपण भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गोरखपुर के प्रधान महाप्रबंधक विद्यानंद ने कहा कि बीएसएनएल की 25वीं वर्षगांठ हम सबके लिए गौरव का क्षण है।संस्था डिजिटल भारत की रीढ़ है और भविष्य में भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को जोड़ने का कार्य करती रहेगी।

उपमहाप्रबंधक प्रचालन अनिल कुमार मीणा ने कहाकि आजमगढ़ जनपद में अधिकांश बीटीएस फोर जी सेवा से लैस हो चुके हैं शीध्र ही पूरा जिला नेटवर्क से आच्छादित हो जाएगा। वित्त एवं लेखाधिकारी अरविन्द कुमार उपाध्याय ने कहाकि रजत जयंती बीएसएनएल की उपलब्धियों को याद करने का क्षण है। फ्रीडम प्लान में आजमगढ़ जनपद पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा। विभिन्न सेवाओं को लेकर एक चैम्पियन शिप का आयोजन हुआ। जिसमे फाइबर सेवा, मोबाइल सेवा, प्रदान करने में इंटरप्राइज बिजनेस एवं राजस्व संग्रह में गोरखपुर व्यापार क्षेत्र में उत्तर प्रदेश परिमडल मे प्रथम स्थान पर रहा। अखिल भारतीय संयुक्त सचिव आनंद कुमार सिंह ने बताया कि कई वर्षो से घाटे में रहने के बाद भी इस वर्ष पहली छमाही में बीएसएनएल ने पांच हजार करोड का लाभ कमाया है और बीएसएनएल कर्मियों का वेतन समझौता अंतिम चरण में है, इस वर्ष नया वेतनमान मिलने की पूरी संभावना है। कार्यक्रम के समापन पर उपमहाप्रबंधक परिचालन अनिल कुमार मीणा ने बीएसएनएल आजमगढ़ टीम की पूरी टीम के प्रति आभार प्रकट करते हुए बीएसएनएल की सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जन-जन तक सुलभ बनाने का संकल्प दिलाया। जयंती में राम फेर राम, पीएन सिंह, राजनाथ चौरसिया, कमलेश यादव, अवधेश नरायन तिवारी, देवेश यादव, राजनारायण चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## मजरों में प्राथमिकता के साथ चलायें विशेष सफाई अभियानः डीएम

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग अभियान से सम्बन्धित स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रो में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संचारी रोग के चिन्हित संवेदनशील, अतिसंवेदनशील ग्रामों में निरोधात्मक कार्यवाही, एन्टीलार्वा का छिड़काव, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान चलाने का निर्देश दिया।इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रो में सभी नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों को कार्य योजना के अनुसार अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।उन्होंने कहा कि घरो, कार्यालयों व अन्य ऐसे स्थलों पर जहां साफ पानी काफी दिन तक इकट्ठा होता हो जैसे कूलर, गमला, छतो पर, घर के आस पास के गड्ढों आदि ठहरे हुए पानी के पास एंटी लार्वा का छिड़काव अवश्य करे ताकि डेंगू रोग से बचाव किया जा सकें। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पैदा होता है।जैसे नाद, टूटे-फूटे पात्र, गमला, कूलर पुराने टायर खुली टंकी, फ्रीज, की ट्रे ऐसे जगहों साप्ताहिक अन्तराल पर निस्तारित, गिराया जाय। और जहा से पानी हटाने लायक न हो वही एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाय। इस तरह का कार्य अर्बन क्षेत्र में भी कराया जाय। सभी विभाग से अपने कर्मचारियों का ओरियन्टेशन गुणवत्ता परक कराये। हैण्ड पम्प के पास इकट्ठे पानी में मिट्टी का तेल, डीजल, मोबिल भी डाला जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ग्राम पंचायत द्वारा आहुत खुली बैठक में डाक्टर, सीएचओ, एएनएम की मौजूदगी अवश्य सुनिश्चित कराये।स्वास्थ्य विभाग खुली बैठक में पाये गये संदिग्ध मरीजों की जांच एव इलाज कराना स्वास्थ्य सुनिश्चित करें। अक्टूबर नवम्बर में मोतिया बिन्द आपरेशन हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रो पर कैम्प लगाये। दिव्यांग जन की सहायता हेत दिव्यांग सर्टिफिकेर एव सम्बन्धित विभाग से स्क्रीनिंग कराते हुए दिव्यांगों को देना सुनिश्चित करें।7 बी के रोगियों की खोज एव उसका उपचार सुनिश्वित किया जाय। कोई भी रोगी बीच दवा न छोड़ें 4-6 दिन पूर्व दवा खत्म होने से पहले दवा प्राप्त कर ले रोगी की एव परिवार की काउंसलिंग की जाय कि बीच में किसी भी हालत दवा बन्द न की जाये।

## गांधी और शास्त्री जयंती मनायी गयी

जौनपुर ।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई।कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव , राज्य सभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय अंबष्ट, सहित उपस्थित अधिकारी द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। छात्राओं के द्वारा रामधुन गाई गई जिसपर जिलाधिकारी ने शिक्षिका और छात्राओं को डायरी, पेन और मिष्ठान्न देकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री जी ने कहा कि उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारे। लाल बहादुर शास्त्री जी के संघर्ष, आदर्श एवं चिंतन के बारे में विस्तार से चर्चा की और कहा कि उनका आदर्श और सादगी भरा जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है।सांसद ने गांधी जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए देश की आजादी में उनके योगदान तथा लाल बहादुर शास्त्री जी द्वारा किसानों की आत्मनिर्भरता तथा देश के विकास में उनके योगदान का उल्लेख किया।जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, सादा जीवन, उच्च विचार को अपनाना चाहिए।शांति जीवन में खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करती है।देश को आजादी दिलाने में सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अतुल्य योगदान रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी वस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अवलोकन जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण सहित आमजनमानस द्वारा किया गया। इसके साथ ही विकास भवन सहित समस्त कार्यालयों में महात्मा गांधी जी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## बापू, शास्त्री को आत्मसाध करने की है आवश्यकताः डीएम



आजमगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम रविन्द्र कुमार द्वारा झंडारोहण किया गया।तत्पश्चात गांधी हाल में डीएम रविन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गम्भीर सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर सभी को धन्यवाद देते हुए गांधी के जीवन संघर्ष, देश की सेवा एवं उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जूनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर त्रिसा यादव, जनता इण्टर कालेज अहिरौला आजमगढ़ को 51 हजार, द्वितीय स्थान अर्पिता राजकीय बालिका इण्टर कालेज अजमतगढ़ आजमगढ़ को 21हजार एवं तृतीय स्थान उम्मे कुलसुम आदर्श इण्टर कालेज हंडिया आजमगढ़ को 11हजार, सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भावना विश्वकर्मा, साईं कालेज आफ एजुकेशन महिला महाविद्यालय लालगंज, आजमगढ़ को 51 हजार, द्वितीय स्थान अंकिता, सुशीला राय महिला महाविद्यालय सरायमोहन आजमगढ़ को 21 हजार एवं तृतीय स्थान नंदिनी सैनी, बाबा बैजनाथ जी महाविद्यालय किशुनदासपुर आजमगढ़ को 11 हजार तथा सामान्य वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अनुराग मौर्य ब्लाक सठियांव आजमगढ़ को 51 हजार, द्वितीय स्थान शालिनी विश्वकर्मा, मन्दुरी आजमगढ़ को 21 हजार एवं तृतीय स्थान निवेदिता अस्थाना, शानिचर बाजार फूलपुर, आजमगढ़ को 11 हजार की पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र वितरित किया।

## बीडीओ लायें विकास कार्यों में तेजी : डीएम



मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी विकास खण्डो के खण्ड विकास अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक कर ग्रामीण अंचलों में चल रहे विकास कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि विकास योजनाओं में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्यो में तेजी लाए ताकि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अनुश्रवण पुस्तिका के रैकिंग में सुधार लाया जा सकें।जिलाधिकारी ने एनअआरएलएम में गठित समूहो को सक्रिय करने तथा सक्रिय समूहो के रिवालविंग फण्ड आदि में बैंको से सम्पर्क स्थापित करते हुए ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी हलिया, नरायनपुर, जमालपुर व छानबे को 150-150 तथा अन्य शेष विकास खण्डो में 100-100 सामूहिक विवाह के आवेदन पत्र को आगामी 20 अक्टूबर 2025 तक प्रत्येक दशा में भरवाते हुए सत्यापन आदि कराकर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जा सकें। उन्होंने फैमिली आईडी, गौशालाओं का सुन्दरीकरण, ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले बैठको को समयबद्ध तरीके से कराएं जाने के भी निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि 2 अक्टूबर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक प्रत्येक ग्राम पंचायतों में प्रत्येक दिन खुली बैठक कराए जाने के अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व एएनएम खुली बैठक में पहुंचकर कैम्प लगाते हुए लोगो की जांच व स्वास्थ्य विभाग के संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाए। इसी प्रकार अन्य विभाग द्वारा भी सम्बन्धित अधिकारी पहुंचकर योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करे तथा ग्राम स्तर पर आने वाली समस्याओं का समाधान कराएं। जिलाधिकारी ने गौशालाओं के सुन्दरीकरण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम एक-एक मॉडल गौशाला बनाया जाए जिसमें स्वस्थ गौवंशो के साथ समस्त सुविधाएं उपलब्ध हों। प्रत्येक गौशालाओं में खण्ड विकास अधिकारी निरीक्षण कराते हुए रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं में चारा, खरी, चूनी, पेयजल उपलब्ध होने के साथ ही नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट अंशुल हिन्दल, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहें।

## क्रॉस कन्ट्री रेस में खुशी और शिव ओम प्रथम



जौनपुर। सेवा पखवाड़ा, नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयन्ती के अवसर पर जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में पुरूष वर्ग की 05 किमी0 एवं महिला वर्ग की 03 किमी0 क्रॉस कन्ट्री रेस का आयोजन प्रातः 7.00 बजे से कराया गया।

पुरूष एवं महिला क्रास कन्ट्री रेस का शुभारम्भ उप निरीक्षक आबकारी विभाग अब्दुल कैश ने हरी झण्डी दिखाकर किया।प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्याम बाबू यादव थे। इस अवसर अब्दुल कैश एवं अनिल यादव, अध्यापक भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथि द्वारा महिला एवं पुरूष वर्ग में प्रथम छः स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग- खुशी पटेल प्रथम, बिन्दु पटेल द्वितीय, शिवांगी यादव तृतीय, पूजा यादव चतुर्थ, अमृता यादव पंचम एवं नैन्सी छठें स्थान पर रही। इसी प्रकार पुरूष वर्ग में- शिव ओम प्रथम, खादिम द्वितीय, श्रेयांश यादव तृतीय, आकाश निषाद चतुर्थ, आकाश पटेल पंचम तथा मो0 इकबला छठें स्थान पर रहे। संचालन राजकुमार यादव, ने किया क्रीड़ा अधिकारी द्वारा रेस के समापन के उपरान्त झण्डारोहरण के उपरान्त खिलाड़ियों को मिष्ठान्न वितरण कराया गया।

## करंट से झुलसकर स्कूल वाहन चालक की मौत

आजमगढ़। अतरौलिया थाना क्षेत्र के बहेलियापार गांव में बुधवार की रात में करंट से झुलसकर स्कूल वाहन चालक की मौत हो गयी। घटना के समय वह बाइक से अपना खेत देखने के लिए जा रहे थे। मृत चालक के पिता ने गांव के ही निवासी दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। अतरौलिया थाना क्षेत्र के बहेलियापार गांव निवासी 26 वर्षी सूरज गिरी पुत्र सुरेंद्र गिरी क्षेत्र में स्थित दीप एकेडमिक विद्यालय में वाहन के चालक पद पर कार्यरत थे। वे बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे घर से बाइक पर सवार होकर अपना खेत देखने के लिए जा रहे थे। रास्ते में खेत की सिंचाई के लिए गांव के ही कुछ लोग ट्रांसफार्मर से अवैध नंगा तार जोड़कर खेत में बिछाया था। परिजनों का कहना है कि उसी तार के संपर्क में आने से सूरज गिरी करंट से झुलस गए। शोर सुनकर आस-पास के लोग पहुंच गए। ग्रामीण उन्हें लेकर एक निजी अस्पताल में पहुंचे। डॉक्टर ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। तत्पश्चात परिजन सूरज को लेकर सौ शैय्या अस्पताल अतरौलिया ले गए, वहां भी चिकित्सकों ने मृत्यु की पुष्टि कर दी। मृतक सूरज गिरी के दो भाई रुदल और अर्जुन के अलावा दो बहनें सरिता एवं प्रियंका हैं। मौत की खबर जब परिजनों को हुई तो मां लक्ष्मी, पिता सुरेंद्र गिरी के साथ ही बहन और भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृत सूरज के पिता ने गांव के ही निवासी दो युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अतरौलिया थानाध्यक्ष ने कहा कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विजयदशमी पर बजरंग दल की ओर से निकाली गयी देवी-देवताओं की झांकियां

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज बाजार में विजयदशमी पर्व पर बजरंग दल समिति द्वारा देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां निकाली गई। बजरंग दल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्शों पर चलकर कर्तव्यों का पालन करें। बुराइयों का त्याग करें तभी आदर्श समाज का निर्माण होगा। विशिष्ट अतिथि विहिप के विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रभु राम ने अत्याचारी रावण का वध कर सत्य की पताका फहराई थी। विजयदशमी पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। कार्यक्रम को बजरंग दल के जिला संयोजक अशोक सिंह, विहिप के जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर मिश्र, क्षत्रपाल सिंह आदि ने भी संबोधित किया। बंजरग दल समिति के अध्यक्ष शिवम केशरी व उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता गूड्डू की अगुवाई में शिव तांडव, मां काली तांडव व देवी देवताओं की भव्य झांकी निकाली गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, सुरेश केशरी, धीरज केशरी, इंदू पटेल, हरिओम केशरी, पंकज सोनी, सोनू सिंह थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ब्रह्मदीन पांडेय पुलिसकर्मियों संग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत ड्राइविंग माय ड्रीम्स (मेगा इवेन्ट) का शुभारम्भ

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत ड्राइविंग माय ड्रीम्स (मेगा इवेन्ट) का शुभारम्भ किया गया, जिसमें व्यस्क महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेन्स कोर्स, ड्राइविंग लाइसेन्स की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसके क्रम में शुक्रवार को परिवहन विभाग के ड्राइविंग ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट (डीटीआई) आईटीआई परिसर, में



कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, विद्यालयों के लगभग 100 से अधिक महिलाओं, बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसे संतोष कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित चिन्ह एवं ड्राइविंग टेस्टिंग सेमुलेटर से छात्राओं को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ यातायात के नियमों की भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) संतोष कुमार सिंह एवं आईटीआई पॉलटेक्निक के अध्यापक व परिवहन विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## अश्रुपरित नेत्रों से मां की प्रतिमाओं का विसर्जन

जौनपुर। मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार से शुरू होकर शुक्रवार की सुबह तक भक्तिभाव और श्रद्धा के वातावरण में सम्पन्न हुआ। नगर के सद्भावना पुल स्थित विसर्जन कुंड पर लगभग 300 प्रतिमाओं का अश्रुपूर्ण नेत्रों से विसर्जन किया गया।विसर्जन से पहले जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अधिकारियों ने मां की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर और हरी झंडी दिखाकर विसर्जन यात्रा का शुभारंभ किया। जिले की ह्वबड़ी महारानीह्व कही जाने वाली मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन हुआ। इससे पहले जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने मां को अक्षत और पुष्प अर्पित कर अंतिम विदाई दी। विसर्जन का यह अद्भुत दृश्य देखने के लिए लाखों श्रद्धालु जय माता दी के गगनभेदी नारों के बीच देर रात तक मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस



प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। पुलिस लगातार गश्त करती रही। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह लंगर लगे रहे, जहाँ भक्तों को हलवा, पूरी, चाय और प्रसाद वितरित किया गया। सामाजिक संगठनों ने भी मेले में आने-जाने वालों की सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्तों के जयकारों और प्रशासन की मुस्तैदी के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का यह भव्य विसर्जन पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

## खंभे से गिरकर घायल सविदा कर्मचारी की मौत

जौनपुर। बिजली के खंभे पर चढ़कर केबिल जोड़ते समय बिजली चालू कर देने से करंट से गिरकर घायल संविदा कर्मचारी की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ज्ञात हो कि कि बरसठी थाना क्षेत्र के धर्मदास पुर गांव निवासी 45 वर्षीय राम आसरे पुत्र हीच नारायण शर्मा 29 सितंबर को गांव में ही किसी विद्युत उपभोक्ता की कंप्लेंट पर खंभे पर चढ़कर केवल जोड़ने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान लाइन चालू हो जाने के कारण करंट और खंभे पर से गिरने पर उन्हें गंभीर चोट आई परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती करवाए। जहां गुरुवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के दामाद मिथुन शर्मा ने बताया कि वह संदीप यादव नामक बिजली विभाग में लाइनमैन पद पर संविदा कर्मचारियों के साथ काम किया करते थे। शटडाउन लेकर कंप्लेंट पर किसी विद्युत उपभोक्ता की खंभे से केवल कट जाने के कारण केवल जोड़ने के लिए खंभे पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक बिजली के आ जाने से वह करंट और खंभे से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तभी उन्हें जिला अस्पताल भर्ती करवाया गया था।

## 36 दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल वितरित

जौनपुर। सेवा पखवाड़ा अभियानह्व के अन्तर्गत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री , सांसद राज्यसभा, जिलाधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर ट्राइसाइकिल को रवाना किया गया। कुल 36 ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर तथा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल वितरित किया गया है, और खादी वस्त्र की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया है, महात्मा गांधी जी का कथन था कि समाज के सबसे पिछले पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी अग्रिम पंक्ति पर लाकर उसे समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए इसी क्रम में आज दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल वितरित जा रहा है।

संक्षेप

## दशहरा पव धूमधाम से मनाया गया

**बहराइच।** असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व गुरुवार को जिले में धूमधाम से मनाया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामलीला मैदान में राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ। मयादां पुरुषोत्तम श्री राम के अग्निबाण चलाते ही लगभग 55 फिट का रावण का पुतला, मेघनाद व कुम्भकर्ण का पुतला धू-धू कर जल गया और इस तरह एक बार फिर बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ ही अनाचार पर सदाचार की विजय और असत्य पर सत्य की जीत हुई।रावण दहन के बाद आकर्षक जमकर आतिशबाजी की गई जो आकर्षण का केन्द्र रही।इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपदवासियों को विजयदशमी की बधाइयां दीं। ग्रामीण अंचलों में भी दशहरे की धूम रही। दशहरा के दिन रामलीला में राम और लक्ष्मण मैदान पहुंचे।

इससे पूर्व प्रकांड विद्वान रावण ने राम से युद्ध में विजय प्राप्ति के लिए शिव की आराधना कर विजय का आशीष मांगा। राम-रावण युद्ध से पूर्व हुई लीला में कुम्भकर्ण और मेघनाथ भी मारे गए। इसके बाद राम और रावण का युद्ध शुरू हुआ। घंटों चले युद्ध के बाद राम के एक साथ 21 बाण छोड़े जाने पर रावण के नाभि का अमृत सूख जाता है।उसके दसों सिर और दसों भुजाएं कट गई। इसी के साथ रावण का अंत हो गया। रावण का वध होते ही पूरा रामलीला मैदान भगवान राम के जयकारों से गूंज उठता है। बाद में रावण का पुतला दहन हुआ। श्री राम के अग्निबाण चलाते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा।

# स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है खादीः विधायक



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर स्थित खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, सपहा के परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।मुख्य अतिथि भाजपा विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि गांधी ने खादी को केवल वस्त्र नहीं बल्कि स्वतंत्रता और

**● गांधी, शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिकः दुर्गेश राय**

स्वाभिमान का प्रतीक बनाया। आज जरूरत है कि हम खादी को अपनाकर गांवों को सशक्त करें और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करें। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में खादी को नई पहचान मिल रही है और यह अब राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है।भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि गांधी और शास्त्री का जीवन आदर्श और प्रेरणा का स्रोत है। गांधी जी के स्वदेशी आंदोलन और शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि खादी और स्वदेशी के विचार को अपनाएं और ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने कहा कि गांधी का विचार केवल इतिहास नहीं है।वह आज भी जीवंत है। खादी केवल पहनावा नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की भावना को बढ़ावा देती है। युवाओं को इससे जुड़ना चाहिए। खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान सपहां फाजिलनगर के मंत्री पंकज कुमार पांडेय ने सभी आगंतुकों, कार्यकताओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि खादी ग्रामोद्योग को केवल उत्पादन केंद्र न बनाकर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार का मजबूत आधार बनाया जाए। यह संस्थान ग्राम विकास का केंद्र बने, यही हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा अजय राय, पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष गिरी, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. कन्हैया शर्मा, कुंवर सुभाष सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में समाजसेवी अनिल जायसवाल, पूर्व ग्राम प्रधान नरेंद्र पांडेय, विजय पांडेय, अनुराग पांडेय, सुबोध त्रिपाठी, नंदकिशोर पांडेय, राजेश दूबे, खूबलाल, प्रमोद राय, योगेन्द्र कुशवाहा, राना सिंह, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

## याद किये गये महात्मा गांधी और शास्त्री जी

**देवरिया।** 2 अक्टूबर सेवा समिति बनवारी लाल इण्टर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सच्चे अर्थों में गांधीवादी एवं जय जवान जय किसान का नारा देने वाले भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर किया। चीफ एनसीसी ऑफिसर डॉ राजेश मिश्र ने स्वच्छता शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उक्त अवसर पर विद्यालय में एक गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्टी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी ने कहा, कि यदि गांधी जी के ट्रस्टशिप

सिद्धांत को जीवन में अमल कर लिया जाए, तो भारत की ही नहीं, पूरे विश्व की आर्थिक समस्या का समाधान किया जा सकता है। प्रधानाचार्य ने कहा, कि इस समय भारत में संघर्ष का दौर नहीं है, निर्माण का दौर चल रहा है। हम सभी गांधी जी के जीवन दर्शन से एवं गांधीवादी स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की सादगी से अपने जीवन की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। श्री अनिल कुमार मिश्र, प्रवक्ता गणित ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, अंत्योदय की धारणा, उनके द्वारा चलाए गए राष्ट्रीय आंदोलन, उनके द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए बनाए गए मार्ग, बालिका शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार, एवं उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में किये कार्य, उनके सादा जीवन एवं उच्च विचार, ग्राम स्वराज एवं महान गांधीवादी स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं कृतित्व पर विस्तार से गोष्ठी में अपने उद्बोधन के माध्यम से छात्र- छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया, एवं उनके सिद्धांतों पर चलकर युवा भारत आधुनिक भौतिकवादी संस्कृति से कैसे अपने को मुक्त करके राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका दे सकते हैं, सभी छात्र-छात्राओं का आवाहन भी किया। कार्यक्रम का संचालन चीफ एनसीसी ऑफिसर डॉ राजेश मिश्र ने किया। उक्त अवसर पर सर्व श्री अशोक कुमार चौहान, शिवधारी प्रसाद, संजयानन्द पाण्डेय, अजय पाण्डेय, रमाशंकर चौरसिया, संजीव कुमार पाठक, देवव्रत श्रीवास्तव, श्रीमती सुमन सिंह, संतोष कुमार राय, अविनाश कुमार बरनवाल, गुलाबचंद चौरसिया एवं आदित्य त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।




## देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**देवरिया।** पिछले दस दिनों से शहर से लेकर कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक चला दुर्गा पूजा महोत्सव अब दुर्गा प्रीतिमाओ के विसर्जन के साथ समापन की ओर है । दस दिनों तक जगह-जगह दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना ,भजन पूजन ,देवी जागरण, व्रत हवन, भंडारों के बाद अब प्रतिमाओं का विधिवत हवन पूजन के बाद ढोल नगाड़े ,डी जे पर बजते देवी गीतों हाथी घोड़े के साथ निकले जलूस के साथ छोटी गण्डक ,पति, सरयू और खुआ नदियों के विभिन्न घाटों पर भारी सुरक्षा के बीच विसर्जन जारी है । छोटी गण्डक के पटनवा, महुआपाटन, आम घाट ,बनकटाशिव, नुरीगंज, भटनी ,एकला आम ,भरहेचौरा चनुकी आदि घाटों पर गाजेबाजे के साथ सजी ट्रैक्टर ट्रालियों ,ट्रकों देवी भक्तों की भीड़ विस्त्रजमन के लिए पहुच रही है ।विसर्जन घाटों लाईट और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है ।भक्तों की भीड़ नाचते गाते विसर्जन स्थलों पर प्रतिमाओं को लेकर पहुंच रहे हैं जहां भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कोई घटना ना हो सके ।शहर की प्रतिमाओं का विसर्जन छोटी गंडक के पटनवा पुल ,महुआ पाटन घाटों पर किया जा रहा है ।छोटी गण्डक नदी के बैकुंठपुर बनकटा शिव, नुरीगंज भटनी आदि घाटों पर तथा बरहज भागलपुर लार की प्रतिमा का सरजू नदी की विभिन्न घाटों पर विसर्जित की जा रही है ।विदित हो कि इसवर्ष दशहरा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस तथा प्रशासन प्रारंभ से ही काफी चौकस रहा है और प्रतिमाओं के विसर्जन के समय भी यह सतर्कता, चौकसी दिख रही है ।विगत वर्षों कीतुलना में इस वर्ष बड़ी संख्या में स्थापित भव्य पपण्डालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन पूजन के लिए भारी भीड़ जिला मुख्यालय पर मूर्तियां को विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मानित भी किया गया ।पिछले कुछ वर्षों से प्रतिमाओं के पास भंडारों के आयोजन इस वर्ष काफी जगह हुआ देखा गया ।

## जुम्मे की नमाज और मूर्ति विसर्जन पर किया गश्त



**देवरिया ।** आज अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी देवरिया श्री आनन्द कुमार पाण्डेय व एडीएम प्रशासन श्री जैनेन्द्र सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के साथ जुम्मा की नमाज एवं मूर्ति विसर्जन के अवसर पर नगर क्षेत्र का व्यापक भ्रमण एवं पैदल गश्त किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संवेदनशील मार्गों, धार्मिक स्थलों, चौक-चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी द्वारा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को सतर्कता एवं सक्रियता के साथ अपनी-अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर सतर्क दृष्टि रखने को कहा। उन्होंने क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं आम नागरिकों से भी संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारे एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

गश्त के दौरान यातायात व्यवस्था का भी जायजा लिया गया तथा पुलिस कर्मियों को यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि नमाज एवं विसर्जन स्थल के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे।

# जिले में शस्त्र पूजन कर निकला पथ संचलन



**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना दिवस विजयादशमी के अवसर पर नगर सहित विभिन्न विकास खंड केंद्र स्थित मंडल में शस्त्र पूजन कर पथ संचलन निकाला गया। स्वयंसेवको द्वारा रक्तदान किया गया। पथ संचलन का क्षेत्रीय गणमान्य

**● मातृभूमि की सेवा को परम धर्म मानते हैं संघ के स्वयंसेवक**
**● नागरिकों द्वारा भव्य पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का किया स्वागत**

नागरिकों द्वारा भव्य पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।बहराइच नगर में महाराज सिंह इंटर कॉलेज में एकत्र स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख राम लखन जी ने कहा कि विजयदशमी का पर्व संपूर्ण समाज के लिए पावन स्मृति है इसी दिन असत्य पर सत्य की विजय हुई थी तथा इसी दिन राष्ट्रीय सेवा संस्कार और स्वाभिमान के पद पर चलने वाले एक महान संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शुभारंभ हुआ था, आज राष्ट्र आराधन सेवा और समर्पण का 100 वर्ष पूर्ण हुआ है। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक मातृभूमि की सेवा को अपना परम धर्म मानता है। इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया जो गुरु नानक चौक, छावनी चौराहा, घंटाघर छोटी बाजार होते हुए महाराज सिंह इंटर कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुआ। महसी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राजकिशोर जी ने कहा कि आज समाज जीवन में स्वयंसेवकों की साधना के आधार पर समाज को जोड़ने का काम सबको लेकर सबके साथ चलने का स्वभाव संस्कार जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना परिवारों का विखंडन न होने पाए इसलिए समाज का प्रबोधन करना, हमारे जीवन मूल्य क्या है हमारा इस देश के लिए कर्तव्य क्या है उनका पालन करना भारत अपनी स्व के आधार पर आगे बढ़ा ऐसे स्व का हम सब के जीवन में प्रगटीकरण हो , हम सब सबको लेकर सबके साथ चलने का स्वभाव संस्कार बनाएं और भारत पुनःविश्व गुरु के स्थान पर सुशोभित हो।

## महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षार्थ व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गया

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिए जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्व मिशन शक्ति अभियान- 5.0ह्व के तहत आज दिनांक 03.10.2025 को जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांवों, कस्बों, दुर्गा पण्डालों, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों सहित अन्य विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर तथा चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधी समस्याओं के निस्तारण हेतु चौपालों का आयोजन कर जागरुकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में व साथ ही साथ कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी व पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया

# बनाये जायेंगे निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस

**बहराइच।** जिले में सरकार द्वारा संचालित योजना मिशन शक्ति अभियान के तहत जिला परिवहन विभाग व जिला प्रोबेशन विभाग की ओर से मिशन शक्ति अभियान के तहत एक माह तक चलाए जा रहे विशेष अभियान में 100 बालिकाओं व शिक्षिकाओं का निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाया जायेगा। एआरटीओ ओ.पी. सिंह ने बताया की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन की ओर से मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा हैं इसी के क्रम में जिले में निःशुल्क 100 बालिकाओं का ड्राइविंग लाइसेंस ऑफलाइन बनाने का शासन से निर्देश प्राप्त हुआ हैं। ऐसे में स्कूल में पढ़ने वाली छात्राएं व शिक्षिकाएं इस अभियान में योजना के तहत निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही उन्होने बताया की वाहन चलाने का प्रशिक्षण भी छात्राएं और शिक्षिकाएं परिवहन विभाग से निःशुल्क प्राप्त कर सकती हैं। उन्होनेकी यह अभियान 2 नवंबर तक जारी रहेगा और 100 बालिकाओं को निशुल्क ड्राइवरिंग प्रशिक्षण देकर वाहन चलाने का लाइसेंस वितरण किया जाएगा। जिला प्रोबेशन विभाग के जेन्डर स्पेशलिस्ट लक्ष्मी कांत शुक्ला ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वालंबन बनाने के तहत सरकार द्वारा संचालित योजना मिशन शक्ति के तहत स्कूलों को 100 बालिकाओं व शिक्षिकाओं को निशुल्क वाहन चलाने का प्रशिक्षण देकर वाहन चलाने का लाइसेंस वितरण किया जायेगा।

# दशहरा मेले में रावण के पुतले का दहन

**कुशीनगर।** दशहरा के अवसर पर नगर पालिका परिषद कुशीनगर के सिसवा महन्थ स्थित श्री राधा कृष्ण मठ परिसर में रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान महिला पुरुष व बच्चों के जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण गुज उठा।

शुक्रवार को दिन में रामलीला का मंचन कलाकारों ने किया। जिसमें श्रीराम व रावण युध्द का मंचन देख लोग रोमांचित हो गए। अंत मे प्रभु श्रीराम ने दशानन रावण के नाभि में बाण चलाया। बाण रावण के पुतले में लगते ही जोरदार धमाके के साथ आग पकड़ लिया औ? पुतला आग की लपटों के साथ धु धु कर जल उठा। श्रद्धालुओं ने जयश्रीराम के नारे लगाए। दर्शकों द्वारा दहन का जमकर सेल्फी और फोटो लिया व शेयर किया। इसके बाद उक्त पुतले को हाथी से कुचलवाया गया और हाथी पर राजाराम चन्द्र सहित जनक नंदनी, भ्राता लक्ष्मण और हनुमान से सजी झांकी निकली। लोगों ने जयश्रीराम के गगन भेदी नारे लगाए और प्रभु श्रीराम व माता सीता का आशिर्बाद लिया। नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, सभासद विजेंदर सिंह उर्फ भगत सिंह, गेंदा सिंह, पीएन सिंह, अजेंद्र सिंह, अमेरिकन सिंह, अनिल सिंह, गिरिजेश सिंह आदि ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती आरम्भ कराया। महन्थ शिवशरण दास ने श्रद्धालुओं को आशिर्बाद दिया। आयोजित मेले में हजारों लोगों ने आनन्द लिया। इस दौरान केदार नाथ सिंह, ओमप्रकाश जायसवाल, गोबर्द्धन गोंड, घनश्याम राय, केदार यादव, राम गुलाब यादव, इम्तियाज अंसारी, सत्येंद्र मिश्रा, पूर्व सभासद प्रतिनिधि अमरजीत सिंह, एड. उदयभान यादव, अजय सिंह, संजय सिंह, सत्य प्रकाश त्यागी, मन मोहन गोंड, जयराम सिंह, रामप्रीत सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मेला में शामिल हुए।



## दो युवकों ने खाया जहर, एक गंभीर, दूसरा खतरे से बाहर

**भटनी (देवरिया)** ।स्थानीय नगर के हरिकीर्तन मोहल्ला वार्ड नंबर 7 में दो युवाको का एक साथ जहर खाने का मामला प्रकाश में आया है ।बताया गया है कि जुल्फकार उम्र 18वर्ष पुत्र मोहम्मद अली निवासी वार्ड नंबर 7 हरिकीर्तन मोहल्ला थाना भटनी व अमन ठाकुर उम्र 19 वर्ष नंदपुर जो एक दूसरे के मित्र है किसी बात को लेकर दोनों ने दोपहर को एक साथ जहर खा लिया। जब इसकी सुचना दोनों के परिजनों को हुई तो आनन फानन में पी एच सी भटनी पर लेकर गएँ, जहाँ चिकित्सक ने दोनों कि स्तिथि गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में जुल्फकार पुत्र मोहम्मद अली का दवा ईलाज चल रहा है जो खतरे से बाहर बताया जा रहा है। वही अमन ठाकुर कि हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है।

## 52 का चालान 2 वाहन सीज




**देवरिया ।** पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी देवरिया श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बस, ऑटो एवं ई-रिक्शा वाहनों, बिना हेलमेट एवं गलत नंबर प्लेट के वाहन चलाने वालों तथा चार पहिया वाहन में काली फिल्म लगाने व बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 52 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गया ।

## विधानसभा वार आयोजित होंगी खेल स्पर्धाएं

**देवरिया ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया कि मा० विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन विधानसभावार किया जाएगा। भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र में 9 अक्टूबर को मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज, भाटपाररानी में प्रतियोगिता होगी। रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र में 11 अक्टूबर को बरियारपुर खेल मैदान में तथा रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में 12 अक्टूबर को सतासी इंटर कॉलेज, रुद्रपुर में खेल स्पर्धा आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार सलेमपुर विधानसभा में 13 अक्टूबर को बापू इंटर कॉलेज, सलेमपुर में, देवरिया सदर विधानसभा में 15 अक्टूबर को राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया में, बरहज विधानसभा में 17 अक्टूबर को बाबा राघव दास भगवान दास आश्रम विद्यालय, बरहज में तथा पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र में 24 अक्टूबर को राजेश्वरी देवी रामसुलभ सिंह महाविद्यालय, कुर्मी पट्टी पथरदेवा में प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इन स्पधाओं में कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, बैडमिंटन, जूडो, फुटबॉल और भारोत्तोलन की प्रतियोगिताएँ कराई जाएँगी। इनमें सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतिभागियों का पंजीकरण ट८ ईं१३ ढङ्क१३' पर कराया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी पोर्टल पर पंजीकरण कर निर्धारित तिथि और स्थान पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

## आचार्य त्रिभुवन पांडेय ने सुनायी मनु-सतरूपा की कथा, बताया पृथ्वी उद्धार का संदेश

**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर क्षेत्रके लवकुश पश्चिम पांडेय टोला में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक रस में डुबकी लगाई। कथा का आयोजन हरिश्चंद्र मिश्र के आवास पर किया गया है। जिसमें काशी से पधारे सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित त्रिभुवन पांडेय जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा का अमृतपान रातें हुए कथा में सृष्टि के प्रारंभ में महाराज मनु और माता सतरूपा की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। बताया कि कैसे मनु-सतरूपा ने तपस्या कर भगवान नारायण को प्रसन्न किया, और उनके वंश से उत्पन्न हुए पृथु महाराज ने पृथ्वी का उद्धार कर उसे समृद्ध बनाया।आचार्य जी ने कहा कि महाराज पृथु ने जब देखा कि पृथ्वी पर अन्न का अभाव है और प्रजा दुखी है, तब उन्होंने पृथ्वी का गाय के रूप में पीछा किया और उसे दुह कर अन्न प्राप्त किया।

# त्रि-दिवसीय ब्लॉक ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के पडरौना स्थित होटल शिवराम पैलेस में आदिवासी विकास और जागरूकता के लिए आयोजित आदि कर्मयोगी अभियानः रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत त्रि-दिवसीय ब्लॉक ट्रेनर प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ विधायक मनीष जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने बताया कि यह अभियान उत्तर प्रदेश के 7 आकांक्षात्मक जनपदों में से कुशीनगर जनपद के विशुनपुरा ब्लॉक में विशेष रूप से 34 ग्राम पंचायतों के लिए लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त पांच मास्टर ट्रेनर अधिकारियों द्वारा ब्लॉक स्तर की टीम को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो आदिवासी जनजाति के लोगों की समस्याओं का सर्वे करके रिपोर्ट तैयार करेंगे और उसे जिला प्रशासन तथा केंद्र सरकार को भेज कर आवश्यक योजनाओं को ग्राम पंचायत तक पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी, चिकित्सा विभाग ,वन विभाग, जल निगम, बाल विकास विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने अभियोजन के दौरान टीमों को पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। इस पहल से आदिवासी समुदाय के विकास में नयी ऊर्जा और बेहतर सहयोग की उम्मीद बुनी जा रही है। विशुनपुरा ब्लॉक की इस पहल से आदिवासी कल्याण की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ते हुए क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आदिवासी वर्ग में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि वे मुख्यधारा में समेकित रूप से शामिल हो सकें। उत्तर प्रदेश राज्य में पहले चरण में 7 जनपद का चयन का हुआ । जिसमें से जनपद का भी चयन हुआ, कुशीनगर में आकांक्षात्मक ब्लॉक विशुनपुरा का चयन हुआ। आदिवासी के कमी को पूरा करना, जनपद कुशीनगर में ब्लॉक विशुनपुरा में 34 ग्राम का चयन हुआ है, जिसमें ब्लॉक स्तर टीम ग्राम पंचायत का सर्वे होना है। उस ग्राम पंचायत का ब्लॉक मास्टर ट्रेनर जनजाति का सभी प्रकार का समस्या की रिपोर्ट तैयार कर जनपद पर भेजकर फिर आगे भारत सरकार को भेजकर आगे ग्राम पंचायत में सुविधाएं उपलब्ध कराना है। विशुनपुरा ब्लॉक में चयनित 34 ग्राम का सर्वे में उस गांव का विकास कराना ही मुख्य विंदु है। कार्यक्रम में विधायक पडरौना मनीष जयसवाल और समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, समाज कल्याण अधिकारी विकास शैलेन्द्र गौतम, उप चिकित्साधिकारी अवधेश कुशवाहा, वन विभाग, जल निगम विभाग, ग्राम विभाग विभाग, बाल विकास विभाग, आदि अन्य सहयोगी लोग मौके पर उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए ब्लॉक मास्टर ट्रेनर ग्राम स्तर पर सक्रिय होकर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को सही तरीके से लागू करने में मदद करेंगे, जिससे सशक्त ग्राम पंचायतों का निर्माण होगा। यह कार्यक्रम आदिवासी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो क्षेत्र के सामाजिक- सांस्कृतिक उत्थान और आर्थिक प्रगति की नींव मजबूत करेगा।




# डीएम ने यूपीआरएनएसएस निर्माण प्रखण्ड गोरखपुर के विरुद्ध प्रबंध निदेशक को लिखा पत्र

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा पूर्व बैठक में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान पाया गया कि कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस निर्माण प्रखण्ड गोरखपुर द्वारा जनपद कुशीनगर में विभिन्न विभाग के कार्यों को कराया जा रहा है जिसमें परियोजनाओं को पूर्ण करने की तिथि समाप्त हो गयी है. परन्तु अबतक कार्यदायी संस्था द्वारा न तो कार्य को पूर्ण किया गया और न ही कार्य पूर्ण करने की तिथि को संशोधित कराया गया।

जिसके कारण सीएम डैश बोर्ड पर जनपद की रैंकिग प्रभावित हो रही है। डीएम ने बताया कि यूपीआरएनएसएस, निर्माण प्रखण्ड गोरखपुर के द्वारा जनपद के पडरौना बस स्टेशन के जीर्णोद्वार/ पुननिर्माण का कार्य जिसे पूर्ण करने की तिथि 31 अक्टूबर 2024 निर्धारित थी, जिस की भौतिक प्रगति वर्तमान तक मात्र 82 प्रतिशत ही है। इसी प्रकार जनपद कुशीनगर के लार्ड बुद्धा पार्क रविन्द्रनगर धुस का सुन्दरीकरण का कार्य 06.मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना था परंतु अभी तक 62 प्रतिशत पूर्ण है, तथा जनपद मुख्यालय स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में बाल तरण ताल का निर्माण कार्य 14.सितंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना था परंतु अभी तक भौतिक प्रगति 88 प्रतिशत ही है। उक्त कार्यों से यह प्रतीत होता है कि अधिशासी अभियन्ता यूपीआर एनएसएस निर्माण प्रखंड गोरखपुर द्वारा जनपद कुशीनगर में निर्माण कार्यों के प्रति कोई रुचि नहीं ली जा रही है। जो विभागीय कार्य के प्रति उदासीनता को द्योतक है।

जिलाधिकारी ने उक्त परियोजनाओं को समय से पूर्ण न करने एवं लापरवाही बरतने के सम्बन्ध में प्रबंध निदेशक यूपीआरएनएसएस उत्तर प्रदेश लखनऊ को संबन्धित के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु पत्र प्रेषित किया है।

संक्षेप

## चार शातिर अंतर्जनदीय ठग रुपये सहित गिरफ्तार

सिधौली (सीतापुर)। थाना सिधौली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर चार शातिर अंतर्जनपदीय ठगों आशीष पाल, अजय मिश्रा, सूरज सिंह व हिमांशु राव को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 80 एटीएम कार्ड, 12,000 रुपये नगद व एक कार बरामद हुई। अभियुक्त एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से रुपये निकालते थे। पूछताछ में मिश्रिख रोड से 33,000 व बिसवां से 1,48,000 रुपये निकालने की घटना स्वीकार की। अभियुक्त संगठित गिरोह के सदस्य हैं। सूरज सिंह पर पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## मदरसे में छात्र के साथ मौलाना ने किया दुष्कर्म

बिसवां नगर (सीतापुर)। कस्बे में छात्र के साथ कथित दुष्कर्म के मामले में एक मौलाना को गिरफ्तार किया गया है। कस्बे में हुई इस घटना ने लोगों को स्तब्ध कर दिया है। बिसवां कोतवाली इलाके के मोहल्ला मुराऊ टोला निवासी मौलाना जैद पुत्र समीउद्दीन ने लखीमपुर खीरी जिले के रहने वाले एक नाबालिग छात्र के साथ कस्बे में स्थित मदरसे में दुष्कर्म किया। कोतवाली बिसवां पुलिस द्वारा पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया फरवरी मार्च का पुराना मामला है। केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई जुमे की नमाज प्रशासन रहा अलर्ट

बिसवां नगर (सीतापुर)। बरेली में बीते शुक्रवार को हुए बवाल के बाद बिसवां प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। शुक्रवार को नगर की मस्जिदों में जुमे की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज के मद्देनजर जामा मस्जिद (शेख सराय), नूरी मस्जिद (मियांगंज), कंकर वाली मस्जिद, लहरपुर चुंगी वाली मस्जिद और डिप्टी साहब वाली मस्जिद सहित प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस बल की भारी तैनाती की गई थी। हर चैराहे और संवेदनशील स्थलों पर पुलिस की पैनी निगाह रही। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने स्वयं विभिन्न इलाकों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके नेतृत्व में पुलिस टीमों ने लगातार गश्त कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित की। प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से जुमे की नमाज सकुशल संपन्न हुई और कस्बे में अमन-चैन का माहौल बना रहा।

## शास्त्री जी की जयंती पर सादगी और आदर्शों से सीख ली

पाटन, उन्नाव। ग्राम पंचायत इंदेमऊ में आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और महान नेता लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर शत्रुघ्न सिंह, योगराज सिंह, गुड्डू शुक्ला, अंकित प्रजापति सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे। शत्रुघ्न सिंह ने शास्त्री जी के जीवन, कार्यशैली और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी भारतीय राजनीति के ऐसे शिखर पुरुष थे, जिन्होंने सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से जनमानस के दिलों में अमिट स्थान बनाया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि बड़े पद और सत्ता प्राप्त करने के बाद भी इंसान विनम्र रह सकता है। उनका दिया गया नारा ह्लजय जवान, जय किसानह्व आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने से लेकर प्रधानमंत्री पद तक का उनका सफर त्याग और संघर्ष से भरा रहा। जिस प्रकार उन्होंने सादगी और सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा, उसी प्रकार ग्राम स्तर पर भी यदि हम उनके सिद्धांतों को अपनाएँ तो समाज और देश को नई दिशा मिल सकती है। मनोज सिंह ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि यदि हम शास्त्री जी के बताए मार्ग पर चलें तो ग्राम पंचायत से लेकर देश तक में पारदर्शिता, भाईचारा और प्रगति का वातावरण बन सकता है। कार्यक्रम में राम शरण सिंह, रमेश पासवान, अंगद शर्मा, विष्णु शर्मा, रामनरायण साहू, कपिल साहू सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# शोभायात्रा निकाल कर प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



सिधौली (सीतापुर)। शारदीय नवरात्र के समापन अवसर पर गुरुवार को कस्बा सिधौली में मां जगदंबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नवरात्रि के नौ दिनों तक कस्बे के विभिन्न मोहल्लों और चौराहों पर स्थापित मां जगदंबा की प्रतिमाओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने के बाद दशमी के दिन शोभायात्रा के माध्यम से उन्हें विदा किया गया। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और वातावरण जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा। भटपुर घाट पर गोमती नदी में प्रसशन कई देखरेख में प्रतिमाओ को विसर्जित किया गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के प्रमुख देवी पंडालों से हुआ। डीजे की धुन और बैंड-बाजे की मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे। महिला व पुरुष बच्चों ने मां के जयकारों से पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। रास्ते भर कस्बावासी शोभायात्रा का स्वागत कर रहे थे। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों तहसील रोड, मिश्रिख मार्ग, महमूदाबाद चौराहा, बिसवां चैराहा होते हुए भटपुर घाट के लिये प्रस्थान किया। नगर पंचायत द्वारा साफ-सफाई और सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए थे। कस्बे के कोने-कोने से माता की प्रतिमाएं शोभायात्रा में शामिल होकर मुख्य मार्ग से होते हुए भट्टपुर घाट स्थित गोमती नदी तट तक पहुंची। गोमती नदी के भट्टपुर घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मां जगदंबा की प्रतिमाओं का वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठान के साथ विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में कोतवाली की महिला पुलिस ने महिलाओं को मिशन जागरूकता के तहत जागरूक किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। सिधौली कोतवाली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और नगर पंचायत की टीम लगातार शोभायात्रा के साथ चलती रही। मुख्य मार्गों पर यातायात को वैकल्पिक रूप से संचालित किया गया। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विसर्जन की पूर्व संध्या पर महाआरती और महाप्रसाद के वितरण के साथ कई पंडालून में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चैहान, विधायक मनीष रावत, अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, एसडीएम राखी वर्मा, क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव, कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही, पंकज अवस्थी, जागृत मिश्रा, उपेंद्र त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, हिमांशु जैन, ऋषि श्रीवास्तव सहित हजारों भक्त मौजूद रहे।

## राम सुग्रीव मित्रता सहित विभिन्न लीलाओं का दर्शकों ने उठाया आनंद



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में कस्बा ऊगू की श्री सार्वजनिक रामलीला कमेटी द्वारा 144 वर्षीय रामलीला का मंचन निरंतर किया जा रहा है ।जिसमें आज भगवान राम माता सीता की खोज करते हुए बन मे खग मृगो से पूछते हुए बडे वियोग मे भटकते हुए सुग्रीव से मित्रता करके बालि का बध किया। बालि ने भगवान राम से कहा मै बैरी सुग्रीव पियारा। कारण कवन नाथ मोहि मारा। राम ने कहा जो अनुज की पत्नी पर कुदृष्टि डालता है वह बध योग्य है।

सारी बात बालि से राम ने कही तब बालि ने कहा कि जिस रावण की बात कहते हो उसको छै महीने कांख मे दबा लिया था तत्पश्चा अपने पुत्र अंगद को सौपकर मुक्ति को पा लिया इसके बाद राम ने हनुमान को लंका भेजकर सीता का पता लगाने को कहा तब हनुमान लंका जाकर अशोक वाटिका मे सीता से भेट की जिसके बाद अक्षय कुमार का बध कर दिया। जिसके बाद रावण ने मेघनाद को भेजा जिससे बडा भयंकर युद्ध हुआ तब मेघनाद ने ब्रम्हांस्त्र से हनुमान को बांध कर रावण के सम्मुख पेश किया। तब रावण ने दंड के रूप हनुमान की पूछ मे आग लगा दी हनुमान ने लंका जला डाली जिसके बाद सीता माता को आश्वासन दिया बहुत जल्द प्रभु आयेगे और मुक्त करा ले जायेंगे। इस मौके पर कमेटी के सभी सदस्य पदा धिकारी मौजूद रहे अवधेश दीक्षित पूर्व चेयरमैन अनुज कुमार दीक्षित विवेक दीक्षित सुनील शास्त्री राहुल पटेल विवेक कुमार दीक्षित प्रकाश चंद्र दीक्षित अजय द्विवेदी, संजय शुक्ला, .शिवमंगल द्विवेदी, राजा बाबू पांडेय, सौरभ पटेल आदि मौजूद रहे।

## भारत पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन

बिसवां नगर (सीतापुर)। समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए बीसीएम हॉस्पिटल खैराबाद एवं बीएलएस घोसी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को को लहरपुर रोड पर स्थित भारत पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया और मानवता के प्रति अपनी




जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम का संयोजन म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के उप-प्रधानाचार्य मोहम्मद असलम ने किया। सुबह से ही कैंपस में रक्तदान को लेकर उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में युवा और समाजसेवी रक्तदान करने पहुंचे। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में डॉक्टरों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें शाइनी एंटनी (प्रशासक), मैरियट (लैब प्रभारी), डॉ. अबरार आलम (चिकित्सा अधिकारी), प्रिंस सागर (ब्लड सेंटर तकनीशियन), रिजवान खान (रक्त केंद्र तकनीशियन), रूबी बोगी (स्टाफ नर्स), संजना राय (रक्त केंद्र टेकनीशियन), वर्षा वर्मा (स्टाफ नर्स) एवं एलिन पिंकी (स्टाफ नर्स) शामिल रहे। बीएलएस घोसी समूह के सदस्य मोहम्मद अलसैफ, मोहम्मद अलफैज, नफीस अहमद, अंजार आलम, अंबाज आलम और मोहम्मद दिलशाद ने कैंप को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। समूह के सदस्यों ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र और फल इत्यादि भी प्रदान किए गए। प्रमाण पत्र पाकर रक्तदाता गौरवान्वित महसूस करते नजर आए। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन होता रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान से जुड़कर समाजहित में योगदान दे सकें।

## देश के स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का बड़ा योगदान रहा

सीतापुर। 2 अक्टूबर को गांधी एवं शास्त्री जयन्ती समारोह पूरे जनपद में परम्परागत ढंग से मनाया गया। गांधी जी के जीवन-मूल्यों व आदर्शों पर आधारित धर्म, जाति रंग आदि भेदभावों को मिटाकर निर्बल वर्ग के कल्याण संबंधी अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता तथा प्रगति के मार्ग पर अबाध गति से अग्रसर होने का सभी ने संकल्प लिया।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इसके उपरान्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट आदि अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांधी जी व लाल बहादुर जी के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया। विपिन चन्द्र वर्मा श्याम जी एवं उनकी टीम द्वारा कलेक्ट्रेट में रामधुन एवं भजनों प्रस्तुतीकरण भी किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि 2 अक्टूबर को दो महान विभूतियों का जन्म दिवस है। उन्होंने गांधी जी एवं शास्त्री जी के संघर्ष एवं योगदान को याद करते हुये सराहना भी की और सभी को प्रेरित किया कि उनके महान आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। जिलाधिकारी ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने आजादी की लड़ाई में वृहद स्तर पर आम लोगों को सम्मिलित होने प्रेरित किया और उनके नेतृत्व में एक बड़ी संख्या में जनमानस स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा। उन्होंने आजादी के महत्व के बारे में सभी को बताया। जिससे छोटे-छोटे शहरों के लोग भी इसमें शामिल हुये। गांधी जी के आहवान पर बड़ी संख्या में लोगों ने आंदोलन में हिस्सा लिया तथा बहुत से लोगों ने अपना बलिदान भी दिया। अन्त में गांधी जी की सत्य और अंहिसा की ताकत ने अंग्रजों पर विजय दिलायी।

बिसवां नगर संवाददाता के अनुसार नगर के सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज सभागार में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जयंती संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर सशक्त कलमकार अर्शउद्दीन खान रहबर प्रतापगढ़ी, विशिष्ट अतिथि के रूप में आकाशवाणी उद्घोषक राहुल द्विवेदी स्मित, प्रधानाचार्य शकील अहमद अंसारी, बेबाक कवि संदीप मिश्र सरस, विख्यात चिकित्सक डॉ0 मेराज अहमद सिद्दीकी को हिंदी दैनिक समाचार पत्र द्वारा माल्यार्पण, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने भी सहभागिता की। जिसमें मो0 अयान सलमानी, प्रांशू, कृष्णा शर्मा, गगनदीप सिंह, फैजू, हिमांशु को सिराज अहमद द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। वाणी वंदना कवि आनंद खत्री, सफल संचालन कार्यक्रम समन्वयक विख्यात साहित्यकार संदीप मिश्र सरस द्वारा किया गया। इस दौरान अर्शउद्दीन खान श्रहबर प्रतापगढ़ी ने उपस्थित भारी संख्या में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दो महान नेताओं की जयंती पर आज हम सभी एकत्रित हुए हैं। जिन्होंने हमारे देश की स्वतंत्रता और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री दोनों ने अपने जीवन को देश की सेवा में समर्पित किया और हमें स्वतंत्रता, समानता, और न्याय के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। राहुल द्विवेदी स्मित ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने हमें बताया कि सच्चाई और न्याय के लिए लड़ने के लिए हमें हिंसा का सहारा नहीं लेना चाहिए, बल्कि हमें अपने आत्मबल और दृढ़ संकल्प के साथ लड़ना चाहिए।

## गुरु विश्वामित्र व भगवान राम के समझाने पर परशुराम शांत हो जाते हैं



उन्नाव। साकेत धाम, रामलीला मैदान में श्री रामलीला कमेटी द्वारा 153 वें राम लीला मंचन से पूर्व भगवान श्री राम एवं लक्ष्मण जी की आरती अध्यक्ष संजय राठी, चंद्र प्रकाश अवस्थी, फूल चंद्र जायसवाल, मोती लाल गुप्ता, डॉ. मनीष सेंगर, डॉ. प्रभात सिन्हा, अनिरुद्ध सौरभ, गौरव शुक्ला, अजय श्रीवास्तव, नवीन द्विवेदी, विवेक गुप्ता ,पूर्व सभासद गणेश शंकर मिश्र, प्रवीण शर्मा आदि ने की। चौथे दिन की भगवान राम द्वारा शिव जी के धनुष भंग के पश्चात परशुराम धनुष तोड़ने वाले को ढूंढते हुए क्रोधित होकर जनकपुर पहुँचते हैं, जहाँ राम विनम्रता से धनुष के टूटने की बात स्वीकार करते हैं, पर लक्ष्मण परशुराम पर व्यंग्यात्मक और वीर रसपूर्ण उत्तर देते हैं, जिससे परशुराम का क्रोध और भड़क जाता है।

दोनों का क्रोध बढ़ता और वाक्य युद्ध होता देख गुरु विश्वामित्र के समझाने पर और राम के समझाने के बाद परशुराम का क्रोध शांत होता है और वे शांत हो जाते हैं। इसके बाद सीता समेत चार रानियां क्रमशः श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के लिए अयोध्या आ जाती है। इसके उपरांत मंथरा कैकई संवाद में मंथरा, कैकयी के मन में राजा दशरथ द्वारा दिए गए दो वरदानों को याद दिलाती है, और उन्हें राम के बजाय भरत को राजा बनाने और राम को वनवास भेजने के लिए उकसाती है। यह दृश्य देखकर सभी लोग भावुक हो उठे। इस अवसर पर जगदीश माहेश्वरी, महेश गुप्ता, संजीव गुप्ता राजा, इंदु प्रकाश अवस्थी, सत्यम शर्मा, सभासद मनोज यादव आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्राथमिक संचालन डॉ. मनीष सेंगर ने किया।

## कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य के लिए डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

सीतापुर। जुम्मे की नमाज, मूर्ति विसर्जन एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र कोतवाली नगर व थाना खैराबाद के आबादी क्षेत्र, मुख्य बाजारों, चैराहों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर कानून व्यवस्था को लेकर आमजन को आश्वस्त किया गया। जिलाधिकारी ने जुम्मे की नमाज के दौरान मुस्लिम वर्ग के धर्मगुरूओं से वार्ता कर उनके विचारों एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने अपील की कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर फैलायी जा रही भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अफवाह फैलानें वालों की सूचना संबंधित को दें ताकि उनके विरूद्ध कार्यवाही हो सके। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी हैं ताकि किसी प्रकार की कोई घटना न होने पाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सर्वसम्बन्धित को भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, सी0सी0टी0वी0 कैमरों की सतत निगरानी, सोशल मीडिया पर सतत निगरानी तथा संवेदनशील स्थलों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रामलीला के अंतिम दिवस रावण के पुतले का दहन किया

हिलौली, उन्नाव। नगर पंचायत मौरावां में चल रही 7 दिवसीय रामलीला में आखिरी दिन 40 फिट ऊंचा रावण के पुतले का दहन किया गया। रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भाजपा विधायक अनिल सिंह की पत्नी कल्पना सिंह ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान जी की आरती व पूजन किया। नग र पंचायत अध्यक्ष विवेक सेठ व उनकी पत्नी पल्लवी सेठ ने अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तब पश्चात विधायक की पत्नी ने सभी दर्शकों को संबोधित किया और बताया कि आज दशहरा के दिन रावण पुतला दहन कर बुराई पर



अच्छाई की जीत का जनता को एक संदेश देना मुख्य वजह है। जिसके बाद भगवान श्री राम द्वारा लीला मंचन में कुंभकरण वध, मेघनाद वध, अहिरावण, महिरावण तब पश्चात भगवान लक्ष्मण, हनुमान ने के साथ 40 फिट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया और इस दौरान हजारों की संख्या में रहे दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मेला रामलीला मैदान गुजमान हो उठा और सभी ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इस दौरान मोहन काका, संतोष सिंह, बृजेश शुक्ला को नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं कल्पना सिंह ने रामलीला का मंचन कर रहे सभी कलाकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस इस दौरान नगर कमेटी के सदस्य जमुना शंकर तिवारी, अवधेश दिक्षित, अतुल दीक्षित, धर्मेंद्र यादव, पंकज अवस्थी, पूर्व सभासद संतोष शुक्ला, पूर्व सभासद भाजपा नेता राजू भाई, दीपू अग्निहोत्री, गुड्डू त्रिवेदी, शिवम पांडे, धीरू सिंह, मनोज शुक्ला पत्रकार, राजेश चैधरी पत्रकार, राजेश पांडे पत्रकार, राजेश यादव पत्रकार, अनुज पत्रकार पुरवा, सोनू सिंह समाजसेवी, राजीव सिंह समाजसेवी, मधुकर बाबू लिपिक नगर पंचायत, सुनील सिंह नगर पंचायत, शुभम सिंह नगर पंचायत, पंकज सिंह समाजसेवी समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम आयोजित




रेउसा (सीतापुर)। शुक्रवार को बिसवां रेंज के अंतर्गत कृष्ण देवी म्यु0 गर्ल्स इन्टर कालेज बिसवां में वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कालेज की छात्राओं द्वारा चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में 11ठ की छात्रा कु0 छाया प्रथम, एना द्वतीय, चाहत गुप्ता तृतीय, स्थान पर एवं इसी क्रम में निबन्ध प्रतियोगिता में कक्षा 11ठ की छात्रा कु0 अर्चना प्रथम, कु0 निधी द्वितीय, कु0 स्मृति पांडेय, तृतीय स्थान पाप्त कर विजयी रही। विजयी छात्राओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से एवं छात्रा कु0 स्वेता यादव कु0 तनिष्का गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात एके सिद्दीकी वन क्षेत्राधिकारी द्वारा छात्राओं को वन्य जीवों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर अनिरुद्ध कुमार वन दरोगा, राजनाथ यादव वन दरोगा, शिखा शुक्ला वन रक्षक एवं स्टॉफ के कई सदस्य मौजूद रहे।

## विजय दशमी पर हुआ आल्हा गायन का आयोजन



पाटन, उन्नाव। शारदीय नवरात्र और विजयदशमी का पर्व पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चले नवरात्र के दौरान जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना कर भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

देवी मंदिरों और पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। दसवीं व एकादशी के दिन प्रतिमाओं का विसर्जन प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था के बीच नदियों और तालाबों में किया गया। इस दौरान जयकारों और डीजे की गूंज के बीच महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने माता रानी को विदाई दी। विसर्जन यात्राओं में लोग नाचते-गाते हुए शामिल हुए और श्रद्धा के साथ मां को विदा किया। बीघापुर तहसील क्षेत्र के सहिला, सुमेरपुर, ऊंचगांव, बाबूखेड़ा, भगवंतनगर, हुलासीखेड़ा नहरपुल, भाटनखेड़ा, बजौरा, लोनियनखेड़ा, बिहार, मोहकमपुर, गौरा और चैनपुर सहित कई गांवों और कस्बों में प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। विसर्जन के दौरान विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें ग्रामीणों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वही विजयदशमी के अवसर पर कस्बा बिहार में बरसों पुरानी परंपरा के तहत भव्य शोभायात्रा निकाली गई। देवी-देवताओं की झांकियों के साथ जुलूस कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरा। इस अवसर पर रावण का पुतला दहन किया गया। जवाबी आतिशबाजी और जवाबी कीर्तन ने माहौल को और अधिक भव्य बना दिया। इसके अलावा लखनऊ के कलाकार खान और रायबरेली की नेहा सिंह ने आल्हा गायन प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## मां ज्वाला जी की ज्योति का हुआ विसर्जन



- हिमांचल से लायी गयी मां ज्वाला जी की ज्योति हनुमान मंदिर में की गई थी विराजित

महोली/नगर के हनुमान मंदिर में विराजित हिमांचल से आई मां ज्वाला जी की ज्योति का शुक्रवार को धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया।

विसर्जन पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें डीजे पे बज रहे भजनों की धुन पर भक्त थिरकते व गुलाल उड़ाते हुए माता रानी के जयकारे के साथ नजर आए। मां ज्वाला जी ज्योति को 21 सितंबर को हनुमान मंदिर में विराजित किया गया था। जहां पूरे नवरात भर सुबह शाम भक्तों द्वारा ज्वालाजी की ज्योति का पूजन-अर्चन व संगीतमय आरती की गई। आरती में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर माताजी की ज्योति का दर्शन पूजन किया। सुहागिन महिलाओं ने मां ज्वाला जी की ज्योति की पूजा कर पति के दीघार्यु व सुख संपत्ति की कामना की। पूरे नवरात्र भर ब्रती साधकों ने मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती व दुर्गा चालीसा का पाठ किया।

गुरुवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार सुबह मां ज्वाला जी की ज्योति को विसर्जन कार्यक्रम के लिए भक्तों की भीड मंदिर परिसर में जमा होना शुरू हो गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फूल मालाओं से सुसज्जित वाहन पर मां ज्वाला जी की ज्योति को लेकर भक्तों ने विसर्जन के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई यह शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। यात्रा के दौरान भक्तों ने मां ज्वाला जी पर फूल बरसाकर माता रानी के जयकारे लगाये। जिसके बाद यह शोभायात्रा फरुखाबाद जनपद के घटियाघाट के लिए रवाना हो गई। घटियाघाट पहुंचकर मां गंगा जी की धारा में जयकारा के साथ मां ज्वाला जी की ज्योति का विसर्जन किया गया। दौरान शिखर अग्रवाल, बृजेशत्रिवेदी लालू, अंकुर शुक्ला, छोटू गुप्ता, अनिल वर्मा, सुमित वर्मा,सूरज मिश्रा, अविरल सिंघल, रमन तिवारी, अंकित मिश्रा, अनुपम शुक्ला, प्रिंशू मिश्रा सहित भक्त जन मैजूद रहे।

## 153 झांकियों के साथ भरतमिलाप शोभा यात्रा निकाली गयी



पुरवा, उन्नाव। नगर की 155 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक भरत मिलाप शोभा यात्रा, दर्जनों हाथी, घोड़ों व शंख ध्वनि के साथ धूमधाम से निकाली गयी। जिसमें शामिल 153 मनोहारी झांकियों का नगरवासियो ने आरती, पुष्प वर्षा व गगन भेदी नारों से स्वागत किया। हाथी-घोड़े व बैंड-बाजे की भक्तिमय राम धुनों संग निकली साधु संतों की टोलियों ने समूचे वातावरण को राममय बना दिया। नगरवासियों ने राम भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

नगर की 155 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक एवं पारम्परिक भरत मिलाप शोभा यात्रा व रामदरबार का पूर्व नगर पति अध्यक्ष पति योगेंद्र द्विवेदी ने 153 मनोहारी झांकियों को पूजन-अर्चन व आरती उतार कर हाथी, घोड़े, बैण्ड बाजे संग स्थानीय मां आनन्देश्वरी परिसर से रवाना किया। नगर भ्रमण के दौरान भरतमिलाप बाद श्री राम राज्याभिषेक को निकली शोभा यात्रा में राम भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। नगर अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने प्रतिनिधि राजू गुप्ता संग स्थानीय जनों सहित राम-लखन, सीता, भरत व रामदरबार, हनुमान, भगवान शिवपार्वती, नवदुर्गा, अंगद, विभीषण, दुर्गा, काली, लक्ष्मी, राधा कृष्ण, विष्णु लक्ष्मी, भगतसिंह, चन्द्रशेषर आजाद, लक्ष्मीबाई, वासुदेव, महाराणा प्रताप, लक्ष्मी, परशुराम, लवकुश, अष्टभुजी नवदुर्गा, श्रवणकुमार व मकरध्वज आदि की 153 मनोहारी झांकियों पर पुष्प वर्षा कर नगर वासियों का जोरदार स्वागत किया। नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगो मे अन्सार अली, अब्दुल अजीम खलील अहमद, शमीम अहमद, मेराज, जीशान कुरैशी, मुकीम, आमिर खान, इस्लामू आदि लोगो के द्वारा योगेंद्र नाथ द्विवेदी को माला पहना गले मिलकर शुभकामनाऐ दी। झाँकियाँ नगर के मोहल्ला पीराशाह, पश्चिमटोला, बेगमगंज, पुराना बस स्टेशन, जिन्दवाबाड़ी, वजीरगंज, सोनी चैराहा, राजाबाजार व कस्टोलवा होते हुए शीतलगंज के पक्का तालाब पर राम-भरत संग सहोदर भाईयों का अनूठा भ्रातृप्रेम रूपी भरत मिलाप देख दर्शकों की आंखें छलछला आईं। जहां पर मौजूद हजारों नगरवासियो ने जय श्री राम के गगनभेदी जयघोष संग पुष्प वर्षा कर भगवान राम का जोरदार स्वागत किया। राम दरबार पहुंचे पूर्व विधायक उदयराज यादव ने भगवान राम संग सभी की आरती उतारी। भावविभोर सपा नेता ने कहा कि भगवान राम की आदर्श, सत्य निष्ठा, भातृप्रेम संग जनप्रेमी की अनूठी मिशाल की प्रस्तुति ने ही भारत को दुनिया का सिरमौर बनाया। कमेटी के अध्यक्ष ठा० अजय प्रताप सिंह ने अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया। संयोजक वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र नाथ द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे एम एल सी रामचन्द्र प्रधान को अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया। शोभायात्रा में बीतेन्द्र कुमार पूर्व ब्लाक प्रमुख असोहा आदि का स्वागत किया। शोभायात्रा में आयोजन समिति के ठा० अजय प्रताप सिंह, सुनील वर्मा, पिंटू शुक्ला, सतीश कुशवाहा, संदीप शुक्ला उर्फ राजू, संजय अवस्थी, बब्बू बाजपेई, यतिराज द्विवेदी, हीरालाल, रमेश पासवान, मोहनलाल, गरीबे, ललऊ साहू, दिनेश सोनकर व अरुणगुप्ता सहित हजारों क्षेत्रीय व नगरवासी मौजूद रहे।

संक्षेप

## 28 मेधावियों को मिलेगा स्वर्ण पदक

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में पांच अक्टूबर को होने वाले 27वें दीक्षांत समारोह में 735 छात्र-छात्राओं को उपाधियां व 28 मेधावियों को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। कुलाधिपति स्वर्ण पदक सात, कुलपति स्वर्ण पदक 13 तथा विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक आठ मेधावियों को दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह के सफलतापूर्ण आयोजन के लिए आज स्वर्ण जयंती मैदान में पूर्वाभ्यास किया जायेगा। इसमें छात्र-छात्राओं को उपाधि, पदक, दीक्षोपदेश के साथ अन्य गतिविधियों का पूर्वाभ्यास कराया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पी.एस प्रमाणिक ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दिन स्नातक के पांच मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक व स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के एक-एक मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा। 13 मेधावियों को कुलपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा जिसमें स्नातक के सात, स्नातकोत्तर के पांच व पीएचडी का छात्र शामिल हैं। इसी क्रम में स्नातक के सात व पीएचडी के एक मेधावी को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक दिया जाएगा।

# सात में से तीन महिला प्रत्याशियों ने नामाकंन पत्र लिये वापस

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के उप चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार 3 अक्टूबर को नाम वापिसी की तिथि तय थी। नाम वापिसी के दिन आज सात में से तीन प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामाकंन पत्र वापस ले लिये। अब चुनावी मैदान में भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन की प्रत्यासी सहित दो निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। नगर पालिका परिषद के उप चुनाव को लेकर सितम्बर माह में राज्य निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी थी।

- भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी टक्कर के आसार
- दो निर्दलीय महिला प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में
- नगर पालिका उपचुनाव

अधिसूचना जारी होते ही राजनैतिक दलों में उथल-पुथल का माहौल बना, लेकिन नामाकंन पत्र जमा करने की अंतिम दिवस के ठीक एक दिन पहले सबकुछ सामान्य सा हो गया।

भाजपा से चुनाव जीतीं पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती सरला जैन के निधन उपरांत यह उप चुनाव सम्पन्न हो रहे हैं। जिसमें अब भाजपा ने सरला जैन की पुत्रवधू सोनाली जैन को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है, तो वहीं मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी व कांग्रेस की गठबंधन प्रत्याशी के रूप में नीलम चौबे को अधिकृत उम्मीदवार बनाया गया।

इसके अलावा सपा के वरिष्ठ नेता रामदास श्रोती ने अपनी पत्नी अनुपमा श्रोती को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामाकंन जमा कराते हुये चुनाव में खड़ा कर दिया था। वहीं कांग्रेस से निष्कासित रहते हुये हरीबाबू शर्मा ने भी अपनी पत्नी श्रीमती अरूणा शर्मा को चुनावी रण में खडा किया था, लेकिन नाम वापिसी के दिन अनुपमा श्रोती एवं अरूणा शर्मा सहित आम आदमी पार्टी से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी आप नगराध्यक्ष मीना राजा के अलावा नदीपुरा निवासी नाजरीन पत्नी रऊफ मंसूरी व जैन समाज से ही आने वाली आजादपुरा निवासी सूबी ने भी अपना नामाकंन पत्र जमा किया था। नामाकंन पत्रों की जांच में जमा किये गये सभी नामाकंन पत्र सही पाये गये थे। नामाकंन पत्र भरे जाने से वापस लेने की तारीखों के बीच निर्दलीय प्रत्याशियों को अपने-अपने पक्ष में नामाकंन वापस लेने के लिए काफी असमंजस्य की स्थिति बनी रही। हालांकि 3 अक्टूबर को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीबाबू शर्मा की पत्नी अरूणा शर्मा, वरिष्ठ सपा नेता रामदास श्रोती की पत्नी श्रीमती अनुपमा श्रोती और जैन समाज से आने वाली श्रीमती सूबी जैन ने अपने नामाकंन पत्र वापिसी की। इनके प्रत्याशियों के चुनाव मैदान से हटते ही अब सीधी टक्कर भाजपा एवं सपा के प्रत्याशी समेत निर्दलीय प्रत्याशी नाजरीन व मीना राजा के बीच होगी। जिससे साफ स्थिति हो गई कि अब चुनाव केवल भाजपा एवं सपा के बीच ही निर्णायक रूप से लडा जायेगा। 15 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए अब चारों प्रत्याशियों ने अपनी ताकत मतदाताओं को लुभाने के लिए झोंक दी हैं, और दिन-रात चुनाव जीतने के लिए रणनीतियां बनाईं जाने लगी हैं, लेकिन अब नगरवासी किसे अपना प्रथम नागरिक बनाते हैं या यूं कहे कि किसे अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाते हैं, यह तो 17 अक्टूबर को मतगणना के दिन ही पता चलेगा।

### भाजपा और सपा प्रत्याशियों ने नगरवासियों से मांगे वोट

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी सोनाली जैन ने शुक्रवार को मोहल्ला रामनगर में घर-घर जाकर वोट मांगे।

वहीं राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी और सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने भी गलियों में घूम-घूम कर लोगों से समर्थन करने का आह्वान किया। इस दौरान जगदीश सिंह लोधी, प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, भगत सिंह राठौर, मनोज खटीक, राजकुमार नामदेव, अंशराज नामदेव, रामेश्वर सड़ैया, मनीष अग्रवाल, महेश भैया, समेत अनेकों भाजपा नेता मौजूद रहे। वहीं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से गठबंधन की अधिकृत प्रत्याशी नीलम चैबे ने शुक्रवार से अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। शहर की गलियों में टूटी पड़ी नालियां और कच्ची सड़कों की हालत देखकर गठबंधन कार्यकताओं ने कहा कि विकास के पथ को फिर से शुरू करने के लिए चुनाव चिह्न साइकिल पर मोहर लगाकर जनता अपना अमूल्य वोट दे। गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकताओं ने शहर के मोहल्ला चैकाबाग में जनसम्पर्क किया। सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी नीलम आशीष चैबे ने वर्तमान समय में होने बाली जनसमस्याओं के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी ली।

जिसमें सबसे ज्यादा समस्या जल भराव टूटी फूटी रोड नालियां, प्रदूषण और मच्छरों से होने बाली बीमारियों की है जिससे सभी उम्र के बीमार पड़ रहे हैं, वह जीतेगीं तो वह जनसमस्याओं का तुरंत निवारण करेंगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष आल्हाप्रसाद निरंजन, गिरधारी यादव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, विद्याकांत मालवीय के अलावा अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश महाअभियान के तहत फीडबैक लें: डीएम



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा शुक्रवार को जूम मीटिंग के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी दो दिनों में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश,2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अंतर्गत स्वयं तथा अपने कर्मचारियों एवं आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को जूम मीटिंग में पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पंचायत सचिवों को निर्देशित करें कि उक्त संबंध में स्वयं तथा ग्रामीणों से भी फीडबैक उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी सीएचओ को निर्देशित किया कि उक्त संबंध में स्वयं फीडबैक उपलब्ध कराते हुए आमजन को भी अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करें। इससे पूर्व जिलाधिकारी जसजीत कौर ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य पूर्ण करते हुए उक्त कार्यों को संबंधित पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें जिससे कि जिले को अच्छी रैंक प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान की मॉनिटरिंग शासन स्तर से कि जाती है इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाये।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण रही जुमे की नमाज

बांदा। जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण रही। आई लव मोहम्मद विवाद को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह चैकस दिखा। बरेली और कानपुर में हुई घटनाओं के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क था। नमाज से पहले जिले की सभी मस्जिदों और प्रमुख चैराहों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गयी थी। पुलिस प्रशासन ने ड्रोन के जरिए निगरानी रखी। इसके अलावा एलआईयू के पुलिसकर्मी भी सादे वेश में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित क्विक रिस्पांस टीमों की भी तैनाती की गयी थी। नमाज के दौरान शहर में आई लव मोहम्मद संबंधी कोई पोस्टर बैनर नही देखा गया। पुलिस के उच्चाधिकारी शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज को लेकर लगातार नजर बनाए रहे।

## गांधी, शास्त्री जयंती पर संस्था का रक्तदान शिविर




**बांदा।** गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का शुभारंभ एडीएम, एसडीएम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रदेश अध्यक्ष राजकीय नर्सेज संघ ने फीता काटकर किया। शिविर में नौशाद अहमद, अजहर अहमद, सौरभ अग्रवाल एवं राहुल ने रक्तदान किया। एडीएम माया शंकर ने कहा कि यह संस्था मानव हित के लिए निःस्वार्थ कार्य कर रही है तथा कई वर्षों से जरूरतमंदों को रक्त मुहैया करा रही है। डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्लाह खां ने कहा कि रक्तदान संस्था जरूरतमंदों के लिए हर समय खड़ी रहती है। आए दिन किसी न किसी को रक्त की जरूरत पड़ती है जिसे संस्था पूरी करती है। उन्होने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अपने कार्य में आगे बढ़ें और लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहें। रक्तदान के बाद मरीजों को फलों का वितरण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, आशिफ अंसारी, मिथुन पुरुषवानी, प्रमोद द्विवेदी, प्रमोद यादव, आशीष राठौर, शशांक मौजूद रहे।

# अयोध्या की रामलीला ने रचा नया इतिहास, 62 करोड़ दर्शकों तक पहुंची गूंज



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या ने एक बार फिर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष प्रयासों और मार्गदर्शन में अयोध्या की रामलीला आज विश्व की सबसे बड़ी और भव्य रामलीला बन चुकी है। डिजिटल क्रांति के दौर में यह आयोजन केवल भारत तक सीमित न रहकर विश्वव्यापी सांस्कृतिक उत्सव में बदल गया है। इस वर्ष 50 से अधिक देशों में ऑनलाइन माध्यमों से प्रसारित हुई इस रामलीला को कुल 62 करोड़ से अधिक रामभक्तों ने देखा। दिल्ली और मुंबई से आए 250 से अधिक फिल्मी कलाकारों ने इस रामलीला को भव्य स्वरूप दिया। थ्री-डी तकनीक और आधुनिक मंच सज्जा ने इस धार्मिक आयोजन को और भी आकर्षक बना

- 50 देशों में ऑनलाइन प्रसारित हुई रामलीला, 250 फिल्मी कलाकारों ने निभाये किरदार
- डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 10 करोड़ से अधिक खर्च, करोड़ों रामभक्त बने साक्षी

दिया। न केवल मंच पर बल्कि पर्दे पर भी यह आयोजन एक नया इतिहास रच रहा है। रामलीला को अधिक से अधिक रामभक्तों तक पहुँचाने के लिए लाइव प्रसारण पर ही इस वर्ष 10 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया गया। यह प्रसारण आराधना टाटा प्ले, शेमारू मी, टप्पेप, एयरटेल, शेमारू भक्ति यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेजों और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हुआ। अकेले शेमारू भक्ति यूट्यूब चैनल पर 8 करोड़ से अधिक लोगों ने इसे देखा। इस सपने को साकार करने में उत्तर प्रदेश सरकार की अहम भूमिका रही। 2020 में जब रामलीला शुरू हुई थी, उस समय के पर्यटन व संस्कृति मंत्री नीलकंठ तिवारी ने इस भव्य आयोजन का शुभारंभ किया था, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे वैश्विक स्तर तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त किया। रामलीला समिति के संस्थापक सुभाष मलिक और शुभम मलिक ने इस आयोजन को डिजिटल क्रांति का प्रतीक बना दिया। रामनगरी अयोध्या में मंचित यह रामलीला अब केवल भारत की नहीं रही बल्कि पूरी दुनिया की रामलीला बन चुकी है। भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, भूटान, म्यांमार, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई, सऊदी अरब, कतर, ओमान, बहरीन, कुवैत, मॉरीशस, फिजी, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, केन्या, नाइजीरिया, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन, नीदरलैंड्स, रूस, कनाडा, अमेरिका और ब्राजील जैसे देशों में करोड़ों रामभक्तों ने इसे देखा।

अयोध्या की रामलीला ने साबित कर दिया कि श्रीराम की कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि विश्व को जोड़ने वाला सांस्कृतिक सेतु है। योगी सरकार के सहयोग और डिजिटल तकनीक के संगम ने रामलीला को विश्व स्तर पर पहुँचाकर भारतीय संस्कृति की अद्भुत ध्वजा फहराई है। श्रीराम की नगरी अयोध्या में आयोजित भव्य रामलीला इस वर्ष सितारों की जगमगाहट से और भी खास बन गई। बॉलीवुड और टीवी जगत के दिग्गज कलाकारों ने अपने अद्भुत अभिनय से इस आयोजन को यादगार बना दिया। मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री ने माता सीता की भूमिका निभाई। विंदू दारा सिंह ने अपनी दमदार अदाकारी से हनुमानजी का किरदार जीवंत कर दिया। खलनायकी अंदाज के लिए प्रसिद्ध शाहबाज खान ने रावण की भूमिका निभाई। वरिष्ठ अभिनेता अनिल धवन ने विभीषण का किरदार निभाया।

# विजयदशमी धूमधाम के साथ मनायी गयी



**नगीना, बिजनौर।** असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजय दशमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास व पूजा-पाठ के साथ मनाया गया तथा बहनों ने अपने भाइयों के कान पर नोरते ( उगाए गए जौ के पौधे ) रखकर उनकी लंबी आयु व चारों दिशाओं में विजय प्राप्त करने की कामना की। नगर व तहसील क्षेत्र के ग्रामों में गुरुवार को असत्य पर सत्य की जीत प्राप्त करने वाले विजयदशमी के त्योहार को पूजा पाठ करते हुए बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दिन सभी घरों पर अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की गई तथा बहनों ने अपने भाइयों के कान पर नौरतन रखकर उनकी लंबी आयु के साथ-साथ चारों दिशाओं में विजय पताका फहराने की कामना की, उसके बाद नगीना के रामलीला मैदान में लगने वाले दशहरा के मेले में आकर मां दुर्गा व मां काली के समक्ष प्रसाद चढ़ा कर आशीर्वाद लेते हुए विजयदशमी पर लगने वाले मेले का आनंद उठाया। जहां दूर दराज से ट्रैक्टर ट्रॉली व बैल गाड़ियों द्वारा आने वालों की भारी भीड़ सुबह से ही लगनी प्रारंभ हो गई। रामलीला कमेटी द्वारा रावण वध का मंचन करते हुए शाम करीब 6 बजे रावण वध कर उसके पुतले में एडिशनल एसपी ग्रामीण आकाश कुमार ने तीर द्वारा आग लगाई गयी। तभी सभी दर्शकों ने श्री राम के जयकारे लगाये। इस अवसर पर साहू सलिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल उर्फ आल्ले, हरिगोपाल अग्रवाल, साहू कपिल अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, प्रमोद चैहान, विशाल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, परितोष कौशिक, सौरभ मित्तल सहित दर्जनों गणमान्य व भाजपाई लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा के मद्देनजर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी अवनीत मान भारी पुलिस बल के साथ मैजूद रहे।

## बस स्टैंड पर अधर मे लटका सुलभ शौचालय का निर्माण, प्रधान के खिलाफ लोगों में रोष



**अफजलगढ, बिजनौर।** पंचायत अजीमुल्ला नगर के गांब कादराबाद के बस स्टैंड पर ग्राम प्रधान कैलाश चन्द ने पंचायत के द्वारा सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य शुरू कराया था। निर्माण कार्य कुछ ही दिन बाद बंद होने से दुकानदार व राहगीरों में रोष है। जबकि सरकार की ओर से राहगीरों व दुकानदारों को शौच आदि की समस्या से निजात दिलाए के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय का निर्माण शुरू कराया गया था ताकि किसी को समस्या का सामना न करने पडा।

पंचायत अजीमुल्ला नगर के कादराबाद बस स्टैंड में करीब सात माह पहले ग्राम प्रधान कैलाश चन्द द्वारा सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया था। पहले तो कुछ समय तक शौचालय का निर्माण कार्य ठीक-ठाक चला। करीब पांच महीने से शौचालय का निर्माण कार्य रुका हुआ है। इससे दुकानदारों व राहगीरों को सुलभ शौचालय की सुविधा देने से वंचित रखा गया है। कादराबाद बस स्टैंड में निर्माणाधीन शौचालय के भवन का कार्य केवल चार दीवार तक बनकर रह गया है। दुकानदार नसीम अहमद, राजा चैधरी, प्रशांत राघव, ओंकार सिंह, मनोज कुमार आदि ने रोष जताते हुए बंद पडे सुलभ शौचालय के निर्माण कराने की मांग की है। इस संबंध में पंचायत सचिव इरफान अली का कहना है कि बंद पडे शौचालय निर्माण कार्य को जल्द ही शुरू कराया जाएगा।

## सफाई नायक, छात्राएं सम्मानित

बांदा। गांधी व शास्त्री जयंती पर प्रातः 6 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों ने बृहद सफाई अभियान चलाया। जिलाधिकारी, अध्यक्षा नगर पालिका परिषद मालती बासू, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद के अलावा अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत नगर पालिका इंटर कालेज की छात्राओं और वार्डों के सफाई नायकों को अध्यक्ष मालती बासू व ईओ श्रीचन्द्र ने प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। जिला प्रशासन ने नवरात्रि के दौरान शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सफाई नायकों की सफाई व्यवस्था संभालने में अहम भूमिका की सराहना की। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में ईओ श्रीचन्द्र ने कहा कि गांधी और शास्त्री के विचार आज भी समाज को मार्गदर्शन देते हैं, प्रत्येक नागरिक को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अलावा बच्चों ने देश भक्ति गीतों और गांधी, शास्त्री के आदर्शों पर आधारित नाट्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

## गांधी व शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि



**बांदा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर आयुक्त कार्यालय में समारोह का आयोजन हुआ। मण्डलायुक्त अजीत कुमार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धान्तों को पूरा विश्व मानता है। उन्होने देश को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सभी गांधी तथा शास्त्री के सिद्धान्तों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपने जीवन में अपनायें। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण किया। उन्होंने कहा कि आज बहुत ही महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक दिन है महात्मा गांधी का जन्मदिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन में बहुत सी कठिनाइयां आई लेकिन उन्होंने सभी लोगों को जोड़ रखा उन्होंने एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया कि अंग्रेजों को देश छोड़कर भागना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनकी ग्राम स्वराज की जो कल्पना थी उसको साकार करना चाहिए। मण्डलायुक्त ने स्पर्श विद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया। गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी जे0 रीभा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए।

## सार्वजनिक सड़क पर अवैध कब्जा कर रहा दबंग

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरूनगर में रहने वाले लोगों ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र रोड काली माता मंदिर केपास सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों द्वारा अवैध निर्माण किये जाने का आरोप लगाते हुये इसे रोके जाने की मांग उठायी है। इस सम्बन्ध में लोगों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि मोहल्ले की रोड काफी खराब है एवं पानी पाइप लाइन की समस्याएं हैं। आरोप है कि बीती 30 सितम्बर की शाम करीब 5 बजे मोहल्ले में पाइप लाइन का काम चल रहा था, तभी पड़ौस में रहने वाले दबंग व्यक्ति द्वारा जो कि रेलवे स्टेशन पर निवासरत हैं द्वारा मोहल्ले के लोगों को गालियां देते हुये पाइप लाइन का काम रूकवा दिया और रोड भी नहीं डलने देने की धमकी दी। आरोप लगायाकि उक्त लोगों द्वारा गली में कब्जा करने का प्रयास करते हुये मकान बनाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय गंगाराम पाल, अमित, राजेन्द्र रायकवार, सुनीता कुशवाहा, संतोष रजक, गोविन्ददास विश्वकर्मा, मालती, जितेन्द्र श्रीवास्तव, रामवती विश्वकर्मा, रामकुंवर, मोती, ऊषा, ममतादेवी, राहुल, रामकली, माया, सविता, रूकसानो, सावित्री रैकवार, संतोष, अंगूरी, बबीता आदि मौजूद रहे।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों में मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम विघाखेत में गुरुवार देर शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान गाली-गलौज को लेकर विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में ग्राम प्रधान सहित 10 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया गया, जहां एक पक्ष के तीन लोगों को भर्ती करना पड़ा। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर 12 से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह बुंदेला (35) के भाई

- आधा दर्जन से अधिक हुए घायल, पहुंचे अस्पताल

और दूसरे पक्ष के गंगाराम राजपूत (30) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ ? पर गाली-गलौज हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को अलग कर दिया। इसी बीच रात करीब 8 बजे राजेश पुत्र हरनारायण (38) ने पुलिस को बताया कि उसके चचेरे भाई गंगाराम को ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह के परिजन घर के बाहर पीट रहे थे।

उसने बीच-बचाव कर गंगाराम को अंदर भेजा, लेकिन कुछ देर बाद ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह अपने भाई ब्रजेश सिंह (26), मां बालकुंवर (60), कृष्णपाल पुत्र जयपाल और देवेंद्र पुत्र हरदेव (21) सहित करीब 15 लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और हमला कर दिया। इस दौरान बचाने आईं राजेश की पत्नी नेहा (35), बड़े भाई सीताराम (50), भाभी लीला (48) और भतीजा गंगाराम (25) भी घायल हो गए। वहीं, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह का कहना है कि जब वह मोहल्ले में थे, तभी राजेश के परिजनों ने उन पर और उनके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में वह स्वयं, उनके भाई बृजेंद्र, मां बालकुंवर, कृष्णपाल और देवेंद्र घायल हो गए।

कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि ग्राम विघाखेत में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो युवकों की मौत, पांच घायल

देवरिया। जिले के बघौचघाट थाना क्षेत्र में आमने-सामने से आ रहीं दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार देर रात लगभग 1:30 बजे बघौचघाट-पकहा मार्ग पर तलवार गाँव के समीप एक पुलिया के पास दो मोटरसाइकिलों में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में कुल सात लोग घायल हुए। इन दोनों मोटरसाइकिलों में से एक पर चार, जबकि दूसरी पर तीन युवक सवार थे। स्थानीय लोगों ने बघौचघाट थाने को दुर्घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय पुलिस बल और डायल 112 की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बघौचघाट पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने सभी घायलों को गंभीर हालत में देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने रामनगर निवासी शिवम (17) और कोईलसवा निवासी शंभू (21) को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों विकास साहनी (17), नितीश साहनी (18), अमित यादव (18), राकेश कुशवाहा (16), दिनेश यादव (15) का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। ये लोग कोईलसवा गाँव के निवासी हैं।

बघौचघाट थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** पं0 दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर बैडमिन्टन, (बालक-बालिका) क्रिकेट (बालक) व वालीवाल (बालिका) प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रामरतन कुशवाहा विधायक (सदर) एवं विशिष्ट अतिथि अनिल सूर्यवंशी प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा नेहरू महाविद्यालय के आतिथ्य में किया गया।

# ऑपरेशन को लेकर विवाद, सीएचसी बना छावनी

जिला संवाददाता




**सोहावल-अयोध्या।** शुक्रवार को दोपहर बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। उप जिलाधिकारी सविता देवी क्षेत्राधिकारी सदर योगेंद्र कुमार नायब तहसीलदार रेशू जैन प्रभारी निरीक्षक रौनाही संदीप सिंह के साथ महिला पुरुष

- एसडीएम, सीओ सदर, सीएमओ, प्रभारी निरीक्षक रौनाही सहित भारी पुलिस बल सीएचसी में मौजूद

दोनों पुलिस के जवान शाम तक सीएससी में कैंप करते रहे लेकिन उठे विवाद का समाधान किसी के पास नहीं मिला। आरोप के अनुसार अरथर की निशा पत्नी विकास निवासिनी खम्हरिया कोमल पत्नी संजू इब्राहिमपुर दिवली और शीला पत्नी सिद्धार्थ निवासी करेरु को उनकी आशाओं ने केंद्र पर लाकर प्रसव के लिए भर्ती कराया।

इन तीनों प्रसूताओं का आपरेशन होना था। केंद्र की प्रभारी डाक्टर अपर्णा कोहली की गैर मौजूदगी में सीएमओ के निर्देश पर रुदौली से पूर्व प्रभारी डाक्टर फातिमा को बुलाया गया। इनके आने से ही यहां की आशा बहुओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। आपरेशन करने से डाक्टर फातिमा को मना किया ना मानने पर अस्पताल में बंद करने की बात कही। विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर जा पहुंचे।

देर शाम तक एक तरफ आशा बहुओं ने मोर्चा संभाल रखा। वहीं दूसरी तरफ कमरे में बैठकर सारे प्रशासनिक अधिकारी आपस में बातचीत करते दिखाई पड़े। इस बीच भरती लेने आई प्रसूताओं के परिजनों ने अपने एक मरीज को रुदौली अस्पताल की ओर ले जाने का रुख किया। दूसरी परसूता अपने घर चली गयी। तीसरी नार्मल डिलीबरी के इंतजार में रही। पूछे जाने पर स्थिति की जानकारी देने में मुख्य चिकित्साधिकारी सुशील कुमार बानियान भी असमर्थ रहे। इन्होंने बताया कि अभी हालात समझने और सामान्य करने में कुछ समय लगेगा। पूछे जाने पर पुलिस क्षेत्राधिकार योगेंद्र कुमार ने बताया कि किसी भी पक्ष से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## आतिशबाजी के साथ रावण का दहन



**महोबा।** श्री रामलीला न्यास महोबा एवं अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में श्री मुकुंद रामलीला समिति महोबा के पदाधिकारियों द्वारा पंडित मुकुंद लाल तिवारी द्वारा रचित प्रार्थना परशुराम परमानंद जपत भजन के साथ रामलीला मंचन आरंभ हुआ। आरती के उपरांत श्रीनगर से पधारे नवयुवक रामलीला मंडल के कलाकारों को श्री रामलीला न्यास व श्री रामलीला ट्रस्ट की ओर से अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आज की लीला में विभीषण और रावण के बीच संवाद, अंगद रावण संवाद, मेघनाद वध कुंभकरण वध, श्री राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। श्री राम के द्वारा रावण का प्रतीकात्मक वध किए जाने के बाद रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया।

# पीओके में दमन

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में और इससे पहले भी कई बार कहा है कि एक दिन ऐसा आयेगा जब पीओके के लोग खुद ही भारत में शामिल होने के लिए आगे आयेंगे। रक्षामंत्री की यह बात फिलहाल सौ फीसद सच साबित हो रही है। पीओके के लोग सड़कों पर हैं। वे पाकिस्तान की ज्यादती और हिंसा के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तानी सेना के जुल्म-ज्यादती से परेशान पीओके के नागरिक जय हिन्द के नारे लगाकर भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त कर रहे हैं। वे महान भारत में शामिल होना चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तान उनकी जायज मांगों को हिंसा और सैन्य दमन से दबाना चाहता है। वैसे यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पीओके में रोजी-रोटी, आम जिंदगी, रोजगार, महंगाई और संसाधनों की लूट के मद्देनजर आंदोलन चलाए जाते रहे हैं। हुकूमत को ज्ञापन भी दिए गए हैं, लेकिन अब वहां की अवाम विद्रोह पर उतर आई है। ऐसे भी नारे लगाए जा रहे हैं-यह जो दहशतगर्दी है, उसके पीछे वर्दी है। विद्रोहियों ने फौज और पुलिस के वदीर्धारियों पर प्रतिघात भी किए हैं। बलूचिस्तान में फौज का अस्तित्व लंबे वक्त से बलूच लड़ाकों के रहम-ओ-कर्म पर है। हाल ही में क्वेटा में एक ताकतवर बम विस्फोट किया गया, जिसमें 10 मौतें हो गईं और कई घायल हुए। अब आसार पुख्ता होने लगे हैं कि पाकिस्तान का विभाजन अपरिहार्य है। पीओके और बलूच के अलावा खैबर और सिंध में भी आजादी के आंदोलन जारी हैं। पीओके के विद्रोही आजाद होना या भारत में शामिल होना चाहते हैं। बलूच अपनी आजादी के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। वे अपने बेशकीमती खनिजों का सौदा, पाकिस्तानी हुकूमत के द्वारा, अमरीका या चीन के साथ, करने का धुर विरोध कर रहे हैं। बलूच इन प्राकृतिक संसाधनों को अपनी स्वाभाविक, अमूल्य संपदा मानते रहे हैं, लिहाजा सौदेबाज हुकूमत और फौज के चेहरों पर जानलेवा प्रहार भी करते रहे हैं।



पीओके के संदर्भ में 1994 से कई बार हमारी संसद प्रस्ताव पारित कर चुकी है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला कश्मीर भी हिंदुस्तान का अविभाज्य हिस्सा है। इसलिए जितना जल्दी हो पाकिस्तान उसे लौटा दे, यही उसके हित में है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री जयशंकर समय-समय पर बयान देते रहे हैं कि पीओके के निवासी, अपने विद्रोह के बूते, अपने आप हमारी तरफ लौट आएंगे। यह भरोसा भावुक तो हो सकता है, लेकिन हम इसे बिल्कुल भी आसान नहीं मानते, क्योंकि वहां के क्षेत्रों में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। चीन अरबों रुपए खर्च कर चुका है और अपने इंजीनियरों और कर्मचारियों को भी मरवा चुका है। चीन के मंसूबे विस्तारवादी भी हैं। लिहाजा पीओके को बहुत मुश्किल लड़ाई लड़नी पड़ेगी। पाकिस्तान के पास सशस्त्र सेना भी है। वह आज भी बम गिरा कर या गोलीबारी में अपने ही मुल्क के लोगों को मार रहा है। याद रहना चाहिए कि अक्तूबर, 1947 में पाकिस्तान के फौजियों ने, कबायली के मुखौटे पहन कर, तत्कालीन कश्मीर रियासत पर हमला बोल दिया था। महाराजा हरिसिंह ने भारत सरकार से सुरक्षा की गुहार की थी, लिहाजा तय शर्तों के मुताबिक अक्तूबर, 1947 के अंत तक महाराजा ने विलय-पत्र पर दस्तखत कर दिए और जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। उस दौर में देश की 550 से ज्यादा रियासतों ने भी भारत में ही अपने विलय कर दिए थे। इस तरह भारत संघ की रचना हुई और देश में संप्रभुता, एकता, अखंडता का माहौल बना। अब पीओके भारत में विलय के लिए तड़प रहा है। कानूनन पीओके का शासन किसी के भी अधीन हो, लेकिन वहां 100 फीसदी दखल पाकिस्तान का है। यदि भारत को हस्तक्षेप करना पड़ा, तो तय मानिए कि युद्ध के हालात जरूर बनेंगे। बहरहाल आंदोलन को भारत का परोक्ष समर्थन तो है। यह सत्य है कि पाकिस्तान और चीन मिलकर पीओके में स्थानीय लोगों पर हिंसा कर रहे हैं और इस क्षेत्र का अपने हित में उपयोग कर रहे हैं।

## विचार

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

# मोहन भागवत ने सरकार को किया सतर्क



वीना सुखीजा



इस साल विजयदशमी के दिन यानी 2 अक्टूबर 2025 को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने आरएसएस के शताब्दी समारोह के सापेक्ष अपने वार्षिक राष्ट्र संबोधन, जो कि विजयादशमी संदेश के नाम से भी जाना जाता है, में न केवल देश के लिए सांस्कृतिक एकता और आत्मनिर्भरता की बात दोहरायी बल्कि मोदी सरकार की सामरिक, आर्थिक और सामाजिक नीतियों पर मौन आलोचना भी की। कुल मिलाकर आरएसएस के सरसंघ चालक ने इस शताब्दी समारोह में केंद्र सरकार के लिए महज शुभचिंतक भाषण ही नहीं किया बल्कि उनके अपने संबोधन में सरकार के लिए मौन शब्दों में मुखर आलोचना भी थी, साथ ही यह अपेक्षा भी कि सरकार इस ओर ध्यान देगी। आमतौर पर आरएसएस को बिना कुछ कहे ही मोदी सरकार का समर्थक माना जाता है, लेकिन मोहन भागवन ने संघ के शताब्दी कार्यक्रम में मोदी सरकार को लेकर जो बहुप्रतीक्षित संबोधन किया, उस संबोधन में न सिर्फ सरकार के साथ मजबूती से खड़े रहने की बात थी बल्कि सरकार को कई क्षेत्रों में उनका यह संबोधन आगाह करने वाला भी था या दूसरे शब्दों में कहा जाए तो इसमें सरकार की मौन आलोचना थी। एक तरह से यह भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के लिए देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन और केंद्र सरकार के संरक्षक समझे जाने वाले संगठन की सरकार को सलाह या सीख की तरह था। इस संबोधन में आरएसएस ने अपनी ताकत और सीमाओं दोनों का ही स्पष्ट उल्लेख किया और देश तथा लोकतंत्र के लिए उसके विचार क्या हैं, इसे भी गहराई से स्पष्ट किया।

> भागवत सामाजिक सुदृढ़ता और देश के पारिस्थितिकीय संकट को भी गहराई से चिन्हित कर रहे हैं। कुछ असामाजिक तत्व जिस तरह से हाल के सालों में विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच तनाव और दूरियां बढ़ाई हैं, वह खतरनाक है। इससे देश मजबूत नहीं कमजोर होता है, भले देश की मजबूती के नाम पर ये कवायदें की जाती हों।

भागवत ने अपने विजयदशमी संबोधन में जिन कई बिंदुओं को उजागर किया और जिन्हें मीडिया ने 'टॉप टेकअवेज' की तरह चिन्हित किया है, उनमें स्वदेशी और स्वालंबन यानी आत्मनिर्भरता की जरूरत, प्राकृतिक पर्यावरण और हिमालयी भू-भाग की स्थिति को विकास के आईने में नये सिरे से देखना, सामाजिक एकता बनाने की अत्यंत जरूरत तथा असामाजिक तत्वों से सावधान रहने की चेतावनी और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक दबावों के सामने सूझबूझ से खड़े रहने व आगे बढ़ने की स्थिति को रेखांकित किया है। भागवत ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'डिपेडेंस मस्ट नॉट टर्न इन टू कंपल्शन' यानी वैश्विक निर्भरता तो ठीक है, लेकिन ध्यान रहे यह हमारी बाध्यता न बन जाए। उन्होंने यह टिप्पणी हाल के दिनों में अमेरिका की टैरिफ नीतियों का विशेष रूप से जिक्र करते हुए किया। उनके संबोधन का अर्थ साफ था कि अमेरिका की टैरिफ नीतियां, उनके हित में हैं। लेकिन भारत को अपने हितों की परवाह करना लाजिमी है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार को असंवैधानिक तत्वों से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 'कई ताकतें भारत को आंतरिक तौरपर अस्थिर करने की कोशिशें कर रही हैं।' उन्होंने सरकार को इस स्थिति से सावधान रहने के लिए आगाह किया।

### विजय दशमी संदेश

सरसंघ प्रमुख ने साफ शब्दों में कहा कि इस समय देश की कुछ आंतरिक और कुछ बाहरी ताकतें हमें अस्थिर करना चाहती हैं। मोहन भागवत ने सामाजिक विविधता और 'हम बनाम वे' की मानसिकता से पैदा होने वाले खतरों की तरफ संकेत किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमारे पास एक संविधान और कानून है, हमारे अपने मतभेद उसी के दायरे में रहने चाहिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से यह भी कहा कि साम्प्रदायिकता को उकसाने वाली ताकतों से हमें हर समय सावधान रहने की जरूरत है, ये किसी भी रूप में हमें स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह राष्ट्र के अस्तित्व के लिए खतरनाक हैं। मोहन भागवत की चेतावनियों का क्रम यही नहीं रुका, उन्होंने सरकार का ध्यान विकास और पर्यावरणीय विभीषिकाओं की तरफ भी खींचा है। आरएसएस प्रमुख ने जोर देकर कहा कि हिमालयी क्षेत्र में जिस तरह की पर्यावरणीय समस्याएं हाल के दिनों में उभरकर सामने आयी हैं, वो बेहद खतरनाक हैं- ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, असमय वर्षा और भू- स्खलन की घटनाएं ये सभी स्थितियां हमारे विकास मॉडल की खामियों को उजागर करती हैं। हमें समय रहते इन्हें लेकर चेत जाना चाहिए।

आरएसएस प्रमुख ने अपने संबोधन में संगठन, शाखा और स्वयं सेवकों पर भी टिप्पणी किया। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा और स्वयं सेवकों का मूल कर्तव्य, चरित्र निर्माण है। क्योंकि व्यक्तियों का संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र भावना ही किसी देश को मजबूत बनाते हैं। अपने इस संबोधन में मोहन भागवत ने कहा, ह्यआरएसएस को अपना यह कर्तव्य जारी रखना चाहिए, यह राष्ट्रहित में है। इन बिंदुओं को मिलाकर देखें तो साफ कहा जा सकता है कि संघ प्रमुख का भाषण केवल सांस्कृतिक प्रेरणा तक सीमित नहीं था बल्कि सरकार को एक सावधानी भरा संदेश था, उनका यह भाषण। खासकर उन लड़खड़ाती ताकतों के लिए जो सरकार की नीतियों और सामाजिक भागीदारी को चुनौती देती हैं। हाल के दिनों में बार बार यह बात देखने में आयी है कि कुछ ताकतें सरकार के नाम पर कुछ अराजक तत्वों को अराजकता फैलाने की छूट देती हैं, जो अंततः सरकार के खाते में जाता है। उन्होंने पड़ोस के देशों में जिस तरह से युवा पीढ़ी यानी जेन-जी के विद्रोह उभरकर सामने आये हैं, उन पर भी चिंता व्यक्त की और देशवासियों तथा सरकार को आगाह किया कि ऐसी ताकतों को भारत में उभरने देने से चैकन्ना रहना चाहिए। क्योंकि ये ताकतें किसी परिवर्तन के लिए ऐसे विद्रोहों को हवा नहीं देतीं बल्कि देश को कमजोर करने को लक्षित होती हैं ये गतिविधियां। इस तरह देखें तो सरसंघ प्रमुख ने मोदी सरकार को हालांकि आड़े हाथों तो नहीं लिया, लेकिन उसकी नीतियों की दिशा और प्राथमिकताओं पर स्पष्ट रूप से प्रहार किया है और सरकार को चेताया है कि इस पर ध्यान दें, नहीं तो आने वाले दिनों में परेशानियां बढ़ सकती हैं। मोहन भागवत के इस विजयादशमी संबोधन को केंद्र सरकार के प्रति आलोचनात्मक इसलिए भी कहा जा सकता है, क्योंकि वह सरकार की उद्योग और आर्थिक नीतियों पर साफ-साफ शब्दों में सवाल खड़ा कर रहे हैं। जब वह कहते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय निर्भरता हमारी बाध्यता न बन जाए तो वह इशारा कर रहे हैं कि कैसे अंतर्राष्ट्रीय दबाव आज हमारी अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहे हैं और इनसे निकलना क्यों बहुत जरूरी है? इसलिए वह अनुबंधों की निर्भरता पर सावधान रहने की बात और देश को स्वदेशी तथा स्वायत्तता के प्रति मजबूत कदमों से आगे बढ़ने के लिए कह रहे हैं। पड़ोस के देशों के युवाओं के यह असंतोष से भी मोदी सरकार को आगाह कर रहे हैं कि हमें ऐसी आर्थिक नीति जो आर्थिक ताकत तो बढ़ाए लेकिन समृद्धि को कुछ थोड़े से हाथों में केंद्रित करे, उससे बचना चाहिए।

साफ शब्दों में मोहन भागवत सरकार को रोजगार केंद्रित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने की सलाह दे रहे हैं, जिसके केंद्र में स्वदेशी और स्वायत्तता हो यानी वह कुटीर उद्योगों और अन-ऑर्गनाइज्ड सेक्टर की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात कर रहे हैं। जबकि हाल के सालों में हमारी आर्थिक नीतियों से कुछ बड़े उद्योग घरानों का ही ज्यादा फायदा हुआ है और अव्यवस्थिति अर्थव्यवस्था लगभग तहस-नहस हो चुकी है। इस सबके अलावा मोहन भागवत सामाजिक सुदृढ़ता और देश के पारिस्थितिकीय संकट को भी गहराई से चिन्हित कर रहे हैं। कुछ असामाजिक तत्व जिस तरह से हाल के सालों में विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच तनाव और दूरियां बढ़ायी हैं, वह खतरनाक है। इससे देश मजबूत नहीं कमजोर होता है।

## सोशल मीडिया



हमको डरा रहे हो धमकी दे रहे हो कि, चुनाव के बाद देखेंगे। हम जहां भी जिसे चुनाव लड़वाने में मदद करते हैं तो विरोधी कहता है तुमको देख लेंगे भाजपा बंगाल में देख ली क्या?

प्रशान्त किशोर.

# आत्म संयम

जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए महापुरुषों का मार्गदर्शन जरूरी होता है। महापुरुषों का मार्गदर्शन, साधना और ज्ञान हमेशा मनुष्य का पारिष्कार कर उनमें दैव प्रवृत्तियों एवं सद् चिंतन का विकास करते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

अंतर्दृष्टि

# विमान निर्माण का हब बनेगा देश



सामयिक ● संजय श्रीवास्तव

अब देश में टाटा बनाएगा समूचा और बड़ा अत्याधुनिक सैन्य परिवहन विमान। रतन टाटा के प्रस्ताव और प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता से प्रारंभ होने वाली परियोजना, किसी निजी क्षेत्र द्वारा हवाई जहाज बनाने की यह परिघटना देश के पूरे वैमानिकी के परिदृश्य के बदल देगी। नए विमान के निर्माण से क्या क्या बदलेगा, इसकी खूबियां और वर्तमान तथा भविष्य पर एक नजर।

महान तब विदा लेते हैं, जब आधुनिक और नौजवान उनकी जगह लेने को तैयार होते हैं। 1960 में अपनी पहली उड़ान भरने और 1961 से भारतीय वायुसेना की सेवा में लगा ब्रिटेन और एचएएल निर्मित एवरो एचएस-748 अब धीरे धीरे विदा लेगा, उसकी जगह ले रहा है, एयरबस का सी-295। एवरो-748 की 6 दशक से ज्यादा की शानदार और विविधतापूर्ण सेवाओं के कभी भुलाया नहीं जा सकता। बुढ़ा रहे रूसी मालवाहक एंटोनोव एएन- 32 की भी जगह देर सवेर यही लेगा। 25 सितंबर 2023 को जब हिंडन एयर बेस पर पहला सी-295 विमान वायुसेना के 21 राइनो स्क्वाड्रन में शामिल किया गया तभी यह तय था कि आगे से हम ये विमान खुद बनाएंगे। अब गुजरात के वडोदरा में इसे बनाने लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड या टीएएसएल का प्लांट शुरू हो गया है। फिलहाल यह संयंत्र एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी के सहयोग से ऐसे 40 विमान बनाएगा।

असल में 2012 में रतन टाटा ने इस दूरदर्शी परियोजना की परिकल्पना की थी। यह फलीभूत तब हुई जब भारत सरकार ने सितंबर 2021 में स्पेन के साथ 56 सैन्य परिवहन विमान सी-295 खरीदने का सौदा 21,935 करोड़ रुपये में किया। तय हुआ था कि 16 विमान स्पेन के सेवले स्थित एयरबस कंपनी हमें उड़ने के लिए तैयार हालत में देगी और बाकी 40 हम उसके सहयोग से खुद बनाएंगे। 2022 के अक्टूबर में इसके निर्माण हेतु इस संयंत्र की नींव पड़ी। अब प्रधानमंत्री के उद्घाटन के बाद जब रतन टाटा नहीं हैं, नोएल टाटा के नेतृत्व में कंपनी देश में निजी क्षेत्र के पहला समूचा और अति उन्नत कार्गो हवाई जहाज बनाने के लिए कमर कस चुकी है। टीएएसएल अगस्त 2031 की आखीर तक वायुसेना को सभी 40 विमान बनाकर सौंप देगा। इसके बाद 25 बरसों तक भारतीय वायुसेना के इन विमानों की देखरेख का ठेका भी उसी ने ले रखा है। बेशक उसके आगे की भी अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाएं उसके पास हैं।

टीएएसएल और एयरबस मिलकर देश में दूसरे देशों के लिए विमान बनाएंगे। अब वे चाहे युद्धक हों या मालवाही अथवा भविष्य में यात्री विमान। इससे विमान निर्माण के क्षेत्र में बनने वाला परिदृश्य साबित करेगा कि मेक इन इंडिया के साथ 'मेड फॉर द ग्लोब' और आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर हम तेजी से बढ़ चले हैं। जल्द ही यूरोपीय और अमेरिकी वर्चस्व वाले एयरोस्पेस मार्केट में भारत एक मजबूत दखल रखेगा। विदेश से आयात पर निर्भरता कम होगी और देश में निर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलेगा तो भविष्य में यहां से विमानों के निर्यात के अवसर बनेंगे। रक्षा निर्यात में भारत की स्थिति और मजबूत बनेगी। दुनिया की बड़ी विमान कंपनियों के लिए हम बहुत से कलपुर्जे बनाते ही हैं पर इस नए विमान सी-295 के लिए 18 हजार कलपुर्जे यहीं बनेंगे और आगे चलकर यह घरेलू मांग बढ़ेगी तो नए कौशल और नए छोटे, मंझोले उद्योगों को फायदा पहुंचेगा। हम बोइंग से हर साल 1 अरब अमेरिकी डॉलर की सेवा लेते हैं। इसमें से 60 फीसदी से अधिक विनिर्माण में खर्चते हैं, अब इसमें कमी आयेगी। टाटा की सहयोगी कंपनियों, सेवाओं, सैकड़ों डिफेंस स्टार्टअप को भी खूब काम मिलेगा। देश के एयरोस्पेस इंडस्ट्री जो दक्षिण भारत तक सीमित है उसमें विविधता आयेगी। कानपुर, प्रयाग, आगरा तक इसका विस्तार होगा। टाटा कंसोर्टियम ने सात राज्यों से काम कर रहे सवा सौ से अधिक इन-कंट्री एमएसएमई आपूर्तिकताओं को काम देने का जो फैसला किया है वह देश के एयरोस्पेस के क्षेत्र में रोजगार बढ़ाएगा। यह संयंत्र ही 3000 से अधिक लोगों को नौकरी देने वाला है तो, 15,000 से ज्यादा अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।

कोशिश है कि देश उड्डयन और विमानों के रखरखाव व मरम्मत का केंद्र बन जाए। अब उम्मीद जगी है तो इस पहल के बाद रखरखाव की सुविधा के लिए भी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा, कलपुर्जों के लिए आपूर्ति श्रंखला तैयार होगी। हैंगर, भवन, एप्रन और टैक्सीवे के रूप में विशेष बुनियादी ढाँचे का विकास होगा। मतलब यह शुरूआत मेंटीनेंस, रिपेयरिंग तथा संचालन यानी एमआरओ की सेवा देने में हमको आगे बढाने वाला है। इन सबके बाद सस्ते श्रम और बेहतर तकनीक सहायता के लिए तमाम विदेशी कंपनियां, संस्थान यहीं आयेंगे। आने वाले दो दशकों के भीतर ही देश को लगभग 2500 यात्री और मालवाहक विमानों की जरूरत होगी अगर हम आत्मनिर्भर बन गये तो सोचिए कितना लाभ होगा। बीते डेढ़ दशक में देश ने ऐसे अनेक फैसले लिए, जिससे भारत में एक वाइब्रेंट डिफेंस इंडस्ट्री का विकास सुनिश्चित हो सका है और निजी क्षेत्र की भागीदारी ने सरकारी उपक्रमों को प्रभावशाली बनाया। टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड का यह हवाई जहाज संयंत्र इसी का उदाहरण है।




### जानिए सी-295 विमान को

सी-295 के नाम में सी स्पेन कंपनी कासा यानी सीएएसए का पहला अक्षर है। यह अब एयरबस में विलय हो चुकी है। 2 बताता है इसमें दो इंजन हैं और 95 उसकी भार वहन क्षमता दर्शाता है। 90 के दशक में यह विकसित हुआ, 28 नवंबर 1997 को पहली उड़ान भरी। विमान की लंबाई 80.3 फीट, डैनों का विस्तार 84.8 फीट, ऊंचाई 28.5 फीट है। क्रू केबिन में टचस्क्रीन कंट्रोल के साथ स्मार्ट कंट्रोल सिस्टम है। यह महज 320 मीटर की दूरी में टेक-ऑफ और 670 मीटर की दूरी में लैंडिंग कर सकता है। यह एक बार में 71 सैनिक या 9 टन वजन के साथ 482 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से लगातार 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है।

दो प्रैट एंड व्हिटनी टर्बोप्रॉप इंजन के सहारे यह 30 हजार फीट तक ऊंचा तक जा सकता है। इसके पिछवाड़े रैंप डोर है, मतलब सैनिकों को या सामान को बहुत तेजी से उतारा, चढ़ाया जा सकता है। डैनों के नीचे 6 ऐसी जगहें हैं जहां हथियार और बचाव प्रणाली लगाई जा सके। इसके इनबोर्ड पाइलॉन्स में 800 किलो के हथियार लगा सकते हैं। आटो रिवर्स क्षमता के चलते यह 12 मीटर चौड़े रनवे पर 180 डिग्री तक मुड़ सकता है। 1500 किलो वजनी रिमूवेबल रीफ्यूलिंग सिस्टम, एक ऑपरेटर कंसोल और 100 फीट लंबी होज ड्रम तथा तीन अतिरिक्त ईंधन टंकियों से लैस इस विमान को हवा में उड़ता ईंधन टैंकर बनाया जा सकता है। हवा में ही फिक्स्ड विंग वाले एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर को ईंधन दिया जा सकता है। विमान इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल इंटेलिजेंस और विभिन्न प्रकार के टोही सेंसर्स आधुनिक एवियोनिक्स से युक्त है। इसका एयरबोर्न अर्ली वार्निंग संस्करण हवाई क्षेत्र की पूरी तस्वीर देने के लिए अपने रडार से 360-डिग्री कवरेज करता है।

### भारत के लिए क्यों है गेम चेंजर

फिनलैंड, पोलैंड की बर्फीली ठंड हो या अल्जीरिया और जॉर्डन का तपता रेगिस्तान, ब्राजील के जंगल हों अथवा कोलंबिया के पहाड़, यह हर चुनौतीपूर्ण वातावरण में कामयाब है। हमसे पहले स्पेन, इंडोनेशिया, इराक, मिस्र और अफगानिस्तान जैसे 37 देशों ने इस सामरिक परिवहन विमान को आजमाया है। इसका 'मेड इन इंडिया' और बहुउद्देशीय होना गेम चेंजर साबित होगा। हर मौसम में, रात दिन कभी भी, रेगिस्तान, पहाड़, समुद्र सभी जगह बहुमुखी प्रतिभा वाला विश्वसनीय सी-295, सामरिक परिवहन विमान अपनी भूमिकाएं निभा सकता है। यह सैन्य अभियानों के दौरान भार वहन के अलावा भूकंप, बाढ़, तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान इस्तेमाल हो सकता है। 24 स्ट्रेचर और सात मेडिकल अटेंडेंट ले जाने की सुविधा के साथ इसे उड़ते चिकित्सा घर में बदलने की खूबी हो अथवा 7,000 लीटर पानी के साथ उड़ान में सक्षमता के चलते जंगल की आग से लड़ने के लिए एक कुशल वाटर बॉम्बर में बदलना, इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसके विभिन्न वैरियंट थोड़े से बदलाव के बाद चिकित्सा निकासी, जंगलों की आग बुझाने, टोह लेने हमला करने के लिए भी किया जा सकता है। यह विमान सीमित लंबाई वाली पट्टी से उड़, और उस पर सुरक्षित उतर सकता है। यही नहीं इसे दोयम दर्जे के कच्चे रनवे से भी उड़ाया और उतारा जा सकता है। इसके अलावा यह विमान सुरक्षित पैराशूट ड्रॉप के लिए आवश्यक प्रावधानों से लैस है जिसके जरिये सैनिकों तथा हथियारों को दुर्गम स्थानों पर आसानी से और तेजी से पहुंचाया जा सकता है। इसलिए हवाई हमले और विशेष बलों के मूवमेंट के लिए यह अत्यधिक उपयोगी है। चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा अथवा सीमा पर चल रही गतिविधियों की दशा में यह क्षमता बड़े काम की है।

## आप की बात

### तमाशबीन बना यूएनओ

दुनिया में कई मोर्चे पर युद्ध चल रहा है। इजराइल कई आतंकी संगठनों से लड़ रहा है, ईरान से भी उसका टकराव चल रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है, लेकिन युद्ध रोकने के लिए अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र संघ तमाशबीन बना हुआ है। कहीं भी यूएनओ की कोई भूमिका नजर नहीं आती है। इसी तरह गरीबी, असमानता और क्लाइमेट चेंज को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ कोई गंभीर पहल करने में नाकाम रहा है। ऐसे में अब संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासांगिकता पर सवाल उठाये जा रहे हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र संघ के मौजूदा स्वरूप को बदलने और इसमें भारत की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग रखी थी। उनका सवाल था कि आखिर भारत, संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए कब तक इंतजार करता रहेगा? पीएम मोदी का कहना है कि सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और संयुक्त राष्ट्र संघ के मूल चरित्र में सुधार वक्त की मांग है। यदि इस पर शीघ्र ही गौर नहीं किया गया तो संयुक्त राष्ट्र का अस्तित्व खतरे पड़ जायेगा। संयुक्त राष्ट्र दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ था।

24 अक्टूबर 1945 को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में 50 देशों ने मिलकर ऐसे देशों का समूह बनाया जिसका लक्ष्य वैश्विक शांति के लिए मिलकर काम करना था। इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र संघ या संक्षेप में यूएनओ भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के चार उद्देश्य हैं- अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का संरक्षण करना, विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास करना, अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में सहयोग एवं मानव अधिकारों के प्रति सम्मान का संवर्धन और देशों की कार्रवाइयों के बीच तालमेल के केन्द्र के रूप में काम करना। लेकिन इधर दो वर्षों से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध एवं इजरायल एवं अरब राष्ट्रों के बीच सीमित युद्धों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जहां तक संयुक्त राष्ट्र संघ के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल संचालन में भारत के योगदान एवं भागीदारी का सवाल है तो आज भी भारत विकास एवं गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, निशस्त्रीकरण, मानवाधिकार और विश्व शांति स्थापना के प्रयासों में संयुक्त राष्ट्र संघ का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहा है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्था की नीति निर्धारक सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता से भारत को वंचित तथा बाहर रखना अन्याय ही माना जाना चाहिए।

**अमित कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## छात्रा को कोतवाली की सौंपी गयी एक दिन की कमान



प्रतापगढ़। मिशन शक्ति को लेकर शुक्रवार को स्थानीय लालगंज कोतवाली में छात्राओं को जागरूकता प्रदान की गयी। वहीं नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज की कक्षा ग्यारह की छात्रा रक्षिता तिवारी को एक दिन का कोतवाल बनाया गया। छात्राओं की हौसला आफजाई को लेकर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार एवं मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी एसआई दीपिका सिंह ने छात्रा रक्षिता को बुके प्रदान कर सम्मानित किया। प्रभारी निरीक्षक बनी छात्रा रक्षिता ने फरियादियों की सुनवाई भी की। उन्होंने प्रार्थना पत्रों पर सम्बन्धित उप निरीक्षकों को जांच कर निस्तारण कराये जाने के आदेश दिये। छात्राओं के दल ने बताया कि लालगंज थाने में मिशन शक्ति केंद्र को देखकर उनके आत्मविश्वास व मनोबल में बढ़ोत्तरी हुई है। विद्यालय से आई छात्राओं को एसएसआई अरूण सिंह ने कोतवाली परिसर का भ्रमण कराकर पुलिस कार्य प्रणाली से भी अवगत कराया।

## गाजे - बाजे के साथ विसर्जित हुईं दुर्गा प्रतिमाएं

प्रतापगढ़। विजयदशमी पर अंचल में दुर्गा प्रतिमाओं का गाजे बाजे के साथ पोखरों व नहरों में विर्सजन हुआ। गुरूवार की देर शाम तक पाण्डालों से प्रतिमाओं के साथ देवी भक्त नाचते गाते निकले। विर्सजन स्थल पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा देवी के साथ मां सरस्वती, भगवान श्रीगणेश, भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाओं का भी विधिविधान से पूजन अर्चन किया। देवी भक्त पाण्डालों से विर्सजन स्थल तक अबीर गुलाल उड़ाते मां के जयकारे में भक्तिभाव के जोश में देखे गये। विर्सजन को लेकर चिन्हित स्थानों पर पुलिस की तैनाती भी देखी गयी। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ आशुतोष मिश्र फोर्स के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील देखे गये।

## बालिका का बरामद हुआ शव, परिजनों में कोहराम

प्रतापगढ़। सई में स्नान करने व कलश तैराने गई ग्यारह वर्षीया मासूम गहरे पानी में समा गयी। दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी कडी मशक्कत के चलते मासूम का शव पुल के नीचे बरामद हो सका। लीलापुर थाने के पूरे पाण्डेय कमौरा निवासी विष्णु मिश्रा की ग्यारह वर्षीया पुत्री आयुषी उर्फ गौरी दो अक्टूबर को सुबह करीब साढ़े सात बजे अपनी मां सुषमा देवी व दादी आशा देवी तथा भाई अंकुश मिश्रा एवं चचेरे भाई यश मिश्र पुत्र कमल मिश्र के साथ सई में स्नान करने गयी थी। परिजन वहां कलश तैराने के बाद स्नान कर रहे थे कि अचानक नदी का बहाव अधिक होने के कारण आयुषी पानी में डूबने लगी। बहन को बचाने के लिए भाई अंकुश भी डूबने लगा। तब तक यश मिश्र ने शोर मचाया। इस पर गांव तथा परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने अंकुश, आशा देवी व सुषमा को बचा लिया। हालांकि आयुषी का पता नही चल सका। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मनोज पाण्डेय भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। एसओ मनोज पाण्डेय ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। इधर राजस्व टीम भी घटना की जानकारी मिलने पर गांव पहुंची। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि नदी में डूबी बालिका के परिजनों को शीघ्र ही अनुमन्य शासकीय सहायता मुहैया करायी जाएगी।

## बहू को बंधक बनाकर लूट, पुलिस ने घटना को नकारा

सिद्धार्थनगर- ढेबरूआ थाना क्षेत्र स्थित ढेकहरी बुजुर्ग गांव में विजयदशमी की शाम एक घर में लूट की वारदात हुई। नकाबपोश बदमाशों ने घर की बहू को बंधक बनाकर गहने लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस ने पहले इस घटना को 'झूठा' बताया था, लेकिन बाद में सामने आए वीडियो ने सच्चाई उजागर कर दी। यह घटना गुरुवार शाम करीब 8 बजे नागेंद्र कश्यप के दो मंजिला मकान में हुई। उनके परिवार में नागेंद्र कश्यप, उनकी पत्नी, छोटा बेटा छोटू और उसकी पत्नी मधु शामिल हैं। छोटू और मधु की शादी सात महीने पहले हुई थी। घटना के समय, परिवार के सभी सदस्य विजयदशमी और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम देखने गांव से बाहर गए हुए थे। घर की ऊपरी मंजिल पर छोटू की पत्नी मधु अकेली थीं। इसी दौरान दो नकाबपोश बदमाश घर में घुस गए।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर लापरवाही, प्रधानाध्यापक निलंबित

# बीएसए ने शिक्षकों पर जांच के दिए आदेश

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। गांधी-शास्त्री जयंती पर जिले के जोगिया ब्लॉक में गंभीर लापरवाही सामने आने पर जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय रीवा ननकार के प्रधानाध्यापक अब्दुर्रहमान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

वहीं सहायक अध्यापक अभिषेक त्रिपाठी, शिक्षामित्र राजकुमार और शिक्षामित्र सीमा पांडे से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी, शोहरतगढ़ को सौंपी गई है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय पटखौली में झंडारोहण न होने और गांधी-शास्त्री जयंती का कार्यक्रम न आयोजित होने पर प्रधानाध्यापक रवि चौरसिया और सहायक अध्यापक तनुजा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की गई है। शिक्षामित्र सरिता और राजाराम को भी जवाब देने के आदेश दिए गए हैं।

यह कार्रवाई 2 अक्टूबर को हुई लापरवाही के बाद की गई। रीवा ननकार प्राथमिक विद्यालय में झंडारोहण तो हुआ, लेकिन परिसर में फटा हुआ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। यह दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों में आक्रोश फैल गया। ध्वज संहिता के अनुसार फटा या अपमानजनक स्थिति में ध्वज फहराना दंडनीय है और इसे स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरुषों के बलिदान का अपमान माना जाता है।

### मांगा गया स्पष्टीकरण

वहीं पटखौली प्राथमिक विद्यालय में स्थिति और भी गंभीर रही, जहां न तो झंडारोहण हुआ और न ही जयंती का आयोजन। घटना सामने आते ही जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय पर्वों के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर इरअ शैलेश कुमार ने तत्काल निलंबन व जांच की कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पहले से निर्देशित था कि गांधी-शास्त्री जयंती सम्मानपूर्वक मनाई जाए। इसके बावजूद रीवा ननकार में फटा तिरंगा फहराना और पटखौली में झंडारोहण न होना बेहद गंभीर लापरवाही है। इस घटना से न केवल स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों का अपमान हुआ है, बल्कि विभाग की छवि भी धूमिल हुई है। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं बल्कि बच्चों में संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने का सबसे बड़ा माध्यम हैं। यदि विद्यालय ही राष्ट्रीय पर्व और तिरंगे के सम्मान की अनदेखी करेंगे, तो बच्चों में अनुशासन और देशभक्ति की भावना कमजोर होगी। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य की नींव हैं। यदि यहां राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होगा और महापुरुषों की जयंती उपेक्षित रहेगी, तो बच्चों में राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की भावना क्षीण होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो।

# कड़ी सुरक्षा के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कार्य हुआ सम्पन्न

बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील के एसडीएम सीओ तहसीलदाल व कोतवाल के निगरानी व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मां दुर्गा के प्रतिमाओं का विसर्जन गत बृहस्पतिवार सायं काल से शुरू हो कर भोर तक चलता रहा इस दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। यहां प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन से किया गया।बांसी तहसील मुख्यालय पर कस्बे की सारी दुर्गा प्रतिमाएं चंगेरा पैलेस होते



हुए लोहा मंडी मंगल बाजार पुरानी कचहरी होते हुए परंपरागत तरीके से राप्ती नदी पुल पर पहुंची जहां राप्ती नदी के किनारे बनाए गए कृत्रिम पोखरे में प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन से किया गया। राप्ती नदी के किनारे पानी और दलदल होने के चलते प्रतिमाओं का विसर्जन नए राप्ती पुल से दो क्रेन लगाकर किया गया। प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शाम चार बजे से शुरू हुआ और सुबह चार बजे तक चलता रहा। विसर्ज के लिए पुल पर तीन क्रेन लगाए गए थे साथ ही कृत्रिम तालाब में बारह गोताखोर और एक नाव की व्यवस्था किया गया था। सुरक्षा की दृष्ट से नदी व आसपास के क्षेत्र में बैरिकेडिंग किया गया था। विसर्जन को लेकर प्रशासन काफी सतर्क रहा । विसर्जन स्थल पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी थी। यहां बनाए गए प्रशासनिक कैंप में एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती, सीओ मयंक द्विवेदी, तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, , कोतवाल गौरव सिंह, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मो इदरीश पटवारी, नपा लिपिक जमील अहमद, अमरेंद्र कुमार, गिरीश पांडेय सहित काफी संख्या में पुलिस बल और नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

## थाना नवीन मार्डन में राष्ट्रनायकों को नमन




कटरा श्रावस्ती। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर थाना नवीन मार्डन परिसर में एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक शम्भू सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस बल मौजूद रहा, कार्यक्रम का शुभारम्भ दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। उपस्थित जनसमूह ने श्रद्धा के साथ उनके जीवन मूल्यों को स्मरण किया। निरीक्षक शम्भू सिंह ने कहा कि गांधीजी का सत्य, अहिंसा, सद्भावना और सेवा का मार्ग समाज को आज भी प्रेरित करता है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री का ईमानदारी, सरलता, त्याग और कर्मनिष्ठा का जीवन देशवासियों के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक ने थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई कि हम सभी सत्य, अहिंसा, अनुशासन, परिश्रम और कर्तव्यपरायणता के मार्ग पर चलेंगे तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गांधी और शास्त्री की जयंती हमें आत्मनिरीक्षण और समाज सुधार की प्रेरणा देती

## मिशन शक्ति में गर्भवती महिलाओं को किया जागरूक



श्रावस्ती। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता दी गई। सीएचसी गिलौला के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कटार में आयोजित वीएचएसएनडी सत्र पर महिलाओं को जागरूक किया गया, जिसमें सीएचओ रागिनी राय व अन्य स्टाफ मौजूद रहे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए गए तथा गर्भावस्था में पौष्टिक आहार व उचित देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. वी.के. राय समेत स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## ओरल हेल्थ केयर अभियान शुरू

सिद्धार्थनगर- जिले में ओरल हेल्थ केयर अवेयरनेस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बलराम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और जीवन-शैली की जानकारी देना उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। यह अभियान महाकाल एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, राजकोट (गुजरात) के तत्वावधान में भारत केयर द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से जागरूक करना है।अभियान के सफल संचालन के लिए 20 स्वयंसेवकों की एक टीम गठित की गई है। इन स्वयंसेवकों को 5-6 लोगों के समूहों में विभाजित कर विद्यालयों में भेजा जाएगा।

# मां ने सूरज कभी कह दिया था हमें, और हम उम्र भर जगमगाते रहे...

- **अझारा में सातवें काव्य संगम में साहित्यकारों ने कविता के सुर में पिरोया राष्ट्रभक्ति का जज्बा**






प्रतापगढ़। नगर पंचायत के अझारा वार्ड में मां विन्ध्याचल देवी धाम परिसर में गुरूवार की रात सातवें काव्य संगम में साहित्यकारों ने वतनपरस्ती तथा सामाजिक जागरण को लेकर काव्यपाठ किया।

सुमित्रा वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में अन्र्तजनपदीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में आधी रात तक श्रोता साहित्यकारों की रचनाओं को सुनकर गदगद दिखे। कार्यक्रम में सामाजिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में योगदान के लिए आयोजन समिति द्वारा विशिष्टजनों को सम्मानित भी किया गया। शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने आयोजक कवि अनूप प्रतापगढ़ी के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। कवयत्री वंदना शुक्ला ने मां सरस्वती की मनमोहक वंदना प्रस्तुत की। वंदना का सशक्तीकरण को लेकर श्रृंगार विधा में काव्यपाठ सराहा गया। गजलकार कृष्णकांत कामिल ने पढ़ा- मां ने सूरज कभी कह दिया था हमें, और हम उम्र भर जगमगाते रहे। आयोजक कवि अनूप प्रतापगढ़ी ने पढ़ा-लगे सबसे प्यारा अझारा मुझे की भावनात्मक प्रस्तुति में स्थानीय श्रोताओं की वाहवाही हासिल की। संदीप शरारती की कहीं समधन संग समधी फरार पर हंसी के फव्वारे छूटे। वहीं सोमनाथ कश्यप ने आंसूओं की रवानी नहीं चाहते पढ़कर कवि सम्मेलन को ऊंचाईयां प्रदान की। दीपेन्द्र तनहा का रात रात भर उड़ता ड्रोन, वहीं वाईपी सिंह का परहित में रहते लगे जिनके दोनों हाथ को भी श्रोताओं ने पसन्द किया। कवि डॉ0 केसरी शुक्ल का डीपी पर पोज की रचना युवा श्रोताओं को पसन्द आयी। हास्यकवि बिहारी लाल अम्बर भी श्रोताओं को खूब भाये। ओजकवि अंजनी अमोघ, विनीत मिश्र की भी रचनाएं सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना को आगाज देती दिखीं। कवि सम्मेलन के आयोजक अजय मिश्र आशीष ने साहित्यकारों के साथ समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र, आचार्य विनय शुक्ल, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, अजेन्द्र सिंह, डा0 देवमणि त्रिपाठी, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, श्यामकृष्ण शुक्ल, अभय द्विवेदी, जयप्रकाश पाण्डेय सरस, विनयशंकर मिश्र को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रियम मिश्र, दिनेश सिंह, डॉ0 हरिशंकर तिवारी, कमलेश मिश्र, कुलदीप तिवारी, अंकित तिवारी, नितिन मिश्र, अनुज दुबे आदि रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 अभियान से बढ़ी जागरूकता



श्रावस्ती। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति 5.0 के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार उत्तम के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने महिलाओं को सुरक्षा संबंधी योजनाओं, साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। गिलौला, इकौना, एनएमपीटी, भिनगा, हरदत्त नगर गिरंट व सिरसिया की मिशन शक्ति टीमें गांवों में जाकर संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहीं हैं। इन टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध रोकथाम, लैंगिक समानता और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। एंटी रोमियो टीमों और शक्ति मोबाइल यूनिट ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, मंदिरों और पंडालों में जाकर सीयूजी नंबर साझा कर सुरक्षा और सम्मान का संदेश दिया। श्रावस्ती पुलिस का यह प्रयास महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## सीएम योगी ने चॉकलेट देकर बच्चों पर लुटाया प्यार, की आत्मीय बातचीत



गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार सुबह भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत से बच्चों से मुलाकात की। प्यार लुटाते हुए उनसे आत्मीय बातचीत कर चॉकलेट दिया। नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा और खूब आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बाल प्रेम जगजाहिर है। प्रोटोकॉल परे कर बच्चों से मिलना, उनसे ठिठोली करना, उन्हें दुलारना, खूब पढ़ने का आशीर्वाद देना और चॉकलेट देना उनकी खासियत है। बच्चों के साथ उनकी ऐसी ही आत्मीयता का दृश्य शुक्रवार सुबह भी गोरखनाथ मंदिर में देखने को मिला। गुरुवार शाम विजयदशमी शोभायात्रा की अगुवाई करने के बाद रात्रि प्रवास के बाद शुक्रवार सुबह उनकी दिनचर्या परंपरागत रही। महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद उन्होंने अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर मत्था टेका और उनका आशीर्वाद लिया। हर बार की तरह वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। इस दौरान उनकी नजर श्रद्धालुओं के साथ उनके बच्चों पर पड़ गई। मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने पास बुला लिया। एक-एक करके सबसे उनका नाम पूछा, किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। कुछ बच्चों से हंसी-ठिठोली भी की। उन्होंने बच्चों से बेहद अपनेपन से बातचीत की।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर हुआ ध्वजारोहण



प्रतापगढ़। गांधी शास्त्री जयंती पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ध्वजारोहण एवं संगोष्ठियों का आयोजन हुआ। सिविल न्यायालय स्थित सभागार में अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर व सिविल जज के मल्लिकार्जुन ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने गांधी एवं शास्त्री को भारतीय विचारधारा का सशक्त दर्शन बताया। तहसील मुख्यालय पर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने ध्वजारोहण किया। सभागार में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा की अगुवाई में अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने सामूहिक रामधुनि का मनमोहक भजन किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार एवं संचालन लेखपाल संघ के महामंत्री मो0 अकरम ने किया। यहां संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राजेश तिवारी, अनूप पाण्डेय, सोमनाथ मिश्र, रामलोचन त्रिपाठी, रामचंद्र त्रिपाठी, केके सरोज, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, केके सिंह आदि ने गांधी एवं शास्त्री के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। नगर पंचायत कार्यालय भवन पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया। प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में स्वच्छताकर्मियों व सभासदों के साथ नगर में स्वच्छता रैली निकाली गयी। सीओ कार्यालय पर सीओ आशुतोष मिश्र, वन प्रभाग में वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, सीएचसी में अधीक्षक डा0 अरविंद गुप्ता, एसडीओ विद्युत कार्यालय पर एसडीओ आशुतोष कुमार, ब्लाक मुख्यालय पर प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने ध्वजारोहण किया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर हुए विविध आयोजन



श्रावस्ती। जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कलेक्ट्रेट परिसर में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण कर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। इसके उपरांत आयोजित कार्यक्रम में गांधी एवं शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में क्रासकंट्री दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को ट्रैक सूट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चिन्हित महिलाओं को पोषण टोकरी भी प्रदान की गयी। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने कहा कि गांधी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। वहीं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अशोक कुमार ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग से देश को आजादी दिलायी। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिले के अन्य शासकीय व अशासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी ध्वजारोहण एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# धूमधाम से निकाली राम-रावण की रथयात्रा



जिला संवाददाता

कटरा श्रावस्ती। श्रीराम जानकी मंदिर बड़की कुट्टी से विजयादशमी के अवसर पर परंपरागत राम-रावण रथयात्रा निकाली गई, जिसे प्रवीण बौद्ध अमरीका जायसवाल, सुरेश तिवारी, पंडित अनोखी लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ऐतिहासिक यात्रा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती हुई चौधरी बाग स्थित दशहरा मैदान तक पहुँची। वहां पर भगवान श्रीराम और लंकेश रावण के बीच युद्ध का जीवंत मंचन किया गया। जैसे ही प्रभु श्रीराम ने अग्निबाण चलाया, विशाल रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा।

इसके साथ ही आसमान आतिशबाजी से जगमगाने लगा और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। दशकों से कटरा बाजार में आयोजित हो रही रामलीला का यह पर्व इस बार भी भव्यता और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। रामलीला के आयोजन में स्थानीय जनमानस का सहयोग सराहनीय रहा। इस आयोजन में सुनील चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, संजय चौधरी, अभिनव चौधरी, नवीन चौधरी, मिथिलेश पटेल, बनवारी लाल यादव, विपुल तिवारी, राम कुमार मिश्रा, संतोष पटवा, लवकुश पांडा, दिनेश चौरसिया, लवकुश गुप्ता, लाल सोनी और पृथ्वी नाथ गुप्ता का विशेष योगदान रहा। रामलीला के अंतिम दिन मंदिर प्रांगण से निकली रामदल की सेना और लंकेश की सेना दशहरा मैदान में आमने-सामने पहुँची। मंच पर राम और रावण के संवाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके बाद हुआ युद्ध दर्शकों की भावनाओं को चरम पर ले गया। रावण वध और पुतला दहन के साथ दशहरे का समापन हुआ। इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक मौजूद रहे। लोगों ने आतिशबाजी का आनंद लिया और प्रभु श्रीराम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में राजेश पाण्डेय, अरविंद चौधरी, अमीरका प्रसाद जायसवाल, शिव कुमार पाठक, राजू पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, सिद्धनाथ जायसवाल, बउरे विश्वकर्मा, द्वारिका जायसवाल, बृजेश पटेल सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने एसडीएम बांसी को बतायीं समस्याएं



बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी आदर्श व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में एस डी एम निखिल चक्रवर्ती से मिलकर नगर की समस्याओं से अवगत कराया और समस्या के समाधान की मांग किया । समस्या की चर्चा करते हुए बताया कि अकबरनगर वार्ड में स्थित गड्ढे को कूड़ा करकट से पाट दिया गया है । उन्होंने यह भी बताया कि दो माह पूर्व तत्कालीन एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह तथा नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ उक्त गड्ढे का मौका मुआयना किया था और मौके पर ही गड्ढे को खाली करने को आदेशित किया था । लेकिन नगर पालिका ने गड्ढे की सफाई का कोई कार्य नहीं किया और कार्य के प्रति काफी लापरवाही व उदासीन है । जिससे लोगो में काफी आक्रोश है। इसी क्रम में शास्त्री नगर वार्ड में स्थित पुराने धर्मशाला के पास बांसी-पनघटिया बांध के ऊपर और नीचे से बाढ़ के समय नगर के अंदर आने वाले नदी के पानी को रोके जाने की भी बात कही । बातचीत के क्रम में शीतलगंज पोखरे और बांसी नगर में लगने वाले माघ मेले के आय-व्यय की जांच के लिए आए आदेश को जल्द से जल्द जांच पूर्ण करने का अनुरोध पदाधिकारियों ने किया । प्रतिनिधि मंडल में संतोष कुमार अग्रहरी, वेद प्रकाश, डा अनूप कुमार, दिनेश चंद्र वर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, शरद शर्मा, देवव्रत वर्मा, मनीष वर्मा, रोबिन वर्मा, बबलू वर्मा, मनोज वर्मा आदि शामिल रहे।

## स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर देंगे बीमारी और बचाव की जानकारी



सिद्धार्थनगर । विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान द्वितीय चरण 05.10.2025 से 31.10.2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने के संबध में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रजत कुमार चौरसिया की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप द्वितीय चरण संचारी रोग नियंत्रण अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तथा दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाये। दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगो के संबध में व्यापक जन-जागरूकता हेतु दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के संबंध में लोगो को जानकारी देंगें। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करायें।

संक्षेप

## स्वयंसेवकों ने लोगों को राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति दिया संदेश

**लालगंज, रायबरेली।** शौर्य, साहस व अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए घोष की धुन पर अनुशासित होकर कंधे पर दंड रख कदम से कदम मिलाकर चलते स्वयंसेवक।यह नजारा था गुरुवार को लालगंज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के शताब्दी वर्ष पर निकाले गए पथ संचलन का।100 वर्षों के लंबे सफर को गर्व से याद करते हुए स्वयंसेवक दो-दो की कतार में होकर नगर के मुख्य मार्गों से निकले। इस दौरान भारत माता के जयकारे भी लगाए गए।नगर में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। भारी बारिश के बावजूद आरएसएस के राष्ट्र प्रेमी एवं कर्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवक सुबह सात बजे से ही नगर के नारायण उत्सव लान पर एकत्रित होना शुरू हो गए थे। विजयादशमी उत्सव होने के चलते शस्त्र पूजन, ध्वज प्रणाम के बाद बाद बौद्धिक का आयोजन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अवध प्रांत के सह प्रांत प्रचारक संजय ने राष्ट्र भाव के जागरण और हिंदुत्व पर बल दिया।उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के उत्थान के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर देवेंद्रा नन्द गिरि जी ने कहा कि राष्ट्रीय भावना को जगाने के लिए संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है।उन्होंने कहा कि बड़े झंझावातों के बाद भी हमारी सनातन संस्कृति जीवंत है तो उसमें संघ का विशिष्ट महत्व है। इस अवसर पर विभाग कार्यवाह ऊधम जायसवाल, जिला कार्यवाह अनंत बाजपेई, जिला प्रचारक अजीत, नगर प्रचारक पुष्पम, इंद्रेश सिंह ,दीपक अवस्थी, शीतला गुप्ता, राजेश सोनी, विद्या मंदिर प्रधानाचार्य सत्येंद्र शुक्ला, निर्भय सिंह ,सुशील शुक्ला , दीप प्रकाश, अनूप समेत सैकडो स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## बरेली कांड के बाद दोस्तपुर में अलर्ट

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** बरेली में हाल ही में हुए ह्यआई लव यू मोहम्मदह्ण प्रकरण के बाद जिलेभर में प्रशासन सतर्क हो गया है।एहतियातन शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर दिखा।नमाज के समय मस्जिदों और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिसबल की तैनाती की गई। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह स्वयं मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करते रहे। वहीं कादीपुर क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। पुलिस की ओर से मस्जिदों के आसपास बैरिकेडिंग कर चेकिंग की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि शांति व्यवस्था भंग करने या अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**अमेठी।** जिले के सेवरा गांव में 20 वर्षीय लड़के का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान देवगन चौहान के रूप में हुई है। वह शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के सेवरा गांव का रहने वाला था। उसका शव शुक्रवार सुबह घर के अंदर फंदे से लटका मिला। शुकुल बाजार थाने के प्रभारी निरीक्षक अभिनेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या प्रतीत हो रही है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# पांडेयबाबा धाम पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दशहरे के दिन लगने वाले पूर्वांचल के ऐतिहासिक पांडेयबाबा मेले में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। श्रद्धालु बुधवार शाम से ही चैरा स्थल पहुंचकर हलुआ, पूड़ी, अनाज, दूध, कौड़ी, फूल माला चढ़ाकर दर्शन कर रहे हैं।पांडेयबाबा के जयकारों से पूरा धाम गूंज रहा है। दर्शन पश्चात दुकानों पर लोग खरीददारी कर रहे हैं। मेला परिसर व अगल बगल गांव तक श्रद्धालु कड़ाही दे रहे हैं। मेले में लगे सर्कस और झूलों पर परिवार के साथ पहुंचे बच्चे लुफ्त उठा रहे हैं।राजनीतिक दलों के लोग शिविर लगाकर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं को पानी पिलाने के साथ ही सहायता में जुटे हैं। भारी भीड़ के चलते कई श्रद्धालुओं के मोबाइल व पर्स चोरों ने पार कर दिया। चैरा स्थल पर लगे सुरक्षाकर्मियों ने कई आरोपितों को हिरासत में लिया। धाम के आसपास सुरक्षाकर्मी मुस्तैद दिखे।

**लाठियों व गट्टों की बिक्री सबसे अधिक :** दशहरे के दिन लगने वाले ऐतिहासिक पांडेयबाबा मेले में सबसे अधिक कारोबार लाठियों व गट्टे का होता है।जौनपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या, अंबेडकरनगर, रायबरेली व अमेठी समेत प्रदेश के कई जिलों से लोग पांडेयबाबा मेले में लाठियां खरीदने आते हैं। उत्तर प्रदेश के बड़े व्यापारी और कारोबारी भी यहां लाठियों के व्यापार में हाथ आजमाते हैं।

**बच्चों ने उठाया मेले का लुफ्त :** बच्चों के मनोरंजन के लिए मेले में झूले के अलावा कई प्रकार की आकर्षक वस्तुएं उपलब्ध रही।जिसका उन्होंने खूब लुफ्त उठाया। परिवार के साथ बच्चों ने बड़े झूले, मिकी माउस, गोल झूला आदि मनोरंजन के साधन रहे।

**समाजसेवियों व राजनैतिक पार्टियों ने लगाया सहायता शिविर:** हर वर्ष की तरह सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय व प्रमुख मोतिगरपुर चंद्रप्रताप सिंह ने भाजपाइयों के साथ कैम्प कर मेलार्थियों की सेवा की। कांग्रेसियों ने पांडेयबाबा मेले में सहायता शिविर लगाया।जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मेलेमें दूरदराज से आने वाले दर्शनार्थियों को दो दिन से से कैम्प में मिष्ठान के साथ पानी पिला रहे हैं। वहीं थके हुए श्रद्धालुओं को आराम करने के लिए कुर्सियां रखी गई हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष की तरफ से कैम्प में फर्स्ट एड (स्वास्थ्य किट) की व्यवस्था भी किया गया है। सपा से पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने भी अपने लोगों के साथ कैंप किया। आसपास के समाजसेवियों ने कैम्प लगाकर श्रद्धालुओं की मदद की। वहीं विधायक सुल्तानपुर विनोद सिंह, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओ.पी चैधरी, सांसद पुत्र प्रवीण निषाद, डॉ मुकेश तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.पी.सिंह, शैलेन्द्र त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य नंदन चतुर्वेदी आदि ने भी बाबा धाम पर मत्था टेका।

**मेले में नहीं मिली अलग से बिजली :** रोजाना की तरह दिन में बिजली की रूटीन कटिंग होती रही। सिर्फ दशहरा के दिन सुबह दस बजे बिजली कटने के डेढ़ घंटे बाद आ गई बाकी अन्य दिन घंटों दिन में बिजली गायब रही।

## गाजे बाजे के साथ हुआ माता का भू-विसर्जन

**रायबरेली।** सुभाष नगर में स्थापित पांचवी दुर्गा पूजा कमेंटी के तत्वाधान में विसर्जन कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि नवरात्रि के पर्व पर सुभाष नगर में स्थापित दुर्गा पूजा पांडाल में नगर के विशिष्टजनो ने पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की कामनायें की थी। पर्व की समाप्ति के पश्चात मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। पूजा स्थल से निकली यात्रा मेंन रोड़ होते हुए शासन द्वारा निर्देशित सईनदी के तट पर पहुंची। जहां माता की मूर्ति का विधि विधान के साथ भू विर्जन किया गयां। इस दौरान डीजे की धुन पर बज रहे भक्तिमय गीतो पर श्रोता थिरकते रहे। इस मौके पर राहुल सिंह, अंकुर मिश्रा, नीरज शुक्ला, रोहित गोस्वामी, मुदित अवस्थी, अजीत सिंह, शांति सिंह, दिव्यांश बाजपेई, चंद्रकाल शास्त्री, एडवोकेट धनेष प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, भानू सिंह, सतीस सिंह, लक्ष्मीशंकर यादव, आकाश यादव, शिवराम सोनकर समेत भारी संख्या में माता के भक्त मौजूद रहे।

## ढाबे पर विवाद में युवक की पिटाई, इलाज के दौरान मौत

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के बैतीकला टोल प्लाजा के पास स्थित बालाजी ढाबे पर बुधवार की रात खाना खाने पहुँचे युवक की साथियों संग कहासुनी के बाद हुई मारपीट में मौत हो गई।

सर्वेश यादव उर्फ गोलू पुत्र शोभ नाथ (20) अपने दोस्तों संग ढाबे पर पहुँचा था। इसी दौरान पहले से मौजूद अमन ओझा पुत्र स्व. घनश्याम ओझा , आशीष ओझा पुत्र रामबदल ओझा एवं बृजेश यादव से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि अमन ओझा, आशीष ओझा, बृजेश यादव सहित अन्य लोगों ने सर्वेश यादव पर धारदार हथियार व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल सर्वेश को परिजन जौनपुर अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। वहां एक दिन वेंटिलेटर पर रखने के बाद भी स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर किया, लेकिन रास्ते में सर्वेश ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपित फरार हो गए थे। परिजनों का आरोप है कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। इस संबंध में चांदा कोतवाल अशोक सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने सीयूजी नंबर पर कॉल रिसीव नहीं किया।

# शोभायात्रा निकालकर मां दुर्गा की मूर्तियों का किया विसर्जन

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** गुरुवार को विजयदशमी के दिन शोभायात्रा निकालकर भक्तों ने मां की मूर्तियों का धोपाप घाट पर विसर्जन किया। पूरी रात डीजे की धुन पर भक्तों ने खूब डांस किया। बच्चियों ने डांडिया खेली। शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने मूर्तियों पर फूल बरसाए तथा जगह-जगह प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान एसडीएम गामिनी सिंगला, सीओ रमेश के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।



लंभुआ में विजयदशमी के दिन सुबह से ही पूजा पाठ के बाद भक्तों ने मां की आरती उतारी और फिर सभी मूर्तियों को अलग-अलग सजे वाहनो में रखकर पूरे लंभुआ भर में भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह भक्तों ने मां की मूर्तियों पर फूल बरसाए। डीजे की धुन पर भक्तों ने खूब डांस किए। छोटी-छोटी बच्चियों ने डांडिया खेली। मौके पर मौजूद विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य चैराहे पर दिलीप उर्फ कल्लू अग्रहरि के नेतृत्व में बड़ी दुर्गा माता की मूर्ति एवं काली मां की मूर्ति का मिलन कराया गया। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर लाल मोदनवाल अपनी धर्मपत्नी के साथ प्रथम मूर्ति का पूजन अर्चन कर आरती की और सभी पंडाल के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीजे के संचालकों को भी सम्मानित किया गया। इसके बाद धोपाप घाट के लिए मां की सभी मूर्तियों को विसर्जन के लिए रवाना किया गया। देर रात तक धोपाप घाट पर गोमती नदी में प्रशासन की मौजूदगी में मूर्तियों का विसर्जन किया गया। जगह-जगह सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन तैनात था। एसडीएम गामिनी सिंगला तथा सीओ रमेश शोभा यात्रा पर नजर बनाए हुए थे। एसडीएम तथा सीओ को केंद्रीय पूजा समिति ने सम्मानित किया।

## धोखाधड़ी करने वाले गिरोह को भेजा जेल

**अमेठी।** एटीएम बूथ पर एटीएम कार्ड बदल कर धोखाधड़ी कर लोगों के रुपए निकालने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने टीम आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16 एटीएम कार्ड, 38350 रुपए नकद चोरी की बाइक व घटना में प्रयुक्त एक बुलेरो जीप बरामद की ।पुलिस टीम ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा। शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस की टीमें कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त पर थे ।इसी बीच मुखबिर की सूचना के मुताबिक बाइक के साथ खड़े तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में में लेकर उनसे पूछताछ की ।पुलिस टीम की छानबीन के दौरान तीनों आरोपियों की पहचान नाजिम अली पुत्र समून खान निवासी ग्राम तिलौरी थाना लीलापुर प्रतापगढ़ उम्र 40 वर्ष व दिलशाद खान पुत्र निजामुद्दीन ग्राम तिलौरी थाना लीलापुर प्रतापगढ़ उम्र 26 वर्ष व शादाब खान पुत्र इरशाद खान निवासी ग्राम ननइया थाना उदयपुर प्रतापगढ़ के रूप में हुई ।पुलिस टीम गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 38350 रुपए की नकदी 16 अदद एटीएम कार्ड चोरी की मोटर साइकिल व एक अदद बुलेरो जीप बरामद किया ।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी अंतर्जनपदीय अपराधी है जो अमेठी प्रतापगढ़ व प्रयागराज में लूट हत्या का प्रयास धोखाधड़ी व आर्म्स एक्ट आदि विभिन्न धाराओं में पंजीकृत अभियुक्त है ।तीनों लोग बाइक व बुलेरो गाड़ी का उपयोग कर ग्राहकों को चकमा देकर चोरी से एटीएम कार्ड बदल कर उनका पासवर्ड जानकर उनके खाते से पैसा निकाल लेते थे ।तीनों आरोपियों ने बीते 28 अगस्त को गौरीगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम बूथ से एटीएम कार्ड व पासवर्ड चुरा कर विभिन्न तिथियों में कुल 61000 रुपए वही 12 अगस्त को केनरा बैंक के एटीएम बूथ से एक व्यक्ति को चकमा देकर उसके खाते से 36000 रुपए तो एसबीआई अमेठी के बूथ से एटीएम कार्ड व पासवर्ड चुरा कर विभिन्न तिथियों में विभिन्न बूथों से 80000 रुपए निकालने के बाद बांट लिए थे ।गिरोह का पदार्फाश करने पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को 10000 रुपए नकद पुरुस्कार देने की घोषणा की ।

## साइकिल बनवाने निकला 14 वर्षीय अभिषेक लापता

**दोस्तपुर, सुलतानपुर ।** थाना दोस्तपुर क्षेत्र के ग्राम कूम्ही भुसौला में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव का 14 वर्षीय किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। अभिषेक पुत्र राजितराम 29 सितम्बर को दोपहर लगभग 12 बजे घर से साइकिल बनवाने के लिए निकला था। उस समय उसने काली धारीदार लोवर और टी-शर्ट पहन रखी थी। परिजनों को उम्मीद थी कि वह थोड़ी ही देर में लौट आएगा, लेकिन शाम तक घर न पहुंचने पर परिवार की चिंता बढ़ गई। पिता राजितराम और मां ऊषा ने रिश्तेदारों व पड़ोसियों से पूछताछ की, गांव-गली छान डाली, मगर बेटे का कहीं कोई पता नहीं चला। मां की आंखों से आंसू थम नहीं रहे, जबकि पिता की निगाहें दरवाजे पर टिकी हैं, जैसे हर पल अभिषेक के लौट आने का इंतजार कर रही हों। निराश होकर मां ऊषा ने थाना दोस्तपुर में प्रार्थना पत्र देकर बेटे की तलाश की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि अभिषेक सामान्य कद-काठी व साँवले रंग का है।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक,जनप्रतिनिधि सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में मंत्री ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे और किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न रहने दिया जाए। उन्होंने बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, आवास, पोषण, कृषि एवं अन्य महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यों की गुणवत्ता उच्चस्तरीय होनी चाहिए और परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया की कैंप लगाकर जनता की समस्याओं को सुना जाए और उसका समय से निस्तारण कराया जाए। प्रभारी मंत्री ने स्वच्छता अभियान, पोषण माह, मिशन शक्ति, आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य जनहित कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी प्रत्येक स्तर पर निगरानी रखें तथा फील्ड विजिट के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति का आंकलन करें। उन्होंने जनता से जुड़ी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सदर विधायक अदिति सिंह, सलोन विधायक अशोक कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चैधरी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में शीघ्र बनेगा लगभग 100 एकड़ का औद्योगिक पार्क : प्रभारी मंत्री

**रायबरेली।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कानून-व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने जिले में औद्योगिक विकास की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 100 एकड़ भूमि पर एक बड़े औद्योगिक पार्क की स्थापना की जाएगी ।प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को निर्देशित किया कि औद्योगिक पार्क के लिए उपयुक्त स्थान का शीघ्र चिन्हांकन कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस पार्क की स्थापना से जिले में उद्योग-धंधों को बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

## स्वच्छता पखवाड़ा पर संगोष्ठी आयोजित



**जगदीशपुर ,अमेठी।** स्वच्छता पखवाड़ा एंव गांधी जयंती के अवसर पर राजा कान्ह पीजी कालेज जगेसरगंज मे एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता शिविर मे स्वयं सेविकाओ द्वारा साफ सफाई के साथ साथ आयोजित संगोष्ठी मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरित्र पर प्रकाश डाला गया। जगदीशपुर जायस रोड स्थित राजा कान्ह पीजी कालेज जगेसरगंज मे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर के आयोजन मे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा सेविकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करके संक्रमण बीमारी का विनाश किया गया इसके उपरान्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित वक्ताओ ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यो की सराहना किया ।इस अवसर पर प्रबंधक डाक्टर एसपी सिंह, प्राचार्य डाक्टर वीरेश प्रताप सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर सीपी पांडेय समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित सम्मानित

**अमेठी।** जनपद में देश के दो महापुरुषों की जयंती आज भव्यता पूर्वक मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, जहां गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया, वही लाल बहादुर शास्त्री जी ने सौम्यता एवं शालीनता का, इन दो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, गोष्ठी में कई वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत करने के उपरांत विद्यालय की छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी जी का प्रिय भजन ₹रघुपति राघव राजा राम₹ सहित अन्य भजनों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की छात्राओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम



सेनानियों के आश्रितों क्रमशः परमानंद मिश्रा, राजेश सिंह, चंद्रभान यादव, श्याम सुंदर गुप्ता व पूजा शुक्ला को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी एक व्यक्ति नहीं विचार थे और विचार कभी मरते नहीं, उनके विचार आज भी जिंदा है और हम सब उनके विचारों, आदर्शों पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी के बारे में कहा गया है कि ₹दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल साबरमती के हंस तूने कर दिया कमाल₹ उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने के लिए किसी शास्त्र को नहीं बल्कि अपने अंदर के आत्म बल और सहनशीलता को अपना हथियार बनाया और अहिंसा के बल पर लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि आज हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है क्योंकि यह हमें दो महान व्यक्तियों के जीवन, विचारों और आदर्शों को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। महात्मा गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, सादगी, अनुशासन और सेवा भाव को अपने जीवन में धारण कर भारत को स्वतंत्रता दिलाई। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अद्भुत नेतृत्व प्रदान करते हुए देशवासियों को एक सूत्र में पिरोया। जिलाधिकारी ने उनके जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला और सभी को उनसे प्रेरणा लेने का आवाहन किया। जिलाधिकारी ने कहा लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है शास्त्री जी ने अपने कर्म से यह सिद्ध किया कि सच्चा नेतृत्व विनम्रता, निष्ठा और जन सेवा में निहित होता है जिलाधिकारी द्वारा उनके जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया और सभी को उनसे प्रेरणा लेने का आवाहन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी ने भी गांधी व शास्त्री के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्य पर प्रकाश डाला।

## युवती पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के बनडहिया गांव में एक युवती पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। यह घटना एक मामूली कहासुनी के बाद हुई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है ।यह पूरा मामला थाना क्षेत्र के बनढहिया मजरे बाला गांव का है। जानकारी के अनुसार, कैलाश सिंह और उनकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इस दौरान पत्नी का भाई राहुल मौके पर आ गया और मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान राहुल ने कैलाश की बहन प्रभा सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में प्रभा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें मारपीट की घटना की जानकारी मिली है।

## एनटीपीसी ऊंचाहार में जला 70 फुट ऊंचा रावण




**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में दशहरा महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मेला परिसर में सत्तर फुट ऊंचा रावण का पुतला दहन किया गया। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव और प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न विशाल मेले में रावण दहन रिमोट बटन दबाकर परियोजना प्रमुख ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, एस यू हरिदास, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं डी सी, सी आई एस एफ अजय त्रिपाठी, थानाध्यक्ष ऊंचाहार एवं बड़ी संख्या में लोगों ने रावण दहन समारोह का आनंद लिया। इस अवसर पर विशाल आतिशबाजी हुई तथा राम और रावण के बीच अंतिम युद्ध सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने भगवान राम तथा सीता जी का पूजन एवं आरती किया। पर्व आयोजन समिति के मुख्य सचिव चंद्रजीत सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। एनटीपीसी के दस दिवसीय महोत्सव में आसपास के गांवों के हजारों लोगों ने भागीदारी की। एनटीपीसी ऊँचाहार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। परियोजना प्रमुख श्री अभय कुमार श्रीवास्तव ने दोनों महान नेताओं की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए और कहा कि शास्त्री जी की सादगी तथा गांधी जी का अहिंसा का दर्शन युगों तक समाज को प्रेरणा देते रहेंगे। समारोह में महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, एस. यू. हरिदास, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

## थानों पर मिशन शक्ति केंद्र की टीमों ने महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केंद्र की टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन हेतु संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना आदि शामिल हैं। इसके अलावा, पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 (इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो), सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता के लिए पंपलेट वितरित किए गए तथा पीए सिस्टम के माध्यम से संदेश प्रसारित किए गए, ताकि महिलाएं एवं बालिकाएं इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

# बाल विद्या मंदिर में मनी गांधी-शास्त्री जयंती



**रायबरेली।** गंगागंज कस्बे में स्थित बाल विद्या मंदिर में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधेश्याम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वरिष्ठ शिक्षक राम विलास वर्मा ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। आकांक्षा सिंह ने धूप सुवासन कर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की विद्यालय के छात्र-छात्राओं राशी त्रिपाठी, हर्ष सिंह, सूर्यांश, करन निर्मल और अनामिका ने दोनों महापुरुषों के जीवन और विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षकों रवि सोनी, सुशील कुमार वर्मा और रीता सिंह ने भी दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने मिलकर सर्वधर्म प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राम सिंह, उमेश कुमार, नीतू सिंह, आरती शुक्ला और अर्पिता सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश त्रिवेदी ने किया।

### एनएसपीएस त्रिपुला में मनी गांधी और शास्त्री की जयंती

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक/शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के साथ गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

श्री प्रजापति ने बताया कि 2 अक्टूबर का दिन भारत के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमें दो महान व्यक्तित्वों महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता दिलाई, जबकि शास्त्री जी ने जय जवान, जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता और राष्ट्रभक्ति की ओर अग्रसर किया। उन्होंने बताया कि आज के इस विशेष दिन पर हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में सत्य, अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाएं एवं उनके आदर्शों को न केवल पढ़ें बल्कि उन्हें अपने आचरण में भी उतारें। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## प्रतिमा विसर्जन पर भिड़े दो पक्ष

**आगरा।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुटों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिसमें सड़क पर लहू लुहान लोग और हाथ में हथियार लेकर हमला करने को तैयार लड़के दिख रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यमुना किनारा रोड पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए अस्थायी कुंड बनाए गए हैं। शहर भर से लोग यहां प्रतिमा विसर्जन के लिए पहुंच रहे हैं। मेटोडोर, ऑटो, ई-रिक्शा में लोग नाचते गाते प्रतिमा विसर्जन के लिए रंग उड़ाते पहुंच रहे हैं। इसी दौरान दो गुटों में किसी बात पर विवाद शुरू हुआ। एक पक्ष के लड़के हाथ में डंडे, बेल्टें लिए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों को चोटें लगी हैं। सड़क पर लहू लुहान आदमियों को संभालती महिलाएं दिख रही है। एक पक्ष ने युवक को बीच सड़क पर डालकर पीटा है। यह पूरी घटना आगरा किले के पीछे हुई है। किले के पास पेड़ों से लड़के टहनियां तोड़कर लड़ने पहुंचे। महिलाएं बाद में घायलों को ऑटो में लेकर गईं। इस पूरी घटना के दौरान पुलिस नहीं पहुंची। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। पुलिस के पास अब तक कोई शिकायत नहीं पहुंची है।

## भाजपा नेता के भतीजे की गोली मारकर हत्या

**मथुरा।** छाता कस्बे में दशहरा मेले से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक भाजपा बूथ अध्यक्ष का भतीजा था। कल रात हुई इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताते हैं कि पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। आजनौख गांव निवासी भाजपा बूथ अध्यक्ष सुघड़ सिंह का भतीजा अजीत सिंह (25) पुत्र जगदीश कल शाम दोस्तों के साथ दशहरा मेला देखने छाता गया था। रात करीब साढ़े दस बजे जब वह वापस लौट रहा था, तभी गोवर्धन चैराहे फ्लाईओवर के नीचे बदमाशों ने उसे गोली मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया गया कि मृतक अजीत की शादी पांच साल पूर्व हुयी थी, उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनमें चार वर्ष का बेटा और डेढ़ वर्ष की बेटी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना में कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि पूछताछ के लिये कुछ लोगों को पकड़ा गया है।

## जलने से पहले ही गिरा दशानन का पुतला

**मथुरा।** गोवर्धन कस्बे में रावण दहन से पहले ही पुतला के अचानक गिर जाने से मैदान में अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि नगर पंचायत ने पुतला खड़ा करवाया था। इससे बड़ी घटना टल गई। बताते हैं कि दशहरा के दिन नगर पंचायत के मैदान में रावण का पुतला जलाने के लिए खड़ा किया गया था। उसी समय तेज हवाओं के कारण पुतला नगर पंचायत की दीवार पर जा गिरा। मैदान में काफी कस्बे के लोग रावण का पुतला दहन देखने आए थे। उनमें इस घटना से खलबली मच गई। हालांकि पंचायत और वहां मौजूद अधिकारियों व कस्बे के लोगों ने मामले को संभाला। पुतला खड़ा करने के समय तैयारी ठीक से नहीं की गई।

# संस्कृति स्थापना दिवस पर शिक्षक-कर्मचारी सम्मानित



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में 9वां स्थापना दिवस समारोह शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक नई स्फूर्ति लेकर आया। इस मौके पर संस्कृति विवि प्रशासन द्वारा लंबे समय से काम कर रहे शिक्षकों और कर्मचारियों को सराहना पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान विवि के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने विवि की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी सपने को पूरा करने के लिए जरूरत होती है एक टीम की और हमारी टीम पर हमें भरोसा है।

कुलाधिपति डॉ. गुप्ता ने कहा कि मेरे बड़े भाई विवि के प्रति कुलाधिपति राजेश गुप्ता हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। हम दोनों ने मिलकर यह सपना देखा था। आज हमारा विवि प्रदेश की सबसे तेज गति से आगे बढ़ता विवि है। जब भी जरूरत हुई बड़े भाई राजेश गुप्ता ने यही कहा कि तुम आगे बढ़ो सब हो जाएगा। डॉ. सचिन गुप्ता ने बताया कि शीघ्र ही हम अपने संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एंड अस्पताल में 10 डायलिसिस मशीन लगाने जा रहे हैं। एक दिन में 30 डायलिसिस होंगी। यह सुविधा हम फ्री प्रदान करेंगे। अपने क्षेत्र के लिए संस्कृति विवि हमेशा आगे बढ़कर कुछ करने का प्रयास करता रहेगा। हमारा इरादा है कि हम शीघ्र ही अपने यहां 100 डाइलिसिस मशीन लगाकर लोगों फ्री सुविधा प्रदान करें। आप ऐसा योगदान दें जिससे आपका नाम हो। आपका नाम होगा तो हमारा नाम होगा और हमारा नाम होगा तो संस्था का नाम होगा। कुलाधिपति ने अपने संबोधन के बाद विवि में नौ साल के काम कर रहे लोगों को सम्मानित किया।

सबसे पहले विवि की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा को सराहना पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विवि के शिक्षकों डॉ.दुर्गेश वाधवा, डा. रमेश शर्मा, डॉ. गोपाल अरोरा, डॉ.अजय अग्रवाल, डॉ.अरविंद, डॉ.कृष्ण राज सिंह, ऋति सिकरवार के अलावा गैर शिक्षकों में विजय सक्सैना, अवधेश शुक्ला, शेरपाल, जगदीश सिंह, ओम प्रकाश गोयल, सुरेश चंद्र शर्मा, राकेश कुमार, कन्हैया लाल, रहीस पाल, सुबोध यादव, राकेश बाबू को सराहना पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। पांच वर्ष से कार्यरत शिक्षकों को सराहना पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त डॉ. कमल सिंह, विमल बिंदल, कुंदन कुमार चौबे, वीवी रामाराव स्वाती दीक्षित को उनके उल्लेखनीय कार्यों को लेकर सराहना पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# हर हिंदू सनातनी शस्त्र और शास्त्र का ज्ञाता बने

**वृंदावन।** धर्म रक्षा संघ के तत्वावधान में श्री हरिदासीय पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी राधाप्रसाद देव जू महाराज के सान्निध्य में अनेक संतों एवं धर्म योद्धाओं की उपस्थिति में धर्म रक्षा संघ ने विजयादशमी का पावन पर्व वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूर्ण विधि विधान से मनाया। सर्वप्रथम संतों ने प्रभु श्री राम के चित्रपट पर पुष्प अर्पित किए फिर शस्त्रों की पूजा की। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि वर्तमान समय में विधर्मियों की सनातन विरोधी गतिविधियां बढ़ती जा रही है इसलिए प्रत्येक सनातनी को एक हाथ में शास्त्र और एक हाथ में शस्त्र रखना आवश्यक है तभी सनातन धर्म की रक्षा हो पाएगी। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि हमारे सनातन धर्म के जितने भी देवी देवता या भगवान हैं उन सभी ने विशेष प्रकार के शस्त्र धारण किए हुए हैं हमारे लिए यह संदेश है कि शस्त्र के बिना हम सुरक्षित नहीं रह सकते। राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश ने कहा कि सनातनियों को न केवल शस्त्र ही रखना चाहिए बल्कि उन शस्त्रों का प्रयोग करना भी बेहतरीन तरीके से आना चाहिए। जिस प्रकार हम अन्य शिक्षा ग्रहण करते हैं इस प्रकार शस्त्र चलाने की शिक्षा भी आने वाली पीढ़ी को गंभीरता से लेनी चाहिए। महामंडलेश्वर रामदास महाराज ने कहा कि विधर्मी लोग सनातन के खिलाफ जो षड्यंत्र कर रहे हैं उसका जवाब शस्त्रों और शक्ति से ही दिया जा सकता है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी डा.आदित्यानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, स्वामी अतुल कृष्ण दास महाराज, महंत देवानंद महाराज, आचार्य ज्ञानेश महाराज, श्रीदास प्रजापति, अमरीश पुंडीर, अजय शर्मा, रविकांत गौतम, किशोर पचैरी आदि उपस्थित थे।

## दंगल की तैयारियों में जुटी कमेटी

**मथुरा।** ब्रह्मा जी की क्रीड़ा स्थली चैमुहां में 6 अक्टूबर को कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। जिसके लिए दंगल कमेटी तैयारियों में जुटी हुई है। शुक्रवार को कमेटी के पदाधिकारियों ने बैठक कर रूप रेखा तैयार की। इसके साथ ही 6 अक्टूबर को रात्रि के समय पथवारी मंदिर पर रसिया दंगल का आयोजन होगा। कुश्ती दंगल में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, एमपी, यूपी के पहलवान भाग लेंगे। बैठक के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, समाजसेवी कालू पहलवान, जगन्नाथ सिंह, पुष्पेंद्र पहलवान, ऋतिक सिसोदिस, लोकेश सिसोदिया, रवि, भूपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सशक्तीकरण की नयी रफ्तार, बेटियों ने भरी आत्मनिर्भरता की उड़ान




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद मथुरा में आरसीए गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एक महत्वपूर्ण मेगा इवेंट ड्राइविंग मॉय ड्रीम्स का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह (3 से 11 अक्टूबर) के शुभारम्भका प्रतीक है, जिसे बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य और महत्वः ड्राइविंग मॉय ड्रीम्स इवेंट का मुख्य उद्देश्य युवा छात्राओं और महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना और उन्हें ड्राइविंग का प्रशिक्षण देकर गतिशीलता प्रदान करना था। यह पहल बालिकाओं को न सिर्फ यातायात नियमों की जानकारी देती है, बल्कि उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बेटियां बिना किसी पर निर्भर हुए अपने सपनों को स्वयं ड्राइव कर सकेंगी। इस मेगा इवेंट में कॉलेज की बड़ी संख्या में छात्राओं और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 1076) और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार बालिकाओं के आत्मविश्वास और क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे एक भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण में अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के लक्ष्यों को जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# आगरा में महिला अस्पताल में खड़ी थार में लगी आग, 5 मिनट में जलकर राख

**आगरा।** महिला अस्पताल के परिसर में खड़ी थार में अचानक आग लग गई, जिससे चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि सिर्फ 5 मिनट में पूरी कार जलकर खाक हो गई। हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। इस घटना में कार के अलावा किसी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। कार के मालिक रोहित ने बताया-1 महीने पहले ही गाड़ी को खरीदा था। कार पूरी तरह नई थी और कोई खराबी नहीं थी। यहां पर मेरे दोस्त की पत्नी एडमिट हैं तो उन्हीं का हालचाल लेने के लिए आया था। मैं गाड़ी खड़ा करके अस्पताल के अंदर चला गया। कुछ देर के बाद बाहर आकर देखा तो कार जल रही थी। अस्पताल की स्टाफ सदस्य रूबी ने बताया- हम सब ओपीडी में थे। जैसे ही किसी ने बताया कि परिसर में आग लगी है, तो तुरंत ही हम बाहर दौड़े। आग बहुत तेज थी और देखते ही देखते कार पूरी तरह जल गई। वहीं, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग लगने के कारणों की जांच में जुटी हुई है। अभी तक आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट या वाहन की तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। इस घटना में किसी जान-माल को कोई नुकसान नहीं हुआ।

# पुलिस ने ढाबे के पीछे कमरे में युवती संग पकड़ा लेखपाल, खाकी से उलझने पर हुई कार्रवाई

**आगरा।** सिकंदरा क्षेत्र में रुनकता के पास स्थित एक कमरे से पुलिस ने लेखपाल को युवती के साथ पकड़ा। पुलिस ने लेखपाल के खिलाफ शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की है। वहीं युवती को स्वजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार हाईवे पर रुनकता के पास स्थित एक ढाबे के पीछे कमरे बने हुए हैं। इन कमरों को बिना किसी आईडी के अवैध तरीके से लोगों को घंटों के हिसाब से दिया जाता है। ढाबे के पीछे बने एक कमरे में युवक व युवती के संदिग्ध परिस्थिति में होने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने दरवाजा खटखटाया तो मथुरा में रहने वाला लेखपाल बाहर आया। लेखपाल पुलिसकर्मियों से उलझ गया। सफाई देते हुए कहा कि रिश्तेदार युवती की तबीयत खराब है। आराम करने के लिए वह कमरे में रुके हैं। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो दोनों हाथ-पैर जोड़ने लगे। दोनों को पुलिसकर्मी थाने लेकर आए। पूछताछ में दोनों ने खुद को मथुरा का रहने वाला बताया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि युवती के स्वजन का जमीन से जुड़ा मामला मथुरा के लेखपाल के पास पहुंचा था। इससे लेखपाल का युवती के घर आना-जाना हो गया। इससे युवती और लेखपाल के बीच दोस्ती हो गई। युवती के शिकायत नहीं करने पर लेखपाल के खिलाफ पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की। वहीं युवती को स्वजन के हवाले कर दिया।

# फर्जी दस्तावेजों के आरोप में फंसे आगरा कॉलेज के प्राचार्य, डॉक्टर सीके गौतम

**आगरा।** आगरा कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सीके गौतम फर्जी शैक्षिक दस्तावेज के आरोपों में घिर गए हैं। उनके खिलाफ लोहामंडी थाने में प्रोफेसर अनुराग शुक्ला ने एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायतों के आधार पर एसटीएफ भी जांच कर रही है। दर्ज कराए गए मुकदमे में उनके पर फर्जी शैक्षिक दस्तावेज व जाति प्रमाण पत्र से नौकरी में भर्ती होने का आरोप है। आगरा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो# अनुराग शुक्ला ने आरोप लगाया है कि प्राचार्य डॉक्टर सीके गौतम ने पीसी बागला कॉलेज, हाथरस से वर्ष 1990 में एमए (अंग्रेजी) तृतीय श्रेणी में पास किया। उच्च प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के लिए आवेदन में द्वितीय श्रेणी की अंकतालिका लगाई गई। प्रतापगढ़ के रहने वाले डॉ. अनुराग शुक्ला ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में बताया कि डॉ. गौतम की नियुक्ति उप्र उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 20 के तहत हुई थी। शिकायत के अनुसार, डॉ.गौतम ने 1990 में सेठ पीसी बागला महाविद्यालय, हाथरस से अंग्रेजी में एमए तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण किया था, जिसमें उन्हें 1000 में से केवल 471 अंक मिले थे। आरोप है कि उस समय साक्षात्कार के लिए न्यूनतम 55%। अंक अनिवार्य थे, जबकि डॉ.गौतम के अंक इससे काफी कम थे। इस कमी को पूरा करने और साक्षात्कार के लिए बुलाने के लिए, उन्होंने कथित तौर पर 20 मई 1995 को तहसील सादाबाद, मथुरा से खुद को जाटव जाति का बताते हुए एक फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाया। इसी प्रमाण पत्र के आधार पर उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया गया और उनका चयन सामान्य वर्ग में हो गया। शिकायत में आगे कहा गया है कि चयन होने के बाद डॉ. गौतम ने अपने एमए के अंकों को संशोधित कर 1000 में से 572 अंक दशार्ने वाली एक कूटरचित अंकतालिका बनवा ली ताकि किसी को जाति प्रमाण पत्र के सहारे साक्षात्कार तक पहुंचने की बात का पता न चले। आरोप है कि आगरा विवि के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से विवि के गोपनीय विभाग से संबंधित मूल रिकॉर्ड चार्ट भी गायब करा दिए गए। हालांकि, उनके कॉलेज के 1990 के नॉमिनल रोल से उनके मूल अंकों की पुष्टि होती है। शिकायतकर्ता डॉ. अनुराग शुक्ल ने इस कृत्य को शिक्षा की गुणवत्ता के लिए गंभीर खतरा बताते हुए डॉ. चित्रकुमार गौतम के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

# भगवान आदिनाथ की रथयात्रा के साथ जैन मेला प्रारंभ



**टूंडला।** नगर में श्री 1008 आदिनाथ भगवान का 103 वां दो दिवसीय मेला महोत्सव का प्रारंभ भगवान आदिनाथ की भव्य तरीके से निकाली गई रथ यात्रा के साथ हुआ। रथ यात्रा सांवले प्रसाद रोड से एटा रोड तक निकाली गई। जैन समाज का तेज धूप और गर्मी में भी उत्साह देखने बन रहा था, आदिनाथ भगवान का इतिहास जैन समाज की मुख्य धरोहर में से एक है जहां उन्हें ऋषभदेव के नाम से भी जाना जाता है और जैन धर्म के पहले तीर्थंकर ओर प्रवर्तक माना जाता है उनका जन्म अयोध्या में राजा नाभि ओर रानी मरुदेवी के यहां हुआ था। 1008 आदिनाथ भगवान की रथयात्रा पंचायती पुरवाल मंदिर से शुरू हुई। इसमें सबसे आगे बच्चे हाथों में झंडे व पताकाएं लेकर चल रहे थे। इनके पीछे घोड़े पर सवार बच्चे बैंडबाजों के साथ चल रहे थे। भगवान आदिनाथ का रजत रथ था, जिसके पीछे समाज की महिलाएं मंगल गान करती हुई चल रहीं थीं। यात्रा सांवले प्रसाद रोड से दीपा चौराहे, अनाज की मंडी, सेंट्रल बैंक, बिहारी बिलास, बड़ा चौराहा होती हुई शांतिनाथ जिनालय एटा रोड होते हुए शिखराश्रम पर पहुंचकर संपन्न हुई। एक दर्जन झांकियां भगवान महावीर स्वामी के संदेश जीओ और जीने दो की सीख दे रहीं थीं। जगह-जगह आरती उतारी गई। कई जगह पानी और फलों का वितरण किया गया। आदिनाथ महिला मंडल द्वारा भगवान महावीर की पूजा की गई। दोपहर से लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिखराश्रम में भव्य मेला पांडाल सजाया गया है जहां 3 व 4 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 4 अक्टूबर की रात्रि में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन कर दो दिवसीय जैन मेला सम्पन्न होगा। रथयात्रा में विशिष्ट अतिथि जसवीर प्रसाद जैन ओम प्रकाश जैन, वीरेंद्र जैन बलवीर सिंह जैन कमलेश जैन सत्यशील जैन, सुभाषचंद्र जैन ठेकेदार सत्येंद्र जैन एडवोकेट डॉ संजीव जैन प्रकाशचंद्र जैन, बसंत जैन मुख्य अतिथि में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह विधायक प्रेमपाल धनगर, भंवर सिंह चेयरमैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ओर मेला समिति संगठन मंत्री सचिन जैन रथयात्रा महोत्सव समिति अध्यक्ष रोहित जैन मोनू पांडेय जयंत कुमार जैन, उपाध्यक्ष दीपक जैन अमित जैन मामा महामंत्री मयंक जैन कोषाध्यक्ष मुकुल जैन सह कोषाध्यक्ष गोलू जैन स्वाध्यक्ष मुकेश जैन बॉबी, रोहित जैन, मंत्री अंकित जैन राहुल जैन अभिषेक जैन आशु जैन आयुष जैन साहिल जैन राज्यवर्धन जैन और समस्त जैन समाज मौजूद रहे।

# उटंगन में डूबे 13 लोगों में से मात्र पांच के शव मिले

**आगरा।** खेरागढ़ क्षेत्र में उटंगन नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान घटी भीषण त्रासदी ने पूरे इलाके को शोक और आक्रोश में डुबो दिया है। गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन में गए 13 लोग नदी की गहराई में समा गए, जिनमें से अब तक पांच के शव मिल चुके हैं, एक का उपचार एसएन मेडिकल कॉलेज में जारी है, जबकि सात लोग अब तक लापता हैं। एनडीआरएफ की टीम रातभर से तलाशी अभियान चला रही है, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। लापता लोगों का सुराग न मिलने पर शुक्रवार सुबह लोगों को धैर्य जमाव दे गया। गुस्साए ग्रामीणों ने ऊंटगिरि व कागारौल चौराहे पर जाम लगा दिया और मौके पर पहुंचे एसडीएम की गाड़ी पर पथराव कर दिया। हादसे से व्यथित ग्रामीणों ने पुलिस और खनन माफिया को मौतों का जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि जेसीबी से खोदे गए गहरे गड्ढों की जानकारी न होने के कारण यह बड़ी जनहानि हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। तीन लोगों के शव गुरुवार देर शाम मिल गए थे, जबकि एक युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। शाम साढ़े सात बजे से एसडीआरएफ की टीम ने लापता नौ लोगों की तलाश शुरू कर दी थी। रातभर अभियान जारी रहा, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शुक्रवार सुबह एक और दोपहर में एक अन्य शव मिलने से बरामद शवों की संख्या पांच हो गई। सात लोग अब तक लापता हैं। एनडीआरएफ की टीम लगातार तलाशी अभियान चला रही है। लापता लोगों का सुराग न लगने पर शुक्रवार सुबह गुस्साए ग्रामीणों ने ऊंटगिरि व कागारौल चौराहे पर जाम लगा दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीएम की गाड़ी पर पथराव कर दिया

**● ग्रामीणों ने किया जाम व पथराव, अभी भी लापता हैं सात लोग, सर्च ऑपरेशन जारी**

गया। गाड़ी का शीशा टूट गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से स्थिति को काबू किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस त्रासदी के पीछे खनन माफिया जिम्मेदार हैं। जेसीबी से नदी में इतने गहरे गड्ढे कर दिए गए कि पानी में उतरने पर लोगों को पता नहीं चल पाया और वे उसमें समा गए। ग्रामीणों ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए कि वह खनन माफिया से मिली हुई है और पैसे लेकर खनन कराती है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को खेरागढ़ के सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। घटनास्थल पर शुक्रवार तड़के पुलिस अपर आयुक्त राम बदन सिंह भी पहुंचे और उन्होंने एनडीआरएफ टीम के साथ रेस्क्यू अभियान का जायजा लिया। सांसद राजकुमार चहर भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस भीषण हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए प्रभु श्रीराम से दिवंगत आत्माओं की सद्गति और शोकाकुल परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने सांसद राज कुमार चाहर के खिलाफ नारे भी लगाए। दूसरी ओर विगत दिवस ही ताजगंज थाना क्षेत्र में करबना के रहने वाले ऋषभ और प्रियांशु के बीते कल नगला तलफी के पास यमुना में डूब गये थे। इनके लिए भी देर रात तक सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन यमुना में पानी का बहाव तेज होने के कारण ये माना जा रहा है कि ये बहते हुए दूर तक चले गये हैं। आज सुबह तक तक इन दोनों युवकों का भी कोई पता नहीं चल पाया था। सुबह से फिर तलाश शुरू कर दी गई है।

## जयकुंड परिक्रमा मार्ग और कलाकृतियों की मरम्मत कराने की मांग

**मथुरा।** उप्र के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम जैंत की कई परंपराएं इतिहास के पन्नों में दफन हो चुकीं हैं। उनमें नाग पंचमी का मेला, शरद पूर्णिमा का महारास, दीपावली का दीपदान आदि प्रमुख हैं। पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य रामकुमार सिंह राजावत ने बताया है कि बृज का प्रमुख तीर्थ स्थल जय कुंड एक पौराणिक स्थल ही नहीं अपितु कालिया मर्दन सिद्ध पीठ है। जिन श्रृद्धालुओं के मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं वह अपनी श्रृद्धा अनुसार शरद पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन, सत्संग, बुहारी-सोहनी सेवा, दण्वती परिक्रमा, दीपदान, साधु सेवा, निर्धन सेवा आदि विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन करते हैं। द बृज फाउंडेशन के प्रयासों के फलस्वरूप ही इस धार्मिक स्थल का सौंदर्यीकरण हुआ है। द बृज फाउंडेशन द्वारा सौंदयीर्कृत बृज के विभिन्न कुंड सरोवर सरकार से तालमेल न बैठने के कारण बदहाल होते जा रहे हैं।

# मथुरा रिफाइनरी ने राष्ट्रपिता को दी आदरांजलि कटिबद्धता के साथ मनायी गांधी जयंती




**मथुरा।** स्वच्छता के संदेश को अपनाते हुए आज मथुरा रिफाइनरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। गांधी जयंती कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी रिफाइनरी कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। श्री अग्रवाल ने कहा कि बापू न केवल भारत की स्वतंत्रता के अग्रदूत थे बल्कि उनका पूरा जीवन हमारे लिए एक प्रेरणा है। सत्य के साथ उनके प्रयोग आज भी प्रासंगिक हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि गांधी जी ने अपना पूरा जीवन भारत और भारतीयों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बिताया और सभी को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बापू का कथन- स्वच्छ्ता भक्ति के समान है- बहुत महत्वपूर्ण है और हमें इसे आत्मसात करना चाहिए और अपने स्वस्थ भविष्य के लिए संकल्पित होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान, रामकिशन, महामंत्री, मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ व रविन्द्र यादव, सचिव, ऑफिसर्स एसोसिएशन ने सभी को संबोधित कर, राष्ट्रपिता के जीवन के वृतांत साझा करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आग्रह किया। बापू के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रिफाइनरी कर्मियों ने नगर चैपाल, रिफाइनरी नगर में पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति कटिबद्धता दोहराई। इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधकों, महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों और रिफाइनरी कर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दीप चंद वर्मा, महाप्रबंधक (कर्मचारी सेवाएं, प्रबंधन सेवाएं, विकास एवं अधिगम) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# उच्च शिक्षा व जिला प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**फिरोजाबाद।** उच्च शिक्षा उप्र शासन व जनपद प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता व डीएम रमेश रंजन सदर विधायक मनीष असीजा, टूंडला के विधायक प्रेमपाल धनगर, मेयर कामिनी राठौर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, सीडीओ शत्रोहन वैश्य, नगर आयुक्त ऋषि राज एवं समस्त जिला पंचायत सदस्यों पार्षदों, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, इस बैठक में उपस्थित प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी आपस में मिलकर कार्य करें, जिससे योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक आसानी से पहुंचा जा सके, अधिकारी इस बात को सदैव ध्यान रखें कि जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का समुचित उत्तर दें और उनके फोन अवश्य उठाएं, किसी भी हालत में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अपना रवैया जनता के बीच समीक्षात्मक रखें, आलोचनात्मक नहीं हम सभी का उद्देश्य है की शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं, इसी क्रम मे प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्युत कनेक्शन छोटे बकायदारों के न काटे उनको विद्युत बिल जमा करने का अवसर प्रदान करें, जो भी दुर्घटना विद्युत के कारणों से होती हैं, उसकी क्षतिपूर्ति 45 दिन के अंदर अवश्य करा दें, साथ ही कहीं भी अगर ट्रांसफार्मर खराब होता है, तो उसे 24 घंटे के अंदर तुरंत बदल दें, उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की की रामनगर के जूनियर इंजीनियर शिकोहाबाद के एक्सईएन, एसडीओ आशीष पांडे, जूनियर इंजीनियर विपिन कुमार जनता और जनप्रतिनिधियों दोनों




से समुचित व्यवहार नहीं करते हैं, मंत्री ने कहा कि भविष्य में उनकी कोई पुनः शिकायत आती है, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी, इसी तरह जल निगम की समीक्षा करते हुए मंत्री को अवगत कराया गया कि पाइपलाइन इत्यादि से क्षतिग्रस्त हुई 60% सड़कों का निर्माण हो चुका है, प्रभारी मंत्री ने कहा कि 90 दिन के अंदर सड़के अवश्य ठीक करा दें। इसी तरह प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इसका आधिकाधिक प्रचार-प्रसार कराऐ, साथ ही साथ इसके लाभ के संदर्भ में पार्षदों, प्रधानों के साथ बैठकर एक बैठक आयोजित करें, जिससे इसका लाभ सामान्य जन को प्राप्त हो सके, वन विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री को अवगत कराया गया कि जनपद में 41 लाख पौधों का रोपण हुआ है, साथ ही साथ जनपद में ग्रीनकवर भी बढ़ गया है, प्रभारी मंत्री ने कहा कि पौधों की सुरक्षा का भी विशेष इंतजाम होना चाहिए, उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि उर्वरक का वितरण जनपद में समुचित तरीके से हो, उन्होंने कहा कि कुछ दल विशेष लोगों को खाद मिल जाती है और किसानों को नहीं मिल पाती, अगर इस तरह की शिकायतें आती है, तो इसकी जांच करायें की किसानों को ही खाद मिले, चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने में गति लाये, साथ ही जनपद के 70 प्लस लोगों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बन जाए, क्योंकि यह सामान्यजन के हित और उनके कल्याण से जुड़ा है, मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों से इस बात पर जोर दिया कि आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही न हो आईजीआरएस के मामलों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए, जो अधिकारी इसमें लापरवाही करता है या गलतियों की बार-बार पुनरावृति करता हो, तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए, पंचायती राज की समीक्षा करते हुए मंत्री को अवगत कराया गया, की पंचायत भवनों में 261 पुस्तकालय बन चुके हैं, जहां विद्यार्थी अध्ययन कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, पंचायत भवनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, प्रभारी मंत्री ने कहा इन पुस्तकालय का उदघाटन जनप्रतिनिधियों से अवश्य करायें, टूंडला विधायक ने शिकायत की की कुछ पंचायत भवन बंद रहते हैं, जिस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि ऐसी स्थितियां कहीं भी आएंगी तो संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी, पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि गौवंशों को हरा-चारा और भूसे की उपलब्धता रहे, नंद बाबा योजना इत्यादि की जानकारी आप कैंप लगाकर ग्राम वासियों को अवश्य कराऐं, उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्रभारी मंत्री से यह मांग की कि अगर गाय-भैंस इत्यादि के मरने से किसी की अकाल मृत्यु हो जाती है, उसे भी दैवीय आपदा में शामिल किया जाए, क्योंकि अभी तक सांड के मारने से ही क्षतिपूर्ति प्राप्त होती है।

# कर्ज में डूबे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**वृन्दावन।** कोतवाली अंतर्गत अद्धा पुलिस चैकी क्षेत्र स्थित कान्हा माखन स्कूल के समीप वृंदा कुंज रेजीडेंसी में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक फ्लैट में कर्ज में डूबे युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। युवक कर्जदारों के दबाव से मानसिक रूप से परेशान था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायनामा भर शव को पोस्टमार्टम के भिजवा दिया है। वृंदावन स्थित कान्हा माखन स्कूल के समीप बनी वृंदा कुंज रेजीडेंसी में सी ब्लॉक के फ्लैट संख्या 207 में 40 वर्षीय धैर्य गुप्ता अपनी पत्नी और चार बेटियों के साथ रहते थे, जो कि मूल रूप से टूंडला निवासी थे फिलहाल वृन्दावन में किराए पर रहते थे। गुरुवार को वह अपनी पत्नी और चार बेटियों को आगरा में खंदौली स्थित उनके मायके छोड़ आए थे। धैर्य ने वापस आकर रात्रि में अपने फ्लैट में फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार सुबह जब अपने फ्लैट से बाहर नहीं निकले तो पड़ोसियों इसकी जानकारी पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि धैर्य कर्जे में पूरी तरह डूबे हुए थे और कर्जदार उसे आए दिन परेशान करते रहते थे। जिससे आहत होकर उन्होंने ऐसा कदम उठाया है। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद कोहराम मच गया।

संक्षेप

## गांधी जयंती पर सफाई कर्मचारी हुए सम्मानित



इटावा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद के हाल में गांधी जयंती के अवसर पर सफाई कर्मचारियों व सफाई नायकों को सम्मानित किया गया, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित व हरिशंकर पटेल ने शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखने में दिन रात पूरी तन्मयता से काम करने वाले कर्मचारियों को अंगोछा, प्रमाण पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्रांड एम्बेसडर आलोक दीक्षित ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता, छुआछूत निवारण पर सबसे ज्यादा जोर दिया है, समाज को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में नगरवासी भी नगरपालिका का सहयोग करें यही राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर डीपीएम सुनील कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक एनएल कुशवाहा, सफाई निरीक्षक विशाल मिश्रा सहित समस्त सफाईनायक मौजूद रहे।

## शुक्रवार की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा

बकेवर, इटावा। शुक्रवार को जुमे की नमाज के समय बकेवर में पुलिस प्रशासन काफी चैकन्ना रहा। नमाज के समय एसपी ग्रामीण के नेतृत्व में मस्जिद के आसपास पुलिस फोर्स तैनात रहा साथ ही नगर में भ्रमण करता है। पिछले सप्ताह बरेली में आई लव मोहम्मद पोस्ट को लेकर हुए बवाल के बाद जिला पुलिस प्रशासन भी काफी चैकन्ना है। इसको लेकर आज पुलिस को जुमे की नमाज के दौरान श्रीशचंद्र, थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक, कस्बा इंचार्ज एसआई विनीत पांडे भारी पुलिस बल के साथ औरैया रोड पर स्थित जामा मस्जिद के आसपास नमाज के दौरान भ्रमण शील रहे इसके अलावा कस्बा के हाफिज नगर स्थित नूरी मस्जिद पर भी पुलिस फोर्स नमाज के दौरान तैनात रहा दोनों मस्जिदों के आसपास नवाज शुरू होने के काफी समय पहले फोर्स तैनात रहा तथा नमाज समाप्त होने के बाद नमाज अदा करने आए लोगों के जाने के बाद तक पुलिस फोर्स मस्जिद के पास तैनात बना रहा। एसपी ग्रामीण ने बताया शांति व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भ्रमण किया। लखना कस्बा में मस्जिद आसपास चैकी इंचार्ज स्वदेश कुमार मय फोर्स भ्रमण करते रहे।

## करंट लगने से युवक की मौत

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सिंह में गुरुवार की शाम बकरी चराने गए 37 बर्षीय युवक की समर सेबिल की केबिल से करंट लगने से मौत हो गई। ग्राम नगला सिंह निवासी हरिशंकर ने बताया कि गुरुवार शाम उसका 37 बर्षीय भाई संजू पुत्र छिदामी लाल बकरी चराकर वापस घर लौट रहा था गाँव के ही किसान बाबूराम चक्रवर्ती के खेत में लगे समर पंप की बिजली केबिल जमीन पर बिछी है। केबिल में कटी होने के चलते घर लौटते समय उसका पैर समर सेबिल की कटी हुई केबिल पर पैर पड़ गया जिससे उसके बिजली का करेन्ट लग गया और वह जमीन पर गिर गया और भाई संजू की मौके पर ही मौत हो गई जब वह शाम को घर नही पहुँचा तो भाई खोजता हुआ खेतो की तरफ पहुँचा वह मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना भाई ने पुलिस और बिजली विभाग को दी सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुँचा और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को देने के बाद फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुँची और साक्ष्य एकत्रित कर। पुलिस ने मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया। मौत की सूचना जैसे ही परिजनो और पत्नी को हुई तो वह रोने बिलखने लगे मृतक युवक संजू के आठ बर्षीय बेटी सोनल, छह बर्षीय बेटा ऋतिक चार बर्षीय बेटा पंकज का व पत्नी ज्योति का रो रोकर बुराहाल हाल है। सूचना पर तहसीलदार भरथना दिलीप कुमार मौके पर पहुँचे। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार ने बताया कि भाई हरि शंकर की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ ग्राम नगला सिंह पहुँचे और बिजली करेंट से मरे संजू का शव पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया है अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नही मिला है।

# गोरक्षपीठाधीश्वर ने किया गुरु गोरखनाथ का पूजन



**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर में विजयदशमी पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ जी का विशिष्ट पूजन-अनुष्ठान किया। गोरक्षपीठाधीश्वर के विशेष परिधान में सीएम योगी ने पीठ की परंपरा का अनुसरण करते हुए गुरुवार प्रातःकाल विधि विधानपूर्वक श्रीनाथ जी की पूजा-आराधना कर लोकमंगल की प्रार्थना की। विजयदशमी के विशिष्ट पूजन की शुरूआत गोरखनाथ मंदिर में शक्तिपीठ से हुई जहां शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से जगतजननी आदिशक्ति की आराधना के अनुष्ठान चल रहे थे। शक्तिपीठ में वेदी पूजनोपरांत तथा लोक कल्याण की प्रार्थना करने के बाद सीएम योगी मंदिर के अन्य साधु-संतों के साथ, संस्कृत विद्यापीठ के आचार्यगण व वेदपाठी छात्रों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीनाथ जी के मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे। यहां विधि विधानपूर्वक महायोगी गोरखनाथ की पूजा की, आरती उतारी। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर में प्रतिष्ठित सभी देव विग्रहों का विशिष्ट पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करबद्ध होकर श्रीनाथ जी और सभी देव विग्रहों की परिक्रमा भी की। गोरक्षपीठाधीश्वर ने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ सहित अन्य संतों की समाधि स्थल पर भी शीश नवाया और पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान नाथपंथ के परंपरागत विशेष वाद्य यंत्र नागफनी, शंख, ढोल, घंट, डमरू की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्ति तरंगों से झंकृत हो रहा था। विजयदशमी के विशिष्ट पूजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के सुखमय, शांतिमय और समृद्धिमय जीवन की कामना की।

## संतों व श्रद्धालुओं ने लिया गोरक्षपीठाधीश्वर का आशीर्वाद

गोरखपुर। विजयदशमी के पावन पर्व पर गुरुवार दोपहर में गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर का पारंपरिक तिलकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर साधु-संतों ने गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को



तिलक लगाकर प्रणाम किया। पीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाया और आशीर्वाद प्रदान किया। इसके बाद गृहस्थ श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर को प्रणाम कर उनसे आशीष प्राप्त किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने सभी को विजयदशमी की शुभकामना के साथ आशीर्वाद दिया। तिलकोत्सव में शामिल सभी लोगों को प्रसाद और प्रसाद स्वरूप ही मंदिर के शक्तिपीठ की वेदी पर उगाए गए जई के ज्वारे दिए गए। तिलकोत्सव कार्यक्रम में सबसे पहले पीठ से जुड़े योगी, संत, पुजारी, पुरोहित आदि ने मंगलपाठ के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को तिलक लगाया। नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार उन्हें दंडवत प्रणाम किया। उसके बाद गृहस्थ श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से गोरक्षपीठाधीश्वर को प्रणाम निवेदित कर उनका आशीर्वाद व प्रसाद प्राप्त किया। तिलकोत्सव में सीएम योगी से आशीर्वाद लेने वालों में कई जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में संतजन और गृहस्थ श्रद्धालु शामिल रहे।

## विजयदशमी पर गोपूजन कर सीएम योगी ने की गोसेवा



गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में विजयदशमी के विशिष्ट पूजन के क्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मंदिर की गोशाला में गोपूजन किया। गोमाता के माथे पर तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। पूजनोपरांत मुख्यमंत्री ने गोमाता को प्रेम और श्रद्धाभाव से गुड़, पूड़ी और चावल का लड्डू खिलाकर उनकी सेवा की। गोसेवा के प्रति सीएम योगी बेहद संवेदनशील रहते हैं। उनका गोमाता और गोवंश से आत्मीय लगाव है। विजयदशमी पर गोपूजन करने के दौरान हमेशा की तरह उनकी आत्मीयता का भाव दिखाई दे रहा था। पूजन के साथ वह गोवंश को दुलारते भी रहे। विजयदशमी अनुष्ठान के दौरान गोरक्षपीठाधीश्वर ने भीम सरोवर का पूजन कर इसमें रहने वाली मछलियों को भी लाई खिलाया।

## नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प : मुख्यमंत्री



गोरखपुर। शारदीय नवरात्र और विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार चार दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के बावजूद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दें। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। इस दौरान उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जमीन जायदाद से जुड़ा विवाद पारिवारिक हो तो, संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से निस्तारण कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

# बंदी पर शराब ब्रिकी करने वाले पहुंचे सलाखों के पीछे

- **2 अक्टूबर को अधिक मुनाफा कमाने वाले 3 तस्कर हुए गिरफ्तार**
- **100 पौवा विंडीज बांड 200 एमएल बरामद**



**बाराबंकी।** कच्ची शराब माफियाओ के साथ सार्वजनिक बंदी पर अधिक मुनाफा कमाने वाले शराब तस्करो के खिलाफ आबकारी के अभियान मे विभाग को बड़ी सफलता हासिल हुई है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश एंव शराब बंदी का फायदा उठाकर सक्रिय होने वाले शराब तस्कर अब सलाखो के पीछे है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर की सख्ती का असर भी देखने को साफ मिला है। आबकारी अधिकारी के निर्देश पर विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल ने भारी मात्रा मे कच्ची शराब समेत अवैध तस्करो को भी दबोचा है। निरीक्षक ने अपने सर्किल अन्तर्गत सक्रियता दिखाते हुये ग्राम भिटरिया, बेलहानहर, मोहम्मदपुर चैराहा समेत 14 संदिग्ध स्थानों पर पुलिस के सहयोग से छापा मारा। मौके से देशी शराब के कुल 100 पौवा मसालेदार विंडीज बांड 200 एमएल को बरामद किया। जिसको 17 लीटर शराब के रुप मे मापा गया है। इतना ही नही सार्वजनिक बंदी का लाभ उठाकर राजस्व को चूना लगाने वाले व अपनी जेब गरम करने वाले 3 शराब तस्कर सलाखो के पीछे है। टीम ने ग्रामवासियो को जागरुक भी किया। और अवैध रुप से बिकने वाली शराब का सेवन न करने का संकल्प भी दिलाया। छापेमारी टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायण वर्मा, आबकारी सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा मौजूद रहे।

# दो दर्जन महिलाएं एसडीएम कार्यालय पहुंचीं, अंबेडकर की मूर्ति लगाने की मांग

सैफई, इटावा। बरौलीकला में अंबेडकर की मूर्ति हटाए जाने को लेकर शुक्रवार को विवाद फिर गरमाया। ग्राम की करीब दो दर्जन महिलाएं ज्ञापन लेकर एसडीएम सैफई के कार्यालय पहुंचीं और मूर्ति को पुनः स्थापित कराने की मांग की। महिलाओं का नेतृत्व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरजमुखी सुमन ने किया। ज्ञापन में उन्होंने मूर्ति को दोबारा स्थापित कराने की अपील की। ज्ञापन देने वाली महिलाओं में किरण कुमारी, शशि, सुनीता देवी, मीरा देवी, निधि, राम मूर्ति, किरण और प्रियंका देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। महिलाओं ने ज्ञापन में कहा कि हमारे घरों में खाना नहीं बन रहा है। हम लोग अपने संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पूजा करते हैं और उनकी प्रतिमा हमारे लिए आस्था का प्रतीक है। प्रतिमा को हटाकर थाने में रख दिया गया है, जिससे हम सब गहरे आहत हैं। शासन-प्रशासन से मांग है कि मूर्ति को जल्द से जल्द वहीं स्थापित कराया जाए जहाँ हमने लगाई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले में एकतरफा कार्रवाई कर सिर्फ महिलाओं को ही आरोपित बनाया जबकि असली षड्यंत्रकारी और कब्जा करने वाले लोग कार्रवाई के दायरे में नहीं आए। महिलाओं ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने और हटाई गई प्रतिमा को पुनः वही स्थापित कराने की मांग की। ज्ञापन में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनके पास पूर्व प्रधान द्वारा आवंटित गाटा संख्या 1636 की 338 वर्गमीटर भूमि का पट्टा रसीद मौजूद है, जिसे उन्होंने प्रमाण के तौर पर संलग्न कर रखा है।

# लंकेश का अहंकार हुआ चूर, धूं-धूं कर जला दंभ



**बाराबंकी।** जहां एक तरफ पूरे देश में विजयदशमी का उल्लास देखने को मिला। वही दूसरी तरफ सैकड़ों वर्ष पुरानी नगर की ऐतिहासिक रामलीला में इस बार रावण का काफिला और सजीव लीला मंचन देखने के लिए लाखो की भीड़ उमड़ी। नगर के प्रमुख मार्गो पर हजारों की संख्या में लोग रावण का काफिले और पुष्पक विमान की एक झलक पाने को बेताब दिखे। रामलीला मैदान में लीला मंचन मे रावण वध से पहले राम रावण की सेना में घमासान युद्ध व कला-संस्कृति, परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री राम रुपी सत्य की विजय और रावण रुपी असत्य की हार होते ही दशहराबाग स्थित रामलीला स्थल मे विशालकाय पुतले में आग लगाई। और धू-धू कर रावण का पुतला जल उठा और आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो गया। लीला मंचन शुरू कराते हुए लीला व्यास पंडित प्रमोद पाठक की संगीतमयी चैपाइयों ने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। रावण के रूप में अमर सिंह, अंगद के रूप में शिवांग पाठक, हनुमान के रूप में राजीव पाठक, विभीषण के रूप में रजत त्रिवेदी ने सफल मंचन किया। सरदार भूपेन्द्र सिंह की ओर से भव्य आतिशबाजी, आधुनिकतम हाइड्रोलिक मंच का प्रबंधन कुशल अग्रवाल व मंच संचालन रमेश निगम द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत, सांसद तनुज पुनिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, राजरानी रावत, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा संतोष सिंह, नगर पालिका अध्यक्षा शीला सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

## प्रमुख महासचिव प्रदीप को बनाया

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व जसवन्तनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा रवी यादव विधायक, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी विकास विक्की गुप्ता के नेतृत्व में प्रदीप कुमार यादव कलेपुरा कर्री बसरेहर को जिला प्रमुख महासचिव समाजवादी छात्रसभा का नियुक्त किया। जिलाउपाध्यक्ष छात्रसभा मो आरिफ हुसैन, लालू यादव, सुखबीर यादव, प्रदीप कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# रसूखदार दवा कारोबारियों का काला कारोबार आज भी संचालित

- **आमजन को मिल रही नकली दवा, बीमारियों का जिम्मेदार कौन?**
- **खत्म हुआ सितम्बर, अक्टूबर की शुरूआत, पत्राचार तक सीमित बरामदगी अभियान**
- **16 सितम्बर को विशाल इंटरप्राइजेज पर विभाग ने बरामद की थी आगरा कांड की दवाये**

भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की

**बाराबंकी।** प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिकी कर विशाल साम्राज्य स्थापित करने वाले धन्नासेठ व्यापारियों पर औषधि विभाग मेहरबान है। खुलेआम प्रतिबंधित दवाओ की ब्रिकी का गोरखधंधा संचालित है। छापेमारी के नाम पर एक को तीन, तीन को तेरह बनाने का खेल अब आमजन के सामने है। लेकिन कार्यवाही शून्य है? कागजी खानापूर्ति के लिये अभियान चलाये जाने का दावा करने वाला औषधि विभाग सिर्फ पत्राचार के सहारे तक ही सीमित है। 2 से 3 माह के बीच सैम्पल की रिपोर्ट आने के बाद विवेचना की कार्यवाही किये जाने का दावा विभाग का है। जबकि दवा की होलसेल मार्केट लखन मार्केट में प्रतिबंधित दवाओ का विशालकाय साम्राज्य स्थापित है। जो बरगद के पेड़ की जड़ की भाति फैला हुआ है। हर गली, हर मार्केट मे सैकड़ों की संख्या मे दुकाने संचालित है।

कुछ दुकानों का रजिस्ट्रेशन नही है, कुछ दुकानो पर व्यवसायीकरण नाम बोर्ड भी नही लगे है। कुछ दुकाने ऐसी है जंहा से सिर्फ प्रतिबंधित दवाओ का काला कारोबार का गोरखधंधा चल रहा है। लेकिन उसका रखवाला कौन है? जबकि सूत्र बता रहे है कि रसूखदार दवा कारोबारियों का काला कारोबार ऐसे ही दुकानों से आज भी संचालित हो रहा है। बिना विभाग की घेराबंदी के चल रहे इस काले कारोबार को रोकने वाला कोई नही है? प्रयास करने वाले दशकों पूर्व तत्कालीन निरीक्षक यह तो इनके रसूख के आगे घुटने टेक गये या फिर जुगाड़ की व्यवस्था के आगे नतमस्तक हो गये। जिसका स्पष्ट उदाहरण 16 सितम्बर 2025 की वह कार्यवाही है जिसके बचाव के लिये रसूखदारो के बड़े-बडे खेल भी अब सटीक फिट हो गये।

आगरा काड़ का प्रभाव भी बाराबंकी के दवा व्यवसाइयों पर फीका रहा। यंहा विशाल इण्टरप्राइजेज जो पूरे प्रदेश मे सुर्खियां बटोर रहा है। लेकिन उसके खिलाफ कार्यवाही करने की जहमत औषधि विभाग भी नही जुटा पाया। 16 सितम्बर को औषधि निरीक्षक अयोध्या आलोक कुमार त्रिवेदी और औषधि निरीक्षक बाराबंकी रजिया बानो की संयुक्त टीम द्वारा बाराबंकी की चर्चित लखन मार्केट मे अभियान चलाया गया। और मौके से विशाल इण्टरप्राइजेज की दुकान से आगरा कांड से सम्बधित औषधि एलेग्रा 120 एमजी बैंच नम्बर 5एनजी009 एंव बैंच नम्बर 5एनजी001 दवा को भारी मात्रा मे बरामद किया गया था। साथ ही भोला डिस्टीब्यूटर्स एंव एस0एस फार्मास्यूटिकल्स पर भी अभियान चलाये जाने का दावा विभागीय प्रेस नोट के अनुसार किया गया। 5 औषधियों का रैडिमली नमूना प्रयोगशाला भेजने का दावा भी विभाग ने किया है। कार्यवाही के नाम पर कारण बताओ नोटिस और लखनऊ औषधि निरीक्षक को पत्राचार किया जाना विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाता है। बात करे उक्त विशाल इंटरप्राइजेज की तो उनके रसूख के आगे विभाग द्वारा बरामद की गई आगरा कांड की दवाओ के बाद भी आखिर लाइसेन्स निरस्तीकरण की कार्यवाही अब तक क्यो नही की गई? सितम्बर से अक्टूबर की शुरूआत के बाद भी खानापूर्ति का दौर जारी है। जबकि सवाल यहा यह है कि प्रतिबंधित दवाये किसके इशारे मे बेची जा रही थी? आगराकाण्ड होने के बाद भी बाराबंकी मे दवाओं की ब्रिकी पर रोक क्यों नहीं लगाई गई? जबकि लखन मार्केट मे कई ऐसी दवा दुकाने संचालित है जिनमे आज भी खुलेआम प्रतिबंधित नशीली दवाओं का खेप स्टाक के रुप मे मौजूद है। लेकिन वहा तक पहुंच पाना विभागीय मठाधीशों के बस मे नही है? विशाल तो बानगी मात्र है कम समय मे ऊंचे मुकाम तक पहुंचने वाले धन्नासेठ दवा कारोबारियो के काले कारनामो से अर्जित काली कमाई के भागीदार कई लोग है। लेकिन आमजन को मिलने वाली नकली दवाओं और उनसे होने वाली बीमारियो का जिम्मेदार कौन है?

इस प्रकरण पर बात करने पर औषधि निरीक्षक रजिया बानो ने बताया कि 16 सितम्बर को छापेमारी अभियान के बाद लखनऊ औषधि निरीक्षक को पत्र लिख गया है। सैम्पल को जांच के लिये भेजा गया है। 2 से 3 माह के भीतर रिपोर्ट आ जाती है। रिपोर्ट के आधार पर विवेचना की कार्यवाही प्रारम्भ होती है।

# गांधी जयती पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने चलाया चरखा



बाराबंकी। आजादी के नायक महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के सिद्धान्तो पर चल कर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह दिन हमे शान्ति अहिंसा और सच्चाई के आदर्शो को याद करने और अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। उक्त उद्गार गांधी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम मे गांधी आश्रम मे चरखा चलाकर सूत काटने के बाद कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने व्यक्त किये। इसके उपरान्त कांग्रेस सांसद श्री पुनिया ने रामलीला मैदान मे शाति का प्रतीक कबूतर उड़ाकर दशहरा मेला का शुभारम्भ किया। तथा कहा कि आज ही के दिन भगवान श्री राम द्वारा रावण का वध किया गया था। और अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, के0सी0 श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, अवनीश गौतम, आनन्द रावत, आरडी0 राव, मुईनुद्दीन अंसारी मौजूद रहे।

## पूजा-अर्चना कर ढोल की धुन पर निकली मूर्ति विसर्जन यात्रा



बाराबंकी। 56वां शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव यूथ्स एसोसिएशन परिवार द्वारा नगरपालिका परिषद में पुरोहित मंनतोष गांगुली व प्रदीप चटर्जी के नेतृत्व में प्रात 10 बजे महादशमी पूजा ढ़ोल-ताशो की थाप मे सम्पन्न हुई। महादशमी पूजा मे जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, सी0जे0एम सुधा सिंह व अपर जिला जज श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने पहुंच मां का आशीर्वाद लिया। इसके उपरान्त 11 बजे दर्पण विसर्जन व दोपहर 2 बजे प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा नगरपालिका, निबलेट, बेगमगंज, बस स्टेशन होते हुये लखनऊ गोमती नदी की ओर प्रस्थान की। मूर्ति विसर्जन के दौरान पूजा महोत्सव मे बृजलाल सावलानी, राजेश गुप्ता किलटू, राजन शर्मा, अर्पित गुप्ता, रामधन मुखर्जी, रामभजन, राजेश सिंह, अजय चन्द्र शुक्ला, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एस0के शाह, शरदराज सिंह, रामेंद्र दीपक, प्रीति सिंह, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, डॉ0श्रीश सोनकर, रविनन खजांची मौजूद रहे। कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता किल्टू ने बताया कि आगामी 6 अक्टूबर को शाम 7:30 बजें लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया जायेगा।

## फरहान शकील के नेतृत्व में निकली यात्रा, उमड़ा जनसैलाब



इटावा। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 154वीं जयंती के पावन अवसर पर शहर में शानदार और विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फरहान शकील के संयोजन में निकाली गई यह 15वीं वार्षिक विशाल गाँधी जयंती यात्रा जबरदस्त उत्साह और जनसमर्थन के बीच पूरे शहर में संचालित हुई इस ऐतिहासिक यात्रा के मुख्य अतिथि बदायूं के सांसद आदित्य यादव रहे। उन्होंने मुख्य मार्ग पर हरी झंडी दिखाकर इस शानदार शोभायात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गाँधी जी के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और देश को आगे बढ़ने के लिए उनके मार्गदर्शन की आवश्यकता है यात्रा का संचालन मयंक विधौलिया ने किया एवं संयोजक फरहान शकील ने किया। पूरे मार्ग में जगह-जगह उनका और पूरी यात्रा का स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकताओं द्वारा गर्मजोशी और जोश के साथ स्वागत किया गया। लोग फूलमालाओं और मिठाइयों से यात्रा का अभिनंदन करते नजर आए यात्रा में हजारों की संख्या में जनपद एवं शहर के लोगों ने भाग लिया, जिससे एक जनसैलाब का दृश्य उपस्थित हुआ। प्रतिभागी महात्मा गाँधी अमर रहे, हिंदुस्तान जिन्दाबाद और सर्वधर्म समभाव के नारे लगाते हुए गाँधी जी के संदेशों को जीवंत कर रहे थे। यात्रा में रंगारंग झांकियाँ, बैंड तथा गाँधी के चित्रों से सजी तख्तियाँ भी शामिल थीं, जिन्होंने समारोह की शोभा को चार चाँद लगा दिया आज का जनसैलाब दशार्ता है कि इटावा की जनता के दिल में गाँधी के प्रति अगाध श्रद्धा है। इस अवसर इश्तियाक बैग, अब्दुल मालिक कुरैशी, दीपक बाथम, बाबर उमर, आमिर झप्पू, हाशिम मिर्जा, कुणाल सिंह, तहसीन सगीर, दानिश, उमैर कुरैशी, अनस खान, जुनैद खान, अरशद, जावेद खान, फैसल छोटू, इकबाल बल्लो, अख़्तर, दिलशाद कुरैशी, हैदर हुसैन, मालती यादव, सीमा पाल, प्रिंस पाल, बीटू यादव, गौरव यादव, प्रवीण कुशवाहा, अजेन्द्र गौर, मोना यादव, अनवर हुसैन, अनीता यादव, रेनू यादव, किशन यादव, आदित्य गोविन्द, हाजी रियाज, रौनक इटावी, इमरान बैग, नौशाद अहमद, शोएब रंगरेज, ऋषभ यादव, टंटी यादव, सुनील यादव, आशीष राजपूत, सर्वेश शाक्य, रागवेंद्र गौतम विधायक भर्थना, मौजूद रहे।

## डीएम ने गांधी जयंती पर ध्वजारोहण किया



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट भवन पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वी जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण किया एवं उपस्थित जनों द्वारा राष्ट्रगान का गायन भी किया गया। उनके द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रगान के उपरांत राष्ट्र की रक्षा और उसकी एकता तथा अखंडता सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को शॉल भेंटकर, माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज दो महापुरुषों का जन्म दिवस है, जिन्होंने अपने जीवन को सादगी विनम्रता त्याग के साथ व्यतीत किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों महापुरुषों ने जो कहा वह करके दिखाया शब्द और कर्म में कोई अंतर नहीं समझा एवं हम उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलें तभी हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि गांधीजी के विचार आज भी प्रासंगिक आदर्श है, उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का उस समय नवनिर्मित राष्ट्र निर्माण में अप्रतिम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता पर महात्मा गांधी ने संवाद शैली खुशहाल भारत की कल्पना की थी हम सब को उनके सपनों को साकार करना है। कार्यक्रम का संचालन संजय वर्मा द्वारा किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने छह रोग चिकित्सालय में टीवी रोगियों को फल वितरण किए गए एवं उनके जल्द स्वास्थ होने की कामना की गई। इसके बाद विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में भगवान बुद्ध एवं महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, क्षय रोग अधिकारी डा. श्रीनिवास यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# जुरेल ने पहला टेस्ट शतक सेना को समर्पित किया

## ध्रुव जुरेल, जडेजा और राहुल की शतकीय पारियों से भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा





अहमदाबाद। विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक भारतीय सेना को समर्पित करते हुए कहा कि उनके मन में हमेशा रणभूमि में उनके योगदान के लिए सम्मान रहा है। वहीं विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (125), हरफनमौला रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (100) की शतकीय पारियों से भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर सिमटी थी। भारत ने पांच विकेट शेष रहते 286 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस दिया।

पिच पर गेंदबाजों के पैर वाले निशान से स्पिनरों को मिल रहे असामान्य उछाल को देखते हुए वेस्टइंडीज के लिए अब पारी की हार को टालना भी मुश्किल होगा। दिन का खेल खत्म होते समय जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर (नौ रन) क्रीज पर मौजूद थे। चौबीस साल के जुरेल ने भारतीय पारी के 116वें ओवर में वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज के खिलाफ चौके के साथ 190 गेंद में टेस्ट करियर का अपना पहला शतक पूरा किया तो वहीं शानदार लय में चल रहे जडेजा ने इसके 10 ओवर बाद वारिकन के खिलाफ एक रन चुरा कर 168 गेंद में अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। इस मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मुकाबले में 140 रन बनाने वाले जुरेल ने 210 गेंद की पारी में 15 चौके और तीन छक्के जड़े। जडेजा ने थोड़ी तेजी से बल्लेबाजी करते हुए अब तक 176 गेंद की पारी छह चौके और पांच बड़े छक्के लगा चुके हैं। दोनों ने दिन के दूसरे और तीसरे सत्र में पूरी तरह से हावी होते हुए पांचवें विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी कर मैच में वेस्टइंडीज के लिए वापसी के रास्ते को लगभग बंद कर दिया। जुरेल ने शतक पूरा करने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। वह खारे पियरे की गेंद पर विकेटकीपर शाई होप को कैच देकर आउट हुए। पियरे के टेस्ट करियर का यह पहला विकेट है। इससे पहले कप्तान शुभमन गिल (100 गेंदों पर 50 रन) और लोकेश राहुल (197 गेंदों पर 100 रन) व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने के तुरंत बाद आउट हो गए। राहुल ने घरेलू सरजमीं पर नौ साल के सूखे को खत्म करते हुए अपना दूसरा और करियर का 11वां टेस्ट शतक जड़ा। राहुल ने 197 गेंद की पारी में 12 चौके जड़े है। घरेलू सरजमीं पर राहुल ने इससे पहले 2016 अपना पहला शतक जड़ा था। उन्होंने तब इंग्लैंड के खिलाफ 199 रन की पारी खेली थी। दूसरे सत्र के शुरुआती ओवर में ही राहुल के आउट होने के बाद जुरेल ने भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। इसके कुछ देर के बाद जडेजा ने जोमेल वारिकन के खिलाफ दो छक्के जड़े अपने तेवर दिखाये। वारिकन ने गेंदबाजों के पैर से बने पिच के खुरदुरे हिस्से पर गेंद को टप्पा खिलाकर बल्लेबाजों को परेशान करने की रणनीति अपनाई लेकिन इस जोड़ी ने कदमों के इस्तेमाल के साथ उनकी योजना को कारगर नहीं होने दिया। दोनों ने बड़ा शॉट खेलने का कोई भी मौका जाया नहीं किया। इस दौरान गेंद को क्षेत्ररक्षकों से दूर रख कर रन भी चुराते रहे। भारतीय टीम ने दिन की शुरुआत दो विकेट 121 रन से की। राहुल ने कप्तान गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी कर भारत को बढ़त दिला दी। शानदार लय में चल रहे गिल अर्धशतक पूरा करने के बा चेज की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। राहुल ने एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी की और दिन की शुरुआत में उन्हें भाग्य का भी साथ मिला जब सील्स की गेंद विकेटकीपर और पहली स्लिप के बीच से निकल गयी। राहुल और गिल ने इसके बाद कोई गलती किये बिना आसानी से रन बनाये।

# विश्व चैंपियनशिप में मीराबाई चानू ने रजत पदक जीता



फोर्डे (नॉर्वे)। स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने यहां विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में उनका शानदार रिकॉर्ड और मजबूत हो गया, जहां वह पहले भी दो बार पदक जीत चुकी हैं। चानू 2017 की विश्व चैंपियन और 2022 की रजत पदक विजेता हैं, उन्होंने कुल 199 किग्रा (स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा) वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क में पूर्व विश्व रिकॉर्ड धारक चानू ने 109 किग्रा, 112 किग्रा और 115 किग्रा भार आसानी से उठाया। पिछली बार उन्होंने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में 115 किग्रा भार उठाया था, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। चानू ने कहा कि मैं पोडियम पर जगह पाकर खुश हूं। अगस्त में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मेरे पिछले प्रदर्शन के बाद इससे मुझे आने वाले वर्ष के लिए बहुत आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि अब हर प्रतियोगिता 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की मेरी तैयारी का हिस्सा है। आगामी राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल उस यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव होंगे। मेरा ध्यान कड़ी मेहनत करने, हर प्रतियोगिता से सीखने और देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है। मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में चानू का पोडियम पर पहुंचना उनकी निरंतरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह उनके करियर के एक बेहद अहम दौर की शुरुआत है क्योंकि अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल लॉस एंजिलिस ओलंपिक से पहले उनके लिए अहम परीक्षा होंगे। अब ध्यान उनकी तकनीक को निखारने, उनकी ताकत बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने पर है कि वह सही समय पर अपने प्रदर्शन के चरम पर पहुंचें। उत्तर कोरिया की री सोंग गम ने 213 किग्रा वजन (91 किग्रा और 122 किग्रा) ने कुल भार और क्लीन एवं जर्क के अपने आखिरी दो प्रयास में 120 और 122 किग्रा वजन उठाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकचारोन ने 198 किग्रा वजन (88 किग्रा और 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक जीता।

# स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया



गुवाहाटी। लिंसे स्मिथ की अगुआई में अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराकर अपने अभियान की जबर्दस्त शुरूआत की।

इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर आउट करके ही परिणाम लगभग तय कर दिया था। स्मिथ ने सात रन देकर तीन विकेट लिये। यह दक्षिण अफ्रीका का महिला विश्व कप इतिहास में दूसरा न्यूनतम स्कोर था। जवाब में इंग्लैंड ने 14 . । ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज एमी जोंस ने 40 और टैमी ब्यूमोंट ने 21 रन का योगदान दिया। इससे पहले इंग्लैंड के लिए स्मिथ के अलावा कप्तान नेट स्किवर ब्रंट (पांच रन देकर दो विकेट), सोफी एक्लेस्टोन (19 रन देकर दो विकेट) और चार्ली डीन (14 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर हो गई, उसके लिए विकेटकीपर बल्लेबाज सिनाओ जाफ्टा (22 रन) ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। पिच से गेंदबाजों को मदद मिल रही थी और टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करने वाली इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में ही स्मिथ को गेंद थमा दी जिसका फल उसे तुरंत ही मिल गया। स्मिथ ने दूसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर एक आसान रिटर्न कैच लपककर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट को आउट कर दिया। फिर स्मिथ ने चौथे ओवर में टैजमिन ब्रिट्स को और छठे ओवर में अनुभवी मारिजाने काप को बोल्ड कर दिया। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने सुने लुस का विकेट झटका जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम छह ओवरों में 19 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी और इन झटकों से टीम उबर ही नहीं सकी। मजबूत बल्लेबाजों के लगातार आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर काफी दबाव आ गया था। टीम की बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए। इंग्लैंड की कप्तान साइवर ने क्लो ट्रायोन और नादिन डी क्लार्क को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें और बढ़ा दीं। इससे उसकी वापसी की संभावना भी खत्म हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज जाफ्टा ने कुछ संघर्ष दिखाया जिससे वह दक्षिण अफ्रीका को आईसीसी के सबसे बड़े टूर्नामेंट में अपने सबसे कम 51 रन के स्कोर पर सिमटने से ही बचा सकीं।

# मैंने कड़ी मेहनत का आनंद लेने और शतक बनाने पर काम किया है: राहुल



अहमदाबाद। भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने एक दशक से भी ज्यादा के करियर में घरेलू मैदान पर सिर्फ दो टेस्ट शतक जड़े हैं लेकिन उन्होंने शुक्रवार को कहा कि वह इसे सुधारने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन करने वाले राहुल ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन अपना 11वां शतक जड़ा जबकि इससे पहले घरेलू मैदान पर शतक 2016 में चेन्नई में इसी टीम के खिलाफ लगा था। दिन का खेल खत्म होने के बाद जब राहुल से घरेलू मैदान पर बने सिर्फ दो शतकों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, नहीं पता, सच में। लेकिन मैंने पिछले एक साल में अपनी बल्लेबाजी की लय बनाए रखने पर काम किया है। बस उन सभी दौर का आनंद ले रहा हूं जो मेरे लिए इतने रोमांचक नहीं होते। राहुल ने कहा कि वह घरेलू मैदान पर खेलते हुए एक और दो रन लेने पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह ऐसा पहले नहीं कर पाते थे। जब आप विदेश में अतिरिक्त उछाल के साथ स्विंग वाली परिस्थितियों में खेलते हैं तो ऐसा करना बहुत चुनौतीपूर्ण होता है। और जब आप घर वापस आते हैं और जब तीन स्पिनर खेल रहे होते हैं तो आपको एक रन लेकर स्कोर बढ़ाने की जरूरत होती है क्योंकि बाउंड्री इतनी आसानी से नहीं लगतीं। यह ऐसी चीज है जिस पर मैंने काम किया है और मुझे इसका आनंद लेने के लिए मानसिक बदलाव की जरूरत थी। मैंने कड़ी मेहनत का आनंद लेने के साथ एक या दो रन बनाकर शतक बनाने पर काम किया। मैंने पिछले एक साल में इसी पर काम किया है। मुझे लगता है कि यही एकमात्र अंतर है जो मैं पहले घरेलू मैदान पर खेलते समय उतना अच्छा नहीं कर पाता था।

# जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंचे भुल्लर

जकार्ता। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर वर्षा से बाधित जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के शुरुआती दो दौर में एक समान पांच अंडर 65 का कार्ड खेल शुक्रवार को दूसरे स्थान पर रहे। भुल्लर अब थाईलैंड के पावित टांगकमोलप्रासर्ट (64-65) से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं, हालांकि दूसरे दिन का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है। सैंतीस साल के खिलाड़ी ने पहले दौर की शुरुआत ईगल के साथ की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पहने दिन का खेल पूरा नहीं कर पाये। उन्होंने शुक्रवार को सुबह अपने पहले दौर को पूरा किया और फिर दूसरे दौर के बाद अपना कुल स्कोर 10 अंडर कर लिया। भुल्लर के एशियन टूर पर कुल 11 खिताब हैं, जिनमें से पांच जीतें उन्होंने इंडोनेशिया में हासिल की हैं। अब वह इस देश में अपनी छठी जीत की तलाश में हैं। अन्य भारतीयों में एस. चिक्कारंगप्पा ने पहले राउंड में 69 और दूसरे में 67 का स्कोर किया। वह संयुक्त 26वें स्थान पर है।

# सेंथिलकुमार, चोटरानी चार्लोट्सविले ओपन के क्वार्टर फाइनल से बाहर

नयी दिल्ली। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी अमेरिका के चार्लोट्सविले में आयोजित 31,250 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता चार्लोट्सविले ओपन स्क्वैश के अपने-अपने क्वार्टर फाइन मैचों में हार गए।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार को बृहस्पतिवार को सलमान खलील के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मिस्र के खिलाड़ी ने सेंथिलकुमार पर 12-10, 9-11, 11-8, 11-3 से जीत हासिल की। सातवीं वरीयता प्राप्त चोटरानी अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त टिमोथी ब्राउनेल से 6-11, 11-9, ।-11, 6-11 से हार गए।

# प्रणय, लक्ष्य, अश्विनी ने भारतीय टीम का मनोबल बढ़ाया



गुवाहाटी। एच एस प्रणय ने इसे जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर बताया, लक्ष्य सेन ने खिलाड़ियों से घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाने की सलाह दी जबकि अश्विनी पोनप्पा ने अपने अभ्यास और कौशल पर भरोसा रखने के संदेश के साथ विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले 25 सदस्यीय भारतीय टीम का हौसला बढ़ाया।

बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 का आयोजन छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होगा। भारत 17 साल के लंबे अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारत ने इससे पहले 2008 में पुणे में इसकी मेजबानी की थी। प्रणय ने कहा कि विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करना शायद जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है। प्रणय 2010 में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन के प्रमुख सितारों में से एक बन गए थे। उन्होंने कहा कि यह जूनियर खिलाड़ियों के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का एक मौका है। यह पहला कदम है। यहां से आपको पता चल जाएगा कि अगले कुछ वर्षों में क्या उम्मीद करनी है, । अब आप सीनियर स्तर पर पहुंचने के करीब हैं। भारतीय टीम के ज्यादातर सदस्य अत्याधुनिक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीई) में प्रशिक्षण ले रहे हैं। लक्ष्य ने एकाग्रता और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। यह आपका घरेलू मैदान है। घरेलू समर्थन और परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए यह एक शानदार प्रतियोगिता है।

## पेज एक का शेष

### नागरिकों की

एकता एवं अखंडता के लिए और हर नागरिक के जीवन एवं देश की रक्षा के लिए, जब भी जरूरत होगी, हम किसी भी सीमा को पार कर जाएंगे। मंत्री ने रक्षा निर्यात को लेकर कहा कि जब 11 साल पहले राजग सरकार ने सत्ता संभाली थी तब देश का निर्यात लगभग 600 करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 24,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने अनुमान लगाया कि 2029 तक यह आंकड़ा 50,000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा। सिंह ने आत्मनिर्भरता की दिशा में देश के बढ़ते कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विदेशों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है ।उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए एक समझौता कर चुकी है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकल फॉर ग्लोबल और वोकल फॉर लोकल के नारे का जिक्र करते हुए कहा कि देश अब खिलौनों से लेकर टैंक तक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का उत्पादन कर रहा है ।सिंह ने कहा, भारत दुनिया का विनिर्माण केंद्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया का कारखाना बनकर उभरेगा। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भारत 2030 तक 7.3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है ।सिंह ने राष्ट्रीय विकास में जैन समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि जैन समुदाय भारत की कुल आबादी का मात्र 0.5 प्रतिशत है लेकिन कुल कर संग्रह में उसका योगदान 24 प्रतिशत है ।उन्होंने कहा, चाहे औषधि क्षेत्र हो, विमानन हो या शिक्षा क्षेत्र, जैन अपने अनुशासित और मूल्य-आधारित जीवन के कारण अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी, तेलंगाना के आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) एवं उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू, भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष एन रामचंदर राव भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### पुतिन ने

दूर कर सकता है। उन्होंने रूस और भारत के बीच आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं का उल्लेख किया लेकिन इन अवसरों को पूरी तरह से भुनाने के लिए कुछ विशिष्ट मुद्दों को हल करने की आवश्यकता को भी स्वीकार किया ।उन्होंने तुलना करते हुए बताया कि रूस और भारत के बीच व्यापार लगभग 63 अरब अमेरिकी डॉलर का है और बेलारूस के साथ यह 50 अरब अमेरिकी डॉलर है। पुतिन ने जोर देकर कहा, भारत की जनसंख्या 1.5 अरब और बेलारूस की आबादी एक करोड़ है। यह स्पष्ट रूप से हमारे संभावित अवसरों के अनुरूप नहीं है। पुतिन ने कहा, हमें अपने अवसरों और संभावित लाभों को प्राप्त करने के लिए सभी प्रकार के मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है। उन्होंने वित्तपोषण, साजो-सामान और भुगतान संबंधी बाधाओं को प्रमुख चिंताएं बताया ।पुतिन ने इस बात को भी रेखांकित किया कि रूस की भारत के साथ कभी कोई समस्या नहीं रही या आपसी तनाव नहीं रहा। कभी भी नहीं। पुतिन ने रूस-भारत संबंधों की सोवियत संघ के दिनों से विशेष प्रकृति पर प्रकाश डाला जब भारत अपनी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा था।

### बापू और शास्त्री

कारीगरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिलेगा सम्मान मिलेगा और यह रोजगार-स्वरोजगार में बढ़ोतरी के साथ देश की आर्थिक समृद्धि का भी कारण बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता सर्वाधिक पसंद था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के जरिए स्वच्छता को एक नई ऊंचाई दी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। इससे नारी गरिमा को सम्मान मिला है, साथ ही बीमारियों से बचाव और लोगों को लोगों की आर्थिक बचत भी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वच्छता हमारी पहचान और भारत का ब्रांड है। मुख्यमंत्री ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शास्त्री जी स्वाधीनता आंदोलन के अग्रणी पंक्ति के सेनानी थे। वह बापू के प्रखर अनुयायी तथा स्वदेशी से स्वावलंबन के पक्षधर थे। कृषि क्षेत्र की आत्मनिर्भरता का एक मॉडल शास्त्री जी ने दिया था। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा देकर खाद्यान्न क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के संकल्प को मजबूत किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, भाजपा के महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, नगर निगम कार्यकारिणी के उप सभापति पवन त्रिपाठी आदि भी मौजूद रहे।

### बदले नामों

ताड़का, मारीच, शूर्पणखा के सहयोगी रहे होंगे। इसी तरह बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने लोग पूर्व जन्म में दुर्योधन और दुशासन के शागिर्द रहे होंगे। ऐसे लोगों को से समाज को सतर्क रहना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म, अन्याय और अत्याचार के पर्याय रावण पर विजय प्राप्त कर प्रभु श्रीराम द्वारा रामराज की स्थापना के शंखनाद का पर्व है। रामराज हर देशकाल स्थिति में अक्षरशः सही है। इसीलिए सनातनी लोग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के उपकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने को रावण का पुतला दहन करते हैं और श्रीराम का अभिनंदन करके उनका वंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने धरा पर सबसे चरित्रवान व्यक्तित्व की लेखनी से मानव को मार्गदर्शन देने के लिए जब अपनी लेखनी उठाई तो उन्होंने श्री राम को साक्षात धर्म का रूप पाया। उनके अनुसार राम में धर्म के सभी आग्रह मौजूद हैं। श्रीराम हर सनातनी के रोम-रोम और श्वांस में बसे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 90 के दशक में जब संचार के साधन काफी कम थे तब दूरदर्शन पर प्रसारित रामायण सीरियल की रीच 66 करोड़ से अधिक थी। इतना लोकप्रिय धारावाहिक कोई भी नहीं हुआ। कारण यह कि राम की कथा सबके लिए प्रेरणादायी है। कोरोना काल में भी जब इसका प्रसारण हुआ तो यह सर्वाधिक लोकप्रिय धारावाहिक सिद्ध हुआ। राम हर एक आयोजन के जरिए कुछ न कुछ संदेश देकर हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का कारण बनते हैं।

### अगली बार

तौर पर इस बार पूरी तरह तैयार है और वह ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान दिखाए गए संयम का परिचय इस बार नहीं देगा। इस बार हम एक कदम आगे बढ़ेंगे और इस तरह से काम करेंगे कि पाकिस्तान यह सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि वह दुनिया के नक्शे पर बना रहना चाहता है या नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर पाकिस्तान दुनिया के नक्शे पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे सरकार प्रायोजित आतंकवाद को रोकना होगा। थलसेना प्रमुख ने सैनिकों से तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा, अभी से पूरी तरह तैयार रहो, अगर ईश्वर ने चाहा तो जल्द ही मौका आएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया को पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों की मौजूदगी के सबूत दिए।

### विसर्जन के

वाले पाडलफाटा गांव के घरों के सामने से जब बच्चों की अर्थियां उठीं, तो उनके माता-पिता के कलेजे फट गए और उनको संभालना ग्रामीणों के लिए बेहद मुश्किल हो गया। इन लोगों के अंतिम संस्कार के दौरान पाडलफाटा के युवक सावन दांगोड़े ने पीटीआई-भाषा से कहा, हादसे के बाद गांव का हर व्यक्ति गहरे शोक में डूबा है क्योंकि बड़ी तादाद में बच्चों की मौत के बाद लग रहा है जैसे हमारा भविष्य हमसे दूर चला गया है। ये बच्चे ही गांव का भविष्य थे। पाडलफाटा गांव में जहां नन्हे श्रद्धालुओं की मौत को लेकर गम है, वहीं प्रशासन को लेकर थोड़ा गुस्सा भी है ।दांगोड़े ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही के कारण हुए हादसे में गांव के 11 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा, जिस तालाब में इन लोगों की डूबकर मौत हुई, वहां 25 से 30 गांवों के लोग दुर्गा देवी की मूर्ति का विसर्जन करने आते हैं, लेकिन प्रशासन ने वहां किसी ऐसे सरकारी कर्मचारी को तैनात नहीं किया था जो श्रद्धालुओं को तालाब की गहराई को लेकर सचेत करता।

### मूर्ति विसर्जन

व्यथित ग्रामीणों ने पुलिस और खनन माफिया को मौतों का जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि जेसीबी से खोदे गए गहरे गड्ढों की जानकारी न होने के कारण यह बड़ी जनहानि हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। तीन लोगों गगन (26) और ओमपाल (32) और भगवती (20) के शव गुरुवार देर शाम मिल गए थे, जबकि एक युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। दूसरी ओर विगत दिवस ही ताजगंज थाना क्षेत्र में करबना के रहने वाले ऋषभ और प्रियांशु के बीते कल नगला तलफी के पास यमुना में डूब गये थे। इनके लिए भी देर रात तक सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन यमुना में पानी का बहाव तेज होने के कारण ये माना जा रहा है कि ये बहते हुए दूर तक चले गये हैं। आज सुबह तक तक इन दोनों युवकों का भी कोई पता नहीं चल पाया था। सुबह से फिर तलाश शुरू कर दी गई है।

### भारतीय संस्कृति

कि यहां की हरियाली और वन्यजीव दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, इसलिए राज्य सरकार पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाने के साथ प्रकृति और वन्यजीवों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड इकोनॉमी, इकोलॉजी और टेक्नोलॉजी के संतुलन पर काम कर रहा है। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि हर जिले में कम से कम एक नया पर्यटन स्थल चिन्हित कर विकसित किया जाए।

